मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.1 | 17.1 |
| जमशेदपुर | 30.3 | 15.8 |
| डालटनगंज | 27.6 | 13.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * *




www.lagatar.in मंगलवार, 06 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 289 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



विधानसभा का विशेष सत्र पहला दिन

## चंपई ने कहा : हेमंत है तो हिम्मत है, हां, यह सरकार हेमंत पार्ट-2 है, उनके ही कार्यों को आगे बढ़ाएंगे

- मत विभाजन में सत्ता पक्ष को 47 और विपक्ष को मिले 29 मत
- निर्दलीय सरयू राय रहे तटस्थ सदन में मौजूद थे 77 विधायक

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने की सरकार के कार्यों की सराहना, विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए कहा, तो क्यों हटा दिया गया हेमंत को

# सोरेन सरकार पास

कौशल आनंद। रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को 29 के मुकाबले 47 मत से विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया. सरकार के पक्ष में 47 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 29. निर्दलीय विधायक सरयू राय तटस्थ रहे. सत्ता पक्ष के एक विधायक रामदास सोरेन ने बीमार होने की वजह से कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया. वहीं स्पीकर डॉ रवींद्र नाथ महतो की गणना नहीं हुई. जबकि एक सीट गांडेय रिक्त है. यानी कि सरकार को 49 विधायकों का समर्थन प्राप्त है. भाजपा की ओर से अमित कुमार यादव अनुपस्थित रहे. सरकार के विपक्ष में भाजपा के 25, आजसू के 3 और एनसीपी के एक विधायक ने मतदान किया. इस प्रकार चंपई सरकार ने सदन में अपना विश्वास मत हासिल कर लिया. विश्वास मत के दौरान सदन सदन मे कुल 77 विधायक मौजूद थे.

इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 6 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी. इससे पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपना अभिभाषण दिया. जिसमें उन्होंने सरकार के कार्यों की सराहना की. इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों जमकर हूटिंग और नारेबाजी की. सत्ता पक्ष के विधायकों का कहना था कि अगर यह सरकार इतना अच्छा काम कर रही थी, तो क्यों साजिश के तहत हटा दिया गया.

**हेमंत बाबू का काम विपक्ष को रास नहीं आया :** विश्वास मत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हेमंत है, तो हिम्मत है. हां, हमारी सरकार हेमंत पार्ट-2 है. हम हेमंत बाबू के कामों को आगे बढ़ाएंगे. मगर अफसोस के कहना पड़ रहा है कि 2019 में राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन की अगुवाई वाले गठबंधन को अपना समर्थन दिया. इसके बाद सरकार बनी. मगर सरकार बनते ही कोरोना जैसी महामारी आ गयी. इस कठिन समय में भी हेमंत बाबू ने अपनी नेतृत्व क्षमता से लोहा मनवाया. जीवन और जीविका दोनों को ख्याल रखा. एक भी भूख से नहीं मरा. मजदूरों को हवाई जहाज से लाकर उन्हें जीविका भी प्रदान की.

उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद हेमंत बाबू की सरकार ने काम शुरू किया. ऐसा-ऐसा काम किया, ऐसी-ऐसी योजना लाए कि आज जन-जन को उसका लाभ मिल रहा है. जन-जन तक हेमंत सोरेन का गुणगान हो रहा है. मगर अफसोस की बात रही कि सरकार गठन के बाद से हेमंत सरकार को अस्थिर करने और उसे गिराने का प्रयास शुरू हो गया. जब इसमें भाजपा को सफलता नहीं मिली, तो एक साजिश के तहत उन्हें कुर्सी से हटा दिया. जेल भेज दिया. झारखंड गठन के बाद सबसे अधिक समय तक यहां शासन किसने किया. किसने राज्य को पीछे धकेल दिया. यह सब जानते हैं. हेमंत बाबू ने विकास की ऐसी लकीर खींची कि शहर और गांव की खाई कम हुई. विकास ग्रास रूट तक गया. हेमंत बाबू ने कुशल नेतृत्व किया जिसे विपक्ष पचा नहीं पाया.





## कैबिनेट का विस्तार कल, हेमंत ने सीएम को दिया मंत्रिमंडल का खाका

विधानसभा में बहुमत हालिस कर लेने के बाद सीएम चंपई सोरेन बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं. सरकार का विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन की कार्रवाई खत्म होते ही हेमंत सोरेन ने सीएम चंपई सोरेन को दूसरी तरफ ले जाकर बैठ गए और लंबी मंत्रणा की. हेमंत ने अपने पॉकेट से एक कागज निकाल कर उसे चंपई सोरेन को सौंपा और करीब 20 से 25 मिनट तक बातचीत की. ऐसा माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने मंत्रिमंडल का खाका और विभागों के बंटवारा की सूची चंपई सोरेन को सौंप दी है. मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 7 फरवरी को अपने बाकी बचे मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराएंगे और मंत्रिपरिषद का विस्तार करेंगे. उसी दिन देर शाम तक मंत्रालय का भी बंटवारा कर दिए जाने की संभावना है. जानकारी के अनुसार 4 वर्षों से रिक्त पद 12वां बर्थ भी इस बार भरा जाएगा. संभावना यह भी है कि मंत्रि परिषद की 12वीं बर्थ कांग्रेस के खाते में आ सकती है.

## मेरी गिरफ्तारी में भाजपा के साथ राजभवन की अहम भूमिका : हेमंत

हेमंत सोरेन ने भाजपा को उन पर भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे. झामुमो नेता ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी. हेमंत ने कहा, मैं भाजपा को मेरे खिलाफ आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं. आरोप साबित हुए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा. हेमंत ने कहा, हालांकि, मैं अब आंसू नहीं बहाऊंगा. मैं उचित समय पर सामंती ताकतों को जवाब दूंगा. दावा किया कि आदिवासियों को अपना धर्म छोड़ने के लिए मजबूर किया जाएगा क्योंकि बीआर आंबेडकर को भी बौद्ध धर्म में जाने के लिए मजबूर किया गया था. भाजपा आदिवासियों को अछूत समझती है. इससे पहल जब हेमंत सदन में पहुंचे तो गठबंधन के विधायकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के साथ उनका स्वागत किया.

## इरफान-अकेला ने मंत्री पद पर दावा ठोंका

चंपई सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद कांग्रेस- झामुमो में मंत्री पद की चाहत बढ़ गयी है. कांग्रेस की बात करें तो विधायक इरफान अंसारी और उमा शंकर अकेला ने शुभम संदेश से बातचीत में कहा कि जब हेमंत सरकार का गठन हो रहा था तब कांग्रेस आलाकमान ने ढाई-ढाई साल और दूसरे टर्म के विधायकों को मौका देने का फॉर्मूला तय किया था. समय आ गया कि आलाकमान अपने पूर्व के निर्णय को लागू करे. इरफान ने कहा कि वे दूसरे टर्म के विधायक हैं, सबसे अधिक वोट से जीत कर आए हैं, एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखते हैं. इसलिए उनकी दावेदारी बनती है. पूर्व कांग्रेस प्रभारी ने खुद कहा था कि मौजूदा मंत्रियों की परफॉर्मेंस ठीक नहीं, उन्हें बदला जाएगा. इसलिए कांग्रेस आलकमान के पास सारी जानकारी है. अब फैसला ले. हालांकि दोनों विधायकों ने कहा कि जो आलाकमान का फैसला होगा, वह सर्वमान्य होगा.

## हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, कोई कानून से ऊपर नहीं : बाउरी



**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है. हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है. उन्होंने कहा कि क्या इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिखकर नहीं देती है, राज्य सरकार लिखकर देती है. केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा. राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है. हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं. विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग की बात करें, तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया. इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया.

### भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया

अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया. शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा. एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया. बाउरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है. उसने मधुकोड़ा को सीएम बनाकर जेल भेजने का काम किया. शिबू को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया. कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत बाबू इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते. कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो. उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है. उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया. गौरव दिवस मना कर आदिवासियों को किसने पहचान दिलाई. यह सभी काम भाजपा ने किए. कांग्रेस जिसके साथ रही है, उसे दीमक की तरह खाने का कम करती है. इसके कई उदाहरण हैं.




# 50% आरक्षण को कांग्रेस सरकार उठा कर फेंक देगी : राहुल गांधी

रवि भारती। रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अगर देश में कांग्रेस की सरकार बनी, तो पहला कदम देश में जाति जनगणना कराने का होगा. वर्तमान में रिजर्वेशन (आरक्षण) 50 फीसदी से अधिक नहीं मिलता. कांग्रेस की सरकार आई, तो इसे उठा कर फेंक देंगे. आदिवासी, दलित और पिछड़ों के रिजर्वेशन में कोई कमी नहीं आएगी. हर हाल में उनका हक मिलेगा. राहुल गांधी सोमवार को धुर्वा के शहीद मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि जीएसटी से छोटे-व्यापारियों को कोई फायदा नहीं हुआ. छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया गया. पीएम मोदी ने नोटबंदी कर छोटे बिजनेस वालों को समाप्त ही कर दिया. इससे सिर्फ अडाणी और अंबानी को ही फायदा हुआ. जबतक दिल्ली की सरकार नहीं बदलेगी, तब तक युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता.

**झारखंड में भाजपा ने सरकार गिराने की साजिश की :** राहुल ने कहा कि बीजेपी झारखंड में आदिवासी सीएम को एक्सेप्ट नहीं कर सकती. इस लिए सरकार हटाने की कोशिश की. कांग्रेस और जेएमएम की एकजुटता के कारण सरकार बच गई. ये हर प्रदेश में सीबीआई, ईडी, आइटी का प्रयोग कर यही काम करते हैं. राहुल गांधी ने कहा कि सरना कोड हर हाल में देना होगा. गोदी मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि इनके मालिक हमारे मित्र नहीं हैं.

**एचईसी को कभी बंद नहीं होने देंगे, देश की है पूंजी:** राहुल ने कहा कि मोदी की सरकार पब्लिक सेक्टर का धीरे-धीरे गला घोंट रही. बीजेपी चाहती है कि आने वाले समय में एचईसी का नाम बदल कर अडाणी का नेम प्लेट लगा दिया जाए. इसे प्राइवेट कर दिया जाए. लेकिन एचईसी में जो सालों से खून-पसीना दिया है, उनको कांग्रेस बेरोजगार नहीं होने देगी. अडाणी का नाम एचईसी पर नहीं लगने देंगे. यह देश की पूंजी है, उद्योगपतियों की नहीं. भेल, एचएएल, इंडियन ऑयल को मोदी सरकार अडाणी को देना चाहती है. यहां के लोगों को तंग किया जा रहा है. रोजगार से हटाया जा रहा. अडाणी की कंपनी का लिस्ट निकाल कर देंखे तो मैनेजमेंट में एक भी पिछड़ा दलित, गरीब नहीं मिलेगा.

**बीजेपी और आरएएस ने देश में फैला रखी है नफरत:** गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस ने नफरत व हिंसा फैला रखी है. झारखंड में गठबंधन की सरकार ने बीजेपी और आरएसएस की साजिश को रोका. मणिपुर से दूसरी बार भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं. इस यात्रा में न्याय शब्द डाला गया है. झारखंड में इस यात्रा को अपार समर्थन मिला.

## राहुल ने चलाई 200 किलो कोयला लदी साइकिल



**रामगढ़।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी कोयलांचल से गुजरे. सोमवार को रामगढ़ से रांची जाने के क्रम में चुटूपालू घाटी में कोयला ढो रहे मजदूरों को देख कर राहुल ने काफिले को रोक दिया. उन्होंने कोयला मजदूरों का दर्द बांटा और उनसे उनकी हालत पर चर्चा की. राहुल खुद कोयला लदी साइकिल खींचने लगे. राहुल ने कहा कि 200 किलो वजन लेकर रोजाना 30-40 किमी चलने वाले इन युवाओं की आय नाम मात्र है. बिना इनके साथ चले, बिना इनके भार को महसूस किए, इनकी समस्या को नहीं समझा जा सकता. इन श्रमिकों की जीवन गाड़ी धीमी पड़ी, तो समझिए कि भारत निर्माण का पहिया भी थम जाएगा.

## चुनाव प्रचार व रैलियों में बच्चों की 'नो इंट्री'

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों से कहा कि वे पोस्टर एवं पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें. दलों को भेजे परामर्श में आयोग ने दलों और उम्मीदवारों की ओर से चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरीके से बच्चों का इस्तेमाल किए जाने के प्रति अपनी कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति से अवगत कराया.

आयोग ने कहा कि नेताओं और उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी तरीके से नहीं करना चाहिए, चाहे वे बच्चे को गोद में उठा रहे हों या वाहन में या फिर रैलियों में बच्चे को ले जाना हों. किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है.

## राहुल गांधी ने घर पहुंच कर कल्पना सोरेन से की मुलाकात



**रांची।** राहुल गांधी ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से यहां मुलाकात की. जयराम रमेश ने कहा कि गांधी ने जनसभा से कुछ मिनट पहले कल्पना से मुलाकात की. दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक बातचीत हुई. राहुल ने गठबंधन के विधानसभा के पटल पर भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने के बाद यह मुलाकात की. रमेश ने यह जानकारी नहीं दी कि इस दौरान क्या बातचीत हुई, लेकिन बताया गया कि राहुल सांत्वना देने पहुंचे थे.

पीएम का लोस में संबोधन

देखते जाइए आनेवाले चुनाव में भाजपा 370 और एनडीए होगा 400 के पार

# जिसने भी देश को लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा : नरेंद्र मोदी

शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली

संसद के बजट सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया. इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जमकर अटैक किया. उन्होंने राहुल गांधी, अधीर रंजन का नाम लिए बिना निशाना साधा. परिवारवाद पर पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर घेरा. पीएम ने पहले-दूसरे कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं, तीसरे का खाका खींचा. उन्होंने कहा कि पहले कार्यकाल में कांग्रेस के गड्ढे भरे. दूसरे में नए भारत की नींव रखी. तीसरे में भारत का नवनिर्माण करेंगे. उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश को लूटा है उन्हें आज नहीं तो कल लौटाना पड़ेगा.

पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर घेरा



### हम सबने 370 खत्म होते देखा

पीएम ने कहा कि जिन उपलब्धियों का देश लंबे समय से इंतजार कर रहा था, वे सारे काम हमने दूसरे कार्यकाल में पूरे होते देखे. हम सबने 370 खत्म होते देखा... नारी शक्ति वंदन अधिनियम दूसरे कार्यकाल में कानून बना. अंतरिक्ष से लेकर ओलम्पिक तक, सशस्त्र बलों से संसद तक नारी शक्ति के सामर्थ्य की गूंज उठ रही है. 10 वर्षों में पर्यटन क्षेत्र में अभूतपूर्व उछाल आया है. सामान्य से सामान्य व्यक्ति को भी रोजगार देने वाला और स्वरोजगार की सबसे ज्यादा संभावनाओं वाला यह क्षेत्र है. 10 वर्ष में एयरपोर्ट दोगुने बढ़े हैं.

### कांग्रेस को इतना बड़ा ओबीसी नहीं दिखता

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और यूपीए सरकार ने ओबीसी के साथ न्याय नहीं किया. कुछ दिन पहले ही कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया गया. 1970 में जब वे बिहार के सीएम बने, तो उनकी सरकार को अस्थिर करने के लिए क्या-क्या नहीं किया गया. कांग्रेस ओबीसी को बर्दाश्त नहीं कर सकती. वे गिनती करते हैं कि सरकार में कितने ओबीसी हैं. क्या आप (कांग्रेस) यहां सबसे बड़ा ओबीसी नहीं देख सकते? हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल अब ज्यादा दूर नहीं है. सिर्फ 100-125 दिन बाकी हैं. मैं संख्याओं पर नहीं जाता, लेकिन मैं देश का मूड देख सकता हूं. इससे एनडीए 400 के पार पहुंच जाएगा और भाजपा को 370 सीटें जरूर मिलेंगी. तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े फैसले लेने वाला होगा. मोदी ने कहा कि नौ दिन चले, अढाई कोस. मुझे लगता है कि यह कहावत पूरी तरह से कांग्रेस पर फिट है. उसकी सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं है. आज देश में जिस रफ्तार से काम हो रहा है, कांग्रेस सरकार इस रफ्तार की कल्पना भी नहीं कर सकती थी. भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा और यह मोदी की गारंटी है.

### देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत

मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाने में विफल रही. मैंने हमेशा कहा कि देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है. मैं देख रहा हूं कि बहुत लोग चुनाव लड़ने का हौसला भी खो चुके हैं. मैंने सुना है बहुत लोग सीट बदलने की फिराक में हैं. बहुत लोग लोस के बदले अब राज्यसभा में जाना चाहते हैं. वे विपक्ष के तौर पर जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे. मैंने हमेशा कहा है कि देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है. पीएम ने कहा- विपक्ष के संकल्प की सराहना करता हूं. आपने लंबे वक्त तक बाहर रहने का संकल्प लिया. जनता जरूर विपक्ष को जवाब देगी. अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे बहुत से लोग.

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली का मामला

# हम लोकतंत्र की हत्या इस तरह नहीं देख सकते: चीफ जस्टिस

एजेंसी। नयी दिल्ली

चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई में तीन जजों ने मामले को सुना. चीफ जस्टिस ने प्रिजाइडिंग ऑफिसर का वो वीडियो भी देखा, जिसमें वह वोटों को कथित रूप से रद्द कर रहा है. सीजेआई ने कहा कि यह लोकतंत्र का मजाक है. जो कुछ हुआ उससे हम बस स्तब्ध हैं.

सीजेआई ने कहा कि हम लोकतंत्र की हत्या की इजाजत नहीं दे सकते. सीजेआई ने पूरा वीडियो पेश करने को कहा और नोटिस जारी किया है. सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को चुनौती देने वाली कुलदीप कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया है. बता दें कि पूरा रिकॉर्ड पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार के पास सभी दस्तावेज और सभी वीडियो प्रूफ के साथ रखा जाएगा.

### हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के पास से जब्त होगा पूरा रिकॉर्ड

सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि मेयर चुनावों का पूरा रिकॉर्ड हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल के पास से जब्त कर लिया जाए और वीडियोग्राफी को भी संरक्षित रखा जाए. मामले को 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया.

**अफसर पर केस दर्ज हो :** चीफ जस्टिस ने कहा कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने (प्रिजाइडिंग ऑफिसर) ने मतपत्रों को खराब किया. उन पर केस चलाया जाना चाहिए. कैमरे में देखने पर कहा कि वह कैमरे की तरफ क्यों देख रहे. क्या रिटर्निंग ऑफिसर का यही व्यवहार होता है. कृपया उसे बताया जाए कि सुप्रीम कोर्ट उस पर नजर रख रहा है. जरूरत पड़ी तो चंडीगढ़ में फिर से मेयर का चुनाव कराया जाएगा.

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

# झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त समृद्ध बनाना है : राज्यपाल

भाषा। रांची

झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि उनका काम झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध बनाना है. उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विश्वास मत हासिल करने की कोशिश के लिए बुलाए गए राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा, पिछले कई वर्षों से सरकार ने लोगों के विकास के लिए काम किया है.अब हमारा काम प्रगति जारी रखना और झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध बनाना है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सदन में पहुंचने पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और करीब पांच मिनट तक केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सभी अपनी सीट पर खड़े हो गये. सभी विधायक ईडी अपना केस वापस लो के नारेबाजी की. नारेबाजी के बीच राज्यपाल का भाषण जारी रहा. शोर गुल के बीच राज्यपाल राज्य सराकर के काम की सराहना करते रहे.

### राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने लगाए नारे



### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की

राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सरहाना की. राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार झारखंडी लोगों को एक स्वच्छ और साफ-सुथरी सरकार देने को वचनबद्ध है. विधि व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर में सुधार हुआ है. एक साल से सरकार ने कई ऐसी काम किये, जिसका फायदा जनता खास कर रूरल पब्लिक को मिल रहा है. हमारा राज्य हर एरिया में विकास के नये आयाम तय कर रहा है. उद्योग एरिया में भी कई काम हुए. प्रदीप यादव ओर हेमंत खड़े हो गये. कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही थी तो इसे क्यों अपदस्थ किया गया. राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जोहार के साथ समाप्त किया.

भाजपा पर बरसे आलमगीर आलम

## विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा आपने शुरू की



विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं. हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है. आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां विधायकों को बाहर ले जाने का काम किया. यह परंपरा आपने शुरू की है. कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया. भाजपा के एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया. ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जाएगा, वो जेल जाएगा. भाजपा अपने गिरेबान में झांकें.

### गलत नहीं हैं तो करें सामनाः सुदेश महतो



सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं. खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपई दा मुख्यमंत्री बने हैं. व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया. इसलिए वो झारखंड आंदोलन की बात न करें. जब आप गलत नहीं हैं तो सामना करें. भागे क्यों रहे थे.



## झारखंड में विफल हो गया 'ऑपरेशन लोटस' : कांग्रेस

संवाददाता। रांची/ दिल्ली

कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के बहुमत साबित करने के बाद सोमवार को कहा कि प्रदेश में भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' विफल रहा है तथा यह जनता की ताकत को साबित करता है. चंपई सोरेन सरकार ने सोमवार को सदन में विश्वासमत हासिल कर लिया. कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन का विश्वास मत हासिल करना लोगों की शक्ति को साबित करता है. हम लोकप्रिय रूप से चुनी हुई सरकार हैं और ईडी लोगों की आवाज को खत्म नहीं कर सकती. ईडी जैसी एजेंसियों का उपयोग करके लोकतंत्र को नष्ट करने के केंद्र के फासीवादी प्रयासों का पूरी ताकत से विरोध किया जाएगा. उन्होंने कहा, उन्होंने (भाजपा ने) झारखंड के आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों की सरकार पर हमला किया और लोकसभा चुनाव में उन्हें उनके गुस्से का सामना करना पड़ेगा. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, हमने आसानी से विश्वास मत जीता है. भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' असफल हो गया है. पहले उन्होंने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया, उनसे इस्तीफा दिलवाया. फिर उन्होंने चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण में देरी की. उन्होंने कहा, यह सरकार एक वर्ष के शेष कार्यकाल तक बनी रहेगी और हमने जो काम किया है उसके आधार पर हम झारखंड के लोगों के पास नए जनादेश के लिए जाएंगे.

# सत्ता पक्ष के विधायकों का हंगामा कांग्रेस विधायक वेल में भी आए

विशेष संवाददाता। रांची

## राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जोहार के साथ समाप्त किया, सदन में गहमागहमी नजर आयी

झारखंड की राजनीति के लिए सोमवार का दिन बड़ा रहा. झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को दो दिवसीय राज्य विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विश्वास मत हासिल किया. सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक विधानसभा में मौजूद रहे. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी विधानसभा पहुंचे. उन्हें कड़ी निगरानी में ईडी की टीम लेकर आई थी. उनके आते ही सत्ता पक्ष के विधायकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, जय झारखंड और शिबू सोरेन जिंदाबाद जैसे के नारे लगाये. हेमंत सोरेन सत्ता पक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों से मिले.

राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सबसे पहले विधायक प्रदीप यादव अपनी जगह से खड़े होकर हंगामा करने लगे. वो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बता रहे थे. सत्ता पक्ष के कई सारे विधायक हाय-हाय का नारा लगाने लगे. राज्य सरकार को अस्थिर करने और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बताया. विधायकों ने ईडी अपना केस वापस लो की नारेबाजी की. राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जोहार के साथ समाप्त किया. अमर बावरी जब बोल रहे थे तो कांग्रेस विधायक वेल में भी आ गए.

**हेमंत सोरेन बाहरी लोगों की सलाह के चक्कर में जेल चले गये : अमित मंडल :** भाजपा विधायक अमित मंडल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहरी लोगों की सलाह के चक्कर में जेल चले गये. इसलिए वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वह ऐसे लोगों से बचें. नहीं तो उन्हें परेशानी आएगी.



### रघुवर दास भी आरोप से बच नहीं सकते : विनोद



माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आज पूरा सदन बीजेपी के खिलाफ खड़ा है. इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया. प्रफुल्ल पटेल छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण है. भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं. रघुवर दास भी जमीन घोटाले की आरोपी रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए. अगर रघुवर दास को बचाने के लिए यहां से ओडिशा भेज दिया गया और वहां संवैधानिक पद पर बैठा दिया गया. भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये. भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जाये और जांच करे.

### ये गोडसे का विचार रखने वाले लोग हैं : प्रदीप यादव



प्रदीप यादव ने कहा कि बीजेपी से पूछे कि आजादी के बाद 50 साल तक आरएसएस के ऑफिस में तिरंगा झंडा क्यों नहीं फहराया. ये लोग लोकतंत्र और गांधी की बात करेंगे. कांग्रेस के इतिहास और भूमिका पर बात करेंगे. ये लोग नाथू राम गोड्से के विचारधारा वाले लोग हैं. यह लोग गांधी को एक ढोंगी बनकर याद करते हैं. इनसे लोकतंत्र और देश की आजादी की लड़ाई का जिक्र शोभा नहीं देता है.

### क्यों किए गए 10 करोड़ खर्च : भानु



भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायकों को 10 करोड़ देकर चार्टर्ड प्लेन में बैठाया गया. क्योंकि कांग्रेस के कई विधायक नाराज थे. हैदराबाद से लौटने के बाद भी सर्किट हाउस में कई विधायकों को दक्षिणा दिया गया. इसका मतलब साफ है कि सरकार के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है.

### अपने विधायकों की रखवाली करनी पड़ रही



भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कैसी सरकार है, जिसे अपने विधायकों की रखवाली करनी पड़ रही है. उन्होंने कहा कि सरकार को अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं है

मंथन हेमंत सोरेन ने 20 मिनट तक सीएम चंपई सोरेन से की मंत्रणा

# 7 फरवरी को हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

कौशल आनंद। रांची

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सदन की कार्यवाही संपन्न होने के बाद सदन के अंदर ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से करीब 20 मिनट तक अकेले में मंत्रणा की. इस दौरान हेमंत सोरेन हाथ में एक कागज लिए हुए थे, जिसे देखकर वे चंपई सोरेन को ब्रीफ कर रहे थे. एक-एक चीज कागज देखकर बताते नजर आए. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी उनकी बातों को ध्यान से सुन रहे थे.

ऐसा समझा जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने चंपई सोरेन सरकार का आगामी दिनों होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार, मंत्रियों के नाम और विभागों को लेकर बातचीत की. इधर सत्ता के गलियारे से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 7 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं और उसी दिन देर शाम तक विभागों का बंटवारा कर सकते हैं.

### राज्य सरकार का रिक्त 12वां बर्थ कांग्रेस के खाते में जाने की संभावना



विगत चार साल से हेमंत सरकार में रिक्त रहे 12 वां बर्थ को भी वर्तमान चंपई सोरेन सरकार में भरे जाने की संभावना प्रबल हो गयी है. मिली जानकारी के अनुसार सरकार में रिक्त 12वां बर्थ कांग्रेस के खाते में जा सकता है. कांग्रेस कोटे से पुराने मंत्री ही रहेंगे या उन्हें बदला जाएगा, इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है, क्योंकि कांग्रेस प्रभारी समेत पूरी कांग्रेस फिलहाल राहुल गांधी के झारखंड दौरे में व्यस्त है. 6 फरवरी को राहुल गांधी के जाने के बाद मंत्रियों के नाम और पोर्टफोलियो तय किया जाएगा. मगर आ रही जानकारी के अनुसार तकनीकी रूप से झाविमो विधायक प्रदीप यादव को कांग्रेस कोटे से जगह मिल सकती है.

### झामुमो कोटे में है छह बर्थ सीता-बसंत ने नाम आगे

झामुमो कोटे की बात करें तो हेमंत सोरेन सरकार में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सहित चंपई सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, हफीजुल हसन, बेबी देवी आदि मंत्री थे. इसमें अब चंपई सोरेन सीएम बन चुके हैं. अब भी छह बर्थ झामुमो के खाते में है. मिल रही जानकारी के अनुसार नयी चंपई सोरेन सरकार में झामुमो कोटे के मंत्रियों में फेरबदल संभव है. जानकारी के अनुसार सोरेन परिवार के दो सदस्य सीता सोरेन (शिबू सोरेन की बड़ी बहू) और बसंत सोरेन (शिबू सोरेन के छोटे पुत्र) को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है. यानि की पुराने किस चेहरे को रिप्लेस किया जाएगा, यह देखने वाली बात होगी. हालांकि अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है, मगर सीएम के साथ हुई मंत्रणा में इस बात का जिक्र जरूर हुआ होगा.

CLASSIFIED







































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | मंगलवार, 06 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 289 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# जमीन हड़पने का कागज दीजिए, संन्यास ले लूंगा, झारखंड छोड़ दूंगा : हेमंत सोरेन

***विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पूरे फॉर्म में नजर आए. उनके बॉडी लैंग्वेज से कहीं यह नहीं लगा कि वे जरा भी टेंशन में या दुखी हैं. हम यहां सदन में हेमंत सोरेन द्वारा दिया भाषण हूबहू छाप रहे हैं.***

## विधानसभा में पूर्व सीएम का भाषण हूबहू

शुभम संदेश नेटवर्क



अध्यक्ष महोदय. मैं आज इस सदन में आदरणीय चंपई सोरेन जी के विश्वास मत का हिस्सा बन रहा हूं और हमारी पूरी पार्टी और पूरा गठबंधन दल उनको समर्थन करता है. और मैं कहना चाहूंगा 31 जनवरी की जो काली रात, काला अध्याय, देश के लोकतंत्र में नए तरीके से जुड़ा है. 31 तारीख की रात को देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री का गिरफ्तारी हुई हो, मेरे संज्ञान में नहीं है. मुझे लगता है कि ये पहली घटना है. और मुझे लगता है कि इस घटना को अंजाम देने में कहीं ना कहीं राजभवन भी शामिल रहा है. और जिस तरीके से ये घटना घटित हुई है, मैं बहुत आश्चर्यचकित हूं, इसलिए कि मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं. नियम कायदे कानून की जानकारी का थोड़ा अभाव रहता है. बौद्धिक क्षमता हमारे विपक्ष के बराबर नहीं है. लेकिन सही गलत की समझ, तो हर इंसान भी रखता है और हर जानवर भी रखता है. अध्यक्ष महोदय, बड़े सुनियोजित तरीके से बड़े लंबे समय से 2022 से ही 31 तारीख की घटना की पटकथा लिखी जा रही थी. बड़े ही सुनियोजित तरीके से उस पकवान को बहुत धीमी आंच में पकाया जा रहा था. लेकिन इनका पकवान पकने को तैयार नहीं है. लेकिन येन-केन प्रकारेण इस आधे अधूरे पकवान को अपने लिए परोसा और बड़े ही सुनियोजित तरीके से मुझे अपनी गिरफ्त में लिया है. और आज कहीं न कहीं ऐसा लगता है कि बाबा भीम राव अंबेडकर जी का जो सपना था, सभी वर्ग के लोग एक समान प्लेटफॉर्म पड़ आए. बराबरी की राह पर चले. मुझे लगता है कि जिस तरीके से बाबा भीम राव अंबेडकर को भी अपना समाज छोड़ कर बौद्ध धर्म अपनाना पड़ा, वैसे ही आदिवासी समाज को करने की तैयारी हो रही है. बड़ा सुनियोजित तरीके से, अनेक काल खंड को देखेंगे, तो आदिवासी, दलित, पिछड़ों पर जो अत्याचार हुए है, वह नए-नए रूप में, नए-नए शक्ल में दिखते रहे हैं. आज उसी का जीता जागता उदाहरण 31 जनवरी की रात देखने को मिला है. और आज कहीं न कहीं इन वर्गों के प्रति जो हमारे सत्ता (केंद्र) पक्ष की घृणाएं हैं, न जाने इनकी घृणाएं, इनको इतनी ताकत कहां से मिलती है, ये हमारे समझ से परे है. इतनी घृणा, इतना द्वेष आदिवासी, दलितों व पिछड़ों के प्रति. इससे अंदाजा होगा कि इन्हीं के पाले हुए तंत्र, यह कहते शर्माते नहीं कि ये जंगल में थे, तो जंगल में ही इनको रहना चाहिए. हम जंगल से बाहर आ गए, इनके बराबर बैठ गए, तो इनके कपड़े मैले होने लगते हैं. ये हमें अछूत देखते हैं. और इन्हीं विडंबना को तोड़ने के लिए हमने एक प्रयास किया था. क्योंकि झारखंड आदिवासी दलित पिछड़ा राज्य है. इन सबों को आगे बढ़ने का, इनका मार्ग प्रशस्त करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी. इनका बस चले तो हम अब भी जंगल में जा करके वही 50-100 साल पुरानी जिंदगी में जिएं. और मुझे इसका आभास था. जो इनके अंदर छिपी कुंठा है, वो आए दिन ये बयां करती थी. इनके आचरणों से, इनके बयानों से. लेकिन हमने हार नहीं मानी है अध्यक्ष महोदय. इनको लगता है कि मुझे जेल की सलाखों के अंदर डालकर ये अपने मंसूबों में सफल हो जाएंगे. ये झारखंड है अध्यक्ष महोदय. ये देश का ऐसा राज्य है, जहां हर कोने आदिवासी दलित पिछड़े वर्गों से अनगिनत सिपाहियों ने अपनी कुर्बानी देकर यहां के आदिवासी-दलित की जान बचायी. देश आजादी के ये लोग सपने भी नहीं देखते थे, तब से आदिवासी अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं. ये तो बहुत बाद में आये, लेकिन बौद्धिक सपन्नता, आर्थिक संपन्नता, आज तक इन लोगों ने देश का गांधी टोपी नहीं पहनी.

> ***31 जनवरी की काली रात आजाद भारत की पहली घटना, मेरी गिरफ्तारी में राज्यपाल की भी भूमिका : हेमंत***

अध्यक्ष महोदय, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, जिनको देश के विशेष और काफी संवेदनशील व्यवस्थाएं कही जाती हैं. जहां करोड़ों रुपए, 12 लाख करोड़, 14 लाख करोड़ रुपए डकार कर इनके सहयोगी विदेश में जाकर बैठे हुए हैं, उनका एक बाल बांका करने की औकात नहीं. इनके पास औकात है, देश के आदिवासी दलित पिछड़े के ऊपर और बेगुनाहों के ऊपर अत्याचार करने का.

आज मुझे किस लिए अरेस्ट किया गया. 8.5 एकड़ जमीन के घोटाले के लिए. अगर है हिम्मत तो कागज पटक कर दिखाए, कि 8.5 एकड़ का जमीन हेमंत सोरेन के नाम पर है. अगर होगा तो मैं उस दिन से राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा. जब ये राजनीतिक रूप से नहीं सकते हैं. तो ऐसे ही बैकडोर से, पीठ पर हमला करते हैं.

अध्यक्ष महोदय, मैं आंसू नहीं बहाऊंगा. आंसू वक्त के लिए रखूंगा. आप लोगों के लिए आंसुओं का कोई महत्व नहीं है.आदिवासी पिछड़ो के आंसुओं का. वक्त आने पर इनके एक-एक सवालों का जवाब, इनके षडयंत्र का जवाब बड़े माकूल तरीके से दिया जाएगा. लेकिन दुर्भाग्य है इस राज्य का, तथाकथित राज्य के कुछ लोग, जो ऐसे सामंती विचार वालों के चरणों में झुक कर उनकी सेवा और पूजा अर्चना में लगे हैं. नहीं तो इस राज्य की इतनी दुर्दशा नहीं होती. राज्य अलग हुए 24 साल हो गए. किसने सबसे अधिक राज किया इस राज्य में. ये मुझे बोलने की जरूरत नहीं है. किसी को बताने की भी जरूरत नहीं. सब अपने गिरेबां में देखें. सबको पता है. कौन कहां बैठा. किसने क्या काम किया. घोटाले इनको 2019 से ही नजर आ रहे. 2000 से नजर नहीं आ रहे. आज ये नहीं चाहते कि देश का आदिवासी, दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक देश के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे. ये नहीं चाहते कि ये जज बनें, ये नहीं चाहते कि ये राजनेता बनें. आईएएस-आईपीएस बनें.

-शेष पेज 7 पर...

## प्रदूषण व सड़क दुघर्टनाओं के खिलाफ आजसू का प्रदर्शन

# टाटा स्टील का परिवहन ठप

संवाददाता।कतरास



विरोध प्रदर्शन करते आजसू समर्थक

1 बालू-कोयला ढुलाई से उड़ रही धूल, लोग हो रहे बीमार

2 इलाके के लोग हो रहे गंभीर बीमारियों के शिकार

3 आंदोलन से लग गयी जगह-जगह वाहनों की लंबी कतार

सिजुआ भेलाटांड़ में व्याप्त प्रदुषण की समस्या को लेकर आजसू पार्टी समर्थक सोमवार को सड़क पर उतर आए और भेलाटांड़ मोड़ पर टाटा स्टील कंपनी के बालू व कोयला परिवहन वाहनों को रोक दिया. साथ ही टाटा सिजुआ में कांटा घर को घेर कर बंद करवा दिया. आंदोलन से जगह-जगह वाहनो की लंबी कतार लग गई.

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि सह आजसू नेता सचिन कुमार महतो ने कहा कि नियम के विपरीत कोयला व बालु ढुलाई के प्रदूषण के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. हर दिन सड़क दुर्घटना के लोग शिकार हो रहे हैं. विगत 3 माह में आधा दर्जन लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं. भेलाटांड़ मार्ग पर मालकेरा से बालू, जोगता व मुनीडीह के लिए कोयला ढुलाई होती है. इस दौरान सड़क पर काफी मात्रा में बालू व कोयले को कण गिरते हैं. पीडब्ल्यूडी की सड़क होने के कारण पानी का छिड़काव भी नही होता. इसके कारण सड़क पूरी तरह खतरनाक बन गई है. कहा कि कोयला व बालू ढुलाई में ट्रांसपोर्टर द्वारा नियम का पालन नही किया जाता है. सिजुआ क्षेत्र में बढ़ रहे वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर टाटा कंपनी में चलने वाले वाहन ट्रांसपोर्ट नियम की घोर अनदेखी कर रहे हैं. आम जनमानस का जीवन संकट में गुजर रहा है. लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं. परिवहन कंपनी व स्थानीय प्रबंधन का इस ओर कोई ध्यान नही है. कहा कि प्रदूषण और खतरनाक बन चुकी सड़क के मामले में लगातार प्रबंधन को पत्राचार कर अवगत कराया गया, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला है.

## हाइवा की चपेट में आने से दो की मौत

**तिसरी (गिरडीह)।** तिसरी-खिजुरी मार्ग पर गम्हरियाटांड स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की देर शाम हाइवा की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत हो गई. जबकि एक का हालत इलाज चल रहा है. तीनों बाइक सवार बरदौनी गांव के बताए जा रहे हैं. मृतक का नाम बुधन हेम्ब्रम और तालो हेम्ब्रम है. राजेश मरांडी घायल है.बताया जाता है कि तीनों युवक बाइक से खिजुरी से तिसरी आ रहे थे. इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी. जिससे बुधन हेम्ब्रम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश और तालो गंभीर रूप से घायल हो गये. इस बीच हाइवा चालक फरार हो गया. वहीं मुखिया किशोरी साव समेत अन्य लोगों की भीड़ जुट गई. 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन करते हुए घटना की जानकारी तिसरी थाने को दी गयी. एंबुलेंस से दोनों युवकों को स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया. इसी बीच तालो हेम्ब्रम ने भी दम तोड़ दिया. तिसरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

# 260 अरब कमाने वाला धनबाद रेल मंडल 30 वर्षों से बीमार

## 12 रेलवे स्वास्थ्य केंद्रों में एक भी चिकित्सक नहीं, 4 में हैं गिने-चुने

संवाददाता।धनबाद

हर साल 260 अरब रुपये कमाने और भारतीय रेलवे में नंबर वन का खिताब हासिल करनेवाला धनबाद रेल मंडल 30 वर्षों से बीमार है. 16 में 12 रेलवे स्वास्थ्य केंद्रो में एक भी चिकित्सक नहीं है. 4 केंद्रों में गिने-चुने चिकित्सक हैं, जो कभी कभार ही आते-जाते हैं. सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के अस्पतालों के लिए पिछले 30 वर्षों से एक भी चिकित्सक की बहाली नहीं हुई है. धनबाद रेल मंडल में 189 रेलवे स्टेशनों में सिर्फ गोमो, कोडरमा, चोपन व बरकाकाना स्टेशन के पास स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक बैठते हैं. जानकारी के अनुसार धनबाद रेल मंडल में लगभग 26 हजार रेलकर्मी कार्यरत है.

26 हजार रेलकर्मी परिवार के स्वास्थ्य की चिंता रेलवे अधिकारियों को नहीं है. अधिकारी सिर्फ माल ढुलाई कर हर साल आमदनी बढ़ाने में लगे रहते हैं. पावर प्लांट व अन्य कंपनी के मालिकों के साथ बैठक नयी योजना बनाते हैं कि अधिक से अधिक कोयला पहुंचा सके, लेकिन रेलकर्मी परिवार के स्वास्थ्य की चिंता नहीं करते हैं. रेलवे अधिकारी सिर्फ रेलवे के पैनल में शामिल निजी अस्पतालों के भरोसे हैं, जो चाहते हैं कि यहीं उनका इलाज हो जाएगा. जबकि मिशन हॉस्पिटल दुगार्पुर समेत कई निजी अस्पतालों ने बकाया राशि नहीं देने पर रेलकर्मी परिवार का इलाज करना बंद कर दिया है.





- धनबाद रेल मंडल के अस्पतालों के लिए 30 वर्षों से नहीं हुई चिकित्सक की बहाली
- गोमो (मुख्य), कोडरमा, चोपन व बरकाकाना स्वास्थ्य केंद्र में बैठते हैं चिकित्सक

### अधिकारियों ने रेलवे अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी बनाने के कई बार किये दावे

रेलवे के आला अधिकारी कई बार दावे कर चुके हैं कि रेलवे अस्पतालों को महानगरों के तर्ज पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनायेंगे, ताकि सभी बीमारी का इलाज हो सके, लेकिन वर्तमान में एक्स-रे छोड़कर कोई जांच नहीं की सुविधा नहीं है. अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन समेत रक्त-मूत्र के कई प्रकार की जांच निजी लैब में होता है, जो रेलवे के पैनल में शामिल है. धनबाद मंडल के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सब-डिवीजनल अस्पताल, पतरातू में कुछ सुविधाएं हैं, परंतु चिकित्सक नहीं है. गोमो (मुख्य), कोडरमा, चोपन व बरकाकाना स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक बैठते हैं, लेकिन गझंडी, हजारीबाग रोड, गोमो (लोको), भूली, धनबाद (लोको), पाथरडीह, कतरासगढ़, पतरातू (डीजल), टोरी, बरवाडीह, गढ़वा रोड व सिंगरौली स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं हैं. यहां रिटायर होने के बाद चिकित्सकों की बहाली नहीं हुई. रेलवे के अधिकारी तो बड़े अस्पतालों में इलाज करा लेते हैं, लेकिन सुदूर इलाकों में काम करनेवाले रेलकर्मी व उनके परिवार के सदस्यों को काफी परेशानी होती है.

# हेमंत को तत्काल राहत नहीं, 12 को फिर होगी सुनवाई

संवाददाता।रांची



- हाईकोर्ट ने ईडी से 9 फरवरी तक मांगा है जवाब

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत से हेमंत सोरेन को तत्काल कोई राहत नहीं मिली है. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने ईडी से जवाब मांगा. कोर्ट ने ईडी को 9 फरवरी तक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तिथि निर्धारित की.

**एससी/एसटी केस के खिलाफ ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की :** उधर, ईडी ने अपने अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर को चुनौती देते हुए झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया है. ईडी के अधिकारियों ने प्राथमिकी निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट के याचिका दायर की है.

दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के कई अधिकारी कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार समेत अन्य के खिलाफ रांची के एससी/एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी है. एसटी एससी थाना कांड संख्या 06/24 दर्ज किया गया है.

### ईडी बड़गाईं के हल्का कर्मी से 4 दिन करेगी पूछताछ

हेमंत और भानु को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ की तैयारी ईडी जेल में बंद बड़गाईं के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद से चार दिनों तक पूछताछ करेगी. सोमवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है. भानु पर भूमि के सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने, मूल रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है. भानु प्रताप पहले से ही लैंड स्कैम से जुड़े केस में जेल में हैं और अब उन्हें उस मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानु प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की.

# राजा सिंह हत्याकांड: 6 गिरफ्तार, बाइक बरामद

संवाददाता।जमशेदपुर



गिरफ्तार आरोपी व जब्त वाहन.

मानगो थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड में बीते दिनों राजा सिंह की हत्या के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में नामजद आरोपी सुनील ठाकुर, बलविंदर सिंह उर्फ गोलू बच्चा, अभिषेक उर्फ लाढ़ और आकाश उर्फ बाबा बच्चा समेत इंद्रजीत सिंह उर्फ इंदर और मलय शामिल है.

पुलिस ने आरोपियों कि निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक और स्कूटी को बिरसानगर से बरामद किया है. सभी आरोपी राजा की हत्या में शामिल थे. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रवीर सिंह ने अपने भाई प्रदीप की हत्या का बदला लेने के लिए ही राजा की हत्या करवाई थी. इसके अलावा बस्ती में ब्राउन शुगर की बिक्री को लेकर भी विवाद हुआ था. सभी ने मिलकर राजा सिंह की रेकी की थी और प्रवीर ने राजा को गोली मारी थी. पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद मलय ने बाइक को ठिकाने लगाया था वहीं इंद्रजीत के साथ मिलकर एक कार भाड़े पर ली थी. हत्या के बाद भाड़े की कार पर सभी को शहर के बाहर भागने में मदद की थी. इसके बदले में प्रवीर ने रुपये देने की बात कही थी. इधर, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है. बता दे कि मानगो पोस्टऑफिस रोड में अपराधियों ने दिनदहाड़े राजा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी. राजा की पत्नी बबिता सीतारामडेरा में हुए प्रदीप सिंह की हत्या में आरोपी थी. वह कुछ दिनों पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आई थी.

**बातचीत** झारखंड में सरकार गिराने की भाजपा की कोशिश रही नाकाम, हम लड़ते रहेंगे

# तुम मुझे झोला दो, मैं तुम्हें धंधा दूंगा: कन्हैया कुमार

रवि भारती।रांची



- बीजेपी के लोग जहां जाते हैं, सरकार गिराने का करते हैं काम
- हम बिकने वाले लोग नहीं हैं, यात्रा न्याय मिलने तक जारी रहेगी

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने मोदी सरकार पर तंज कसा है. कहा है कि मोदी सरकार उद्योगपतियों को कहती है कि तुम मुझे झोला दो मैं तुम्हें धंधा दूंगा. जब तक हमलोग एकजुट नहीं रहेंगे, तब तक ये लोग बार-बार अपमानित करते रहेंगे.

एक पत्रकार पर भी तंज कसते हुए कहा कि बेशर्म पत्रकार ने कहा कि आदिवासियों को जंगल में रहना चाहिए. ये लोग आपको बांटने और लड़ाने की कोशिश कर रहे हैं, इसके लिए सभी को एकजुट होना होगा. देश को बेचने की साजिश की जा रही है. ये लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है. ठेका प्रथा को बंद करना होगा. गृह मंत्री का बेटा बीसीसीआइ का सेक्रेटरी है.

**नौजवानों के साथ हो रहा अन्याय :** कन्हैया कुमार ने कहा कि आज देश के नौ जवानों के साथ अन्याय हो रहा है. पहले नौकरी स्थायी होती थी. आज स्थायी नौकरी समाप्त की जा रही है. अग्निपथ योजना इसका उदाहरण है. गरीब का बच्चा आखिर चार साल के लिए क्यों नौकरी करेगा. देश के भीतर जो नीतियां लाई जा रही हैं, उससे हक और अधिकारों को छीना जा रहा है. हमारे और आपके बीच संविधान का रिश्ता है.

हमें अपने अधिकार और भविष्य को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा. अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करना होगा. न्याय के पथ में संघर्ष करना होगा. हम ईमान और देश बचाने वाले लोग हैं. वोट की ताकत से आप कुर्सी पर बैठाते हैं और नीचे भी गिरा देते हैं. बांटने वालों की कोशिश को नाकाम करना होगा.

### आज झारखंड में गठबंधन का राज कायम है

कन्हैया ने कहा कि चंडीगढ़ के मेयर इलेक्शन में भाजपा को बहुमत नहीं था. इंडिया अलांयस को बहुमत था, लेकिन भाजपा ने मेयर बनाया. इसी तरह झारखंड में हेमंत सरकार को गिराने की साजिश की गई. लेकिन गठबंधन की सरकार का राज कायम है. चंपई सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया है. भाजपा झारखंड के आदिवासियों, गरीबों, किसान, महिलाओं, नौजवानों के खिलाफ साजिश कर रही है. भाजपा के लोग जहां जाते हैं वहां चुनी हुई सरकार को गिराने का काम करते हैं. बिहार में नीतीश कुमार पलटी मारकर एनडीए में चले गए. लेकिन झारखंड में भाजपा की साजिश नाकाम हो गई. हम बिकने वाले नहीं हैं.

### जब तक न्याय नहीं मिलता, यात्रा जारी रहेगी

जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक यात्रा जारी रहेगी. भाजपा साजिश के तहत झारखंड के लोगों को लड़ा रही है. मैं विश्वास दिलाता हूं कि मोदी आदिवासियों का हक और अधिकार नहीं छीन सकते.

### ब्रीफ खबरें

## परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू

**गढ़वा।** झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की जायेंगी. मैट्रिक परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक संचालित होगी.जबकि इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न दो बजे से शाम 05:15 बजे तक चलेगी. मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर गढ़वा अनुमंडल में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं.गढ़वा अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीओ) ने शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों के आस-पास धारा 144 लागू कर दी है.

## सिकी गांव से भाजपा का दीवार लेखन शुरू

**पाटन (पलामू)।** भाजपा ने दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारंभ पाटन प्रखंड के सिकी गांव से प्रारंभ किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि पलामू के पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे .कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह के नेतृत्व में किया गया.सिक्की बरवाडीह, सी रमा, कुम्हवा समेत अन्य गावो में दीवार लेखन का कार्य किया गया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, महेंद्र पांडे, गणेश सिंह, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी सुमन देवी, समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## पाटन में वीवीपैट का प्रशिक्षण हुआ शुरू

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के कार्यालय में ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण शुरू किया गया. वहीं जागरूकता रथ को पाटन की बीडीओ अमित कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. प्रखंड के सभी पंचायत के सभी गांव सभी मोहल्ला में जागरूकता रथ जाएगी. लोगों को जागरूक करेगी. जिसकी शुरुआत माइनराल पंचायत से प्रारंभ की गई है. मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अहमद हुसैन समेत अन्य पंचायत सेवक मौजूद थे. प्रचार वाहन के साथ संतोष कुमार जनसेवक एवं जन सेवक मनोज कुमार जन सेवक मौजूद थे.

## ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए स्थल का चयन

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या 14 चिकटोली मुहल्ले में 63 के वी का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत विभाग के एसडीओ राम प्रसाद महतो ने स्थल चयन किया .स्थल चयन के मौके पर जेई प्रदीप कुमार सिंह , बीस सुत्री अध्यक्ष जिशान अहमद, जुबैद अंसारी, संतोष कुमार, एवं नगर वासियों में ताज राइन, सुल्तान राइन, रूस्तम राइन के अलावा अन्य लोग मौजूद थे.

## बारेसांढ़ में वन श्रमिकों की बैठक आयोजित

**गारू (लातेहार)।** बारेसांढ़ वन विश्रामागार में दैनिक मानदेय वन श्रमिकों की बैठक बारेसांढ़ शाखा अध्यक्ष धनेश्वर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रमंडलीय अध्यक्ष शिद्यनाथ झा शामिल थे.अध्यक्ष धनेश्वर यादव ने कहा कि बारेसांढ़ रेंजर के द्वारा श्रमिक यूनियन की मासिक बैठक पर रोक लगा दिया गया है. श्रमिकों का लंबित मानदेय के भुगतान नहीं किया जा रहा है.उन्होंने बताया कि रेंजर के द्वारा कुछ श्रमिकों को कार्य से हटा दिया गया था, इसके बाद से श्रमिकों में भय का माहौल हो गया है और मासिक बैठक नहीं हो रहा था. बैठक में रेंजर द्वारा मनमाने तरीके से श्रमिकों को हटाकर भयाक्रांत करने पर चर्चा की गयी.

### चंपई सोरेन सरकार के प्रचंड बहुमत साबित कर दिखा दिया कि वे सभी हेमंत सोरेन के साथ हैं

# सरकार गिराने वालों के मुंह पर लगा तमाचा : शाहदेव

**संवाददाता। चंदवा/लातेहार**



झारखंड विधानसभा में झामुमो सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए झामुमो के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव और केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा की दाल नहीं गली. लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि महागठबंधन की चंपई सोरेन सरकार के प्रचंड बहुमत साबित कर दिखा दिया कि वे सभी हेमंत सोरेन के साथ हैं. भाजपा ने एक साजिश के तहत ईडी का इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर सरकार गिराने की नाकाम साजिश रची थी. लेकिन महागठबंधन के विधायकों ने चट्टानी एकता का परिचय दिया. राज्यपाल को चंपई सोरेन को शपथ ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करना पड़ा. यह झारखंड में सरकार गिराने वालों के मुंह पर करारा तमाचा है. उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश की जनता में भी काफी उबाल देखा गया. कई जगहों पर लोग हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया.

**बोले लाल**

- झामुमो के जिला अध्यक्ष हैं लाल मोती नाथ शाहदेव
- महगठबंधन के विधायकों ने चट्टानी एकता का परिचय दिया

### पिछले दरवाजे से सत्ता लेना चाहती थी भाजपा : दीपू



दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड में ईडी की इस कार्रवाई से भाजपा बेनकाब हो गयी. उसका जनविरोधी व षड्यंत्रकारी चेहरा सभी के सामने आ गया. सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं. दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा अगले चुनाव में हारने और सत्ता से बेदखल होने के बाद यह पिछले दरवाजे (राज्यपाल) के माध्यम से सत्ता हासिल करना चाहती थी. उनकी दाल नहीं गली. लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेदाग साबित होकर निकलेगें और आगामी चुनावों मे प्रदेश की जनता इसका जवाब अवश्य देगी.

### जिला मुख्यालय में जलापूर्ति योजना के तकरीबन 2200 उपभोक्ता हैं

# लातेहार में शहरी जलापूर्ति योजना अब हो रही है फेल

**आशीष टैगोर। लातेहार**



सरकार की अति महत्वकांक्षी शहरी जलापूर्ति योजना लातेहार में फेल होती नजर आ रही है. आये दिन अंडरग्रांउड पाइप लाइन फटने के कारण कई-कई दिनों तक शहर में पेयजल सेवा बाधित रहती है. विगत एक फरवरी को शहर के बानपुर-पोचरा रोड में पाइप लाइन फट जाने के कारण शहर के जोन-थ्री के करकट, बानपुर, अमवाटीकर, अंबाकोठी, मेन रोड और चटनाही इलाके में पेयजल आपूर्ति सेवा बाधित हो गयी. पांचवें दिन सोमवार की दोपहर के बाद इन इलाकों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो पायी. नगर पंचायत के कनीय अभियंता संदीप बेदिया ने बताया कि अज्ञात जेसीबी की चपेट में आने पाइप लाइन फट गया था. जिला मुख्यालय में शहरी जलापूर्ति योजना के तकरीबन 22 सौ उपभोक्ता हैं और सरकार को इससे प्रति वर्ष पांच से छह लाख रुपये राजस्व का प्राप्त होता है.

**32 करोड़ रुपये की है यह परियोजना:** सरकार के नगर विकास विभाग की कार्यकारी एजेंसी जूडको के द्वारा नगर पंचायत में शहरी जलापूर्ति योजना का क्रियान्नवयन किया गया है. प्रथम फेज में इसकी प्राक्कलित राशि 32 करोड़ रुपये थी. इससे दुगिला व डुरूआ ग्राम में एक-एक जलमीनार बनाये गये हैं.

### वार्ड पार्षदों ने किया था विरोध

यह परियोजना प्रारंभ से ही विवादों में रही है. नगर पंचायत समिति की बैठक में वार्ड पार्षदों ने कई बार इसकी शिकायत की थी. वार्ड पार्षदों का आरोप था कि पाइप लाइन बिछाने मे व्यापक अनियमितता करती गयी है. प्राक्कलन के अनुसार पाइप लाइन नहीं बिछाया गया है. अंडरग्राउंड पाइप लाइन को कम से कम तीन फीट जमीन से नीचे कंक्रिट कर बिछाना था. लेकिन एजेंसी के संवेदक के द्वारा पाइप लाइन को कहीं एक फीट तो कहीं आधा फीट गहराई कर बिछा दिया गया है. शहर के कइ जगहों पर तो पाइप लाइन सड़क के उपर दिखायी पड़ रहा है. यही कारण है वाहनों का जरा भी दवाब पड़ने पर पाइप लाइन फट जाता है. हर सप्ताह किसी ने किसी मुहल्ले में पाइप लाइन फटती है और पेयजल सेवा बाधित हो जाती है.

**लोग परेशान**

- शहरी जलापूर्ति योजना की खुल रही है पोल
- पांचवें दिन दोपहर में पेयजल आपूर्ति शुरू हो पायी

### मांग के बाद हुई थी जांच

नगर पंचायत समिति की बैठक में पार्षदों के द्वारा जांच कराये जाने की मांग के बाद एक राज्य स्तरीय कमिटि बना कर इस योजना की जांच करायी गयी थी. जांच कमिटि में नगर विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता, डीआरडीए, लातेहार के निदेशक, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी व पेयजल आपूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता शामिल थे. जांच दल ने लातेहार में आ कर इस योजना की जांच की गयी. जांच टीम ने कई अनियमितता पायी थी. बाइपास चौक में तो महज छह इंच नीचे ही पाइप लाइन मिल गया था. जबकि बाइपास चौक में सड़क के उपर पाइप लाइन दिख रही थी. हालांकि जांच के बाद भी योजना में कोई सुधार नहीं हुआ.

## 18 को कानू वैश्य संघ का मिलन समारोह

**गढ़वा।** शहर के टंडवा भगलपुर मुहल्ला स्थित छठ घाट निगरानी मंच के भवन में सोमवार को गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में कानू समाज का चौथा पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई. समारोह के आयोजन के लिए 18 फरवरी की तिथि सर्वसम्मति से निर्धारित की गई. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त तिथि को आयोजित होनेवाले समारोह में ही "अरुणोदय" नामक कानू समाज के स्मारिका का विमोचन एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कानू जाति के व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कानू समाज के राज्य अध्यक्ष एवं सचिव को आमंत्रित किया जाएगा.

## केतार में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर अंतर्गत उरांव टोला में आंगनबाड़ी केंद्र से मुख्य पथ तक 20 लाख रूपये की लागत से जिला योजना अनाबद्ध निधि से सोमवार को पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया. जिसका शिलान्यास भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद व मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद की उपस्थिति में टोले के वृद्ध ग्रामीणों से करवाया गया. मौके पर ज्वाला प्रसाद ने कहा कि इस सड़क की मांग काफी दिनों से हो रही थी. जिसको प्राथमिकता देते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने पहल करते हुए पीसीसी सड़क को पास करवाया. चुकी विधायक विधानसभा के विशेष सत्र रांची में उपस्थित है, उनके निर्देश पर ही हम सभी पहुंच कर आज सड़क का शिलान्यास यही के ग्रामीणों से करवा रहे है.

### न्यूज अपडेट

## खेलों से होता है मानसिक विकास: रंधीर झा



**लातेहार।** सीआरपीएफ के 214 वीं बटालियन के तत्वावधान में रेंज पलामू अंतर वाहिनी खेल प्रतियोगिता-दो के तहत पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया. पुलिस लाइन मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ बटालियन के द्वितीय कामन अधिकारी रणधीर कुमार झा ने किया. श्री झा ने कहा कि सीआरपीएफ के द्वारा लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है. इसमें सीआरपीएफ के जवान बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से जवानों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है. उन्होंने भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की प्रतिबद्धता दुहरायी.

## रुद्र महायज्ञ को लेकर शाखा कार्यालय का उद्घाटन



**बालूमाथ (लातेहार)।** आगामी दो से नौ मार्च तक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ले में होने वाले सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा. आयोजन को लेकर मुरपा मोड़ के समीप को शाखा कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया. लोहरदगा के पूर्व एमएलसी सह भाजपा के नेता प्रवीण कुमार सिंह एवं लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने संयुक्त रूप से इसका उदघाटन किया. मौके पर यज्ञ महासमिति के अध्यक्ष राम दर्शन तिवारी, देवेंद्र कुमार सिन्हा, शंभू प्रसाद, निर्मल सिन्हा, प्रदीप गंझू, रति गंझू, धनुषधारी गंझू,ओमप्रकाश जायसवाल, रविंद्र सिन्हा, कृष्ण यादव व विजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे.

## 10 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगी रसोईया



**लातेहार।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ, बरवाडीह प्रखंड इकाई की एक बैठक पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में सचिव रीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. मौके पर सचिव रीना देवी ने कहा कि तीन अगस्त 2023 को रसोइया संघ के प्रतिनिधिमंडल और सरकार के बीच वार्ता हुई थी. इस वार्ता में रसोइयों को वेतन मानदेय, 12 माह का लंबित मानदेय समेत छह सूत्री मांगों को पूरा करने पर सहमति बनी थी. लेकिन 7 माह बीत जाने के बाद भी हमारी मांगें पूरी नहीं हुई.अब सरकार रसोइया कर्मी को हटाकर मध्यान भोजन योजना को अक्षय पात्रा नामक कंपनी को देना चाह रही है.

## ट्रैक्टर से टकराकर युवक घायल, रिम्स रेफर



**लातेहार।** एनएच-75 पर शहर के पोचरा मोड़ के समीप एक सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया. उसके घुटना व सिर मे चोटें आयी है. उसकी शिनाख्त नगर पंचायत क्षेत्र के बहेराटांड़ ग्राम निवासी गिरवर पासवान के रूप में हुई है. जानकारी के वह अपनी बाइक से पोचरा मोड़ की ओर जा रहा था. इसी क्रम में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क में खड़ी एक ट्रैक्टर से जा टकरायी. वह सड़क कर गिर गया. वहां से गुजर से वार्ड नंबर दो के निवर्तमान वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक, पारस उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, महेंद्र पाठक, अर्जुन पाठक व संतोष पासवान आदि घायल युवक को ले कर सदर अस्पताल पहुंचे.

## अमडीहा-चंद्रदहा जंगल से युवक का शव बरामद



**लातेहार।** जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र की मंगरा पंचायत के अमडीहा-चंद्रदहा जंगल से एक युवक का शव बरामद किया गया है. युवक की शिनाख्त कुटमू के समीप हड़पड़वा ग्राम निवासी रवि कुमार राम के रूप में की गयी है. मंगरा पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह के द्वारा सूचना दिये जाने पर बरवाडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले कर सदर अस्पताल, लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जानकारी के अनुसार हड़पड़वा गांव निवासी सुभेष राम का 18 वर्षीय पुत्र रवि कुमार राम अमडीहा में लगने वाले साप्ताहिक हाट में रविवार की शाम निकला था. जब रात में वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की.

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक



**लोहरदगा।** जिले में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है. ज्ञात हो कि 10 फरवरी को बूथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर 11 से 25 फरवरी तक घर में जाकर स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी.

## पूरे विश्व में देश का बज रहा डंका: सुनीता सिंह



**लोहरदगा।** भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री ,सहित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के मंडल संयोजक एवं सदस्यों की बैठक जिला कार्यालय में हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथि प्रदेश भाजपा मंत्री सह जिला प्रभारी श्रीमती सुनीता सिंह, पूर्व मंत्री साधनू भगत पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता सिंह ने कहा कि हमारा संगठन सशक्त है. हमारे कार्यकर्ता सक्षम हमारे केंद्र की सरकार पीएम मोदी जी के नेतृत्व में देश ही नहीं पूरे विश्व में डंका बज रही है. मंनिर उरांव जी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत हमारी केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को दिए जाने वाले लाभ स्वयं सहायता समूह हो चाहे बालिकाओं को दिए जाने वाला लाभ सभी योजना केंद्र सरकार की है इसे हमें घर-घर तक पहुंचना है.

## अवैध शराब के खिलाफ खीलपुर पुलिस की कार्रवाई, भट्ठी ध्वस्त



**संवाददाता। हुसैनाबाद, पलामू**

हैदरनगर थाना अंतर्गत गांव कुकही के टोला खीलपर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देसी शराब को नष्ट किया. शराब भट्ठी को ध्वस्त कर शराब निर्माण में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को जब्त किया. पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी. राजीव रंजन ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ पलामू पुलिस लगातार अभियान चला रही है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दोषी व्यक्तियों को बक्शा नहीं जाएगा. डीएसपी ने कहा कि कुकही के खीलपर टोला के समीप लगभग 2000 किलो जावा महुआ, शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, उपकरण और लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब नष्ट किया गया. पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब निर्माण में लगे लोग फरार हो गए. डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा.अभियान में भारी संख्या में सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतीला गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई. जिसमें एक पक्ष के एक पुरुष सहित तीन महिला बुरी तरह घायल हो गई. घायलों में नेजाम अंसारी, रोजन बीवी, नसीबुन बीवी एवं सलमा बीवी का नाम शामिल है. सभी घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी से रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया गया. जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ राजीव पांडेय एवं सहयोगी राकेश ठाकुर ने प्राथमिक उपचार किया. रोजन बीबी एवं नसीबून बीवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. घटना के संबंध में घायल नेजाम अंसारी ने बताया कि मेरे रैयत्ती जमीन में गांव के ही सकुर अंसारी, नक्कू उर्फ तेज मोहम्मद अंसारी, जैनब बीवी एवं झमू अंसारी आदि के द्वारा जबरन मेरे जमीन में कब्जा कर रास्ता बना रहा था. मना करने के बाद सकुर अंसारी, नाकु, जैनब बीबी, झम्मू अंसारी एवं अन्य परिजनों के द्वारा अचानक हमला कर पीटा गया.

## पतरा खुर्द को हराकर डंडीला ने क्रिकेट ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




**संवाददाता। हुसैनाबाद, पलामू**

हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी में युवा स्टार क्रिकेट क्लब ने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया. टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया. फाइनल मैच डंडीला बनाम पतरा खुर्द के बीच खेला गया. पतरा खुर्द ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 125 रन बनाए. जबकि डंडीला ने 19 ओवरों में 6 विकेट के पर लक्ष्य पूरा कर लिया. फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने किया.

### खेल से लोगों में आती है एकता : कर्नल संजय

मौके पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का विकास होता है. मुझे खुशी होगी कि हुसैनाबाद क्षेत्र से कोई महेंद्र सिंह धौनी जैसा खिलाड़ी बन कर निकले. उन्होंने विजेता, उपविजेता और कमिटी के सदस्यों को बधाई दी. मौके पर बुटन यादव, सत्य नारायण यादव मौजूद थे.

**अपराध**

### करचा टोली निवासी सचित की दो नकाबपोश अपराधियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी

# युवक की हत्या मामले में पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

**संवाददाता। लोहरदगा**



जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत करचा टोली में 31 जनवरी को दिनदहाड़े घर में घुसकर युवक की चाकू से हमला कर हत्या करने के मामले में लोहरदगा पुलिस ने मृतक की पहली पत्नी समेत दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पिछले 31 जनवरी को जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदिया करचा टोली निवासी 32 वर्षीय युवक सचित उरांव की दो नकाबपोश अपराधियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी.

वहीं हत्या में शामिल मृतक की पहली पत्नी किशोरी उरांव, चितरंजन कुमार और सुलेंद्र कुमार दोनो पलामू जिले के निवासी है. पुलिस ने पहली पत्नी की निशानदेही पर दोनों अपराधियो को पलामू जिला से धर दबोचा है. साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, कपड़े और 3 मोबाइल फोन को पुलिस ने जब्त किया है. मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी किशोरी उरांव अपने पति के दूसरी शादी करने से नाराज थी, इसी कारण अपने प्रेमी चितरंजन कुमार से मिलकर घटना को अंजाम दिया गया. चितरंजन कुमार ने अपने दोस्त के साथ मिलकर सचित उरांव की हत्या की साजिश रची और मौका पाकर हत्या कर दी.

पुलिस ने मोबाइल फोन ट्रेस कर सीडीआर निकलकर हत्या की गुत्थी को सुलझाया है. पूरे मामले पर एसपी हारिस बिन जमां ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि पुलिस गहनता से हत्या की जांच कर रही थी इसी दौरान शक के आधार पर मृतक की पहली पत्नी किशोरी उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. जिसके बाद मोबाइल का सीडीआर निकालकर जांच की गई तो इस घटना में चितरंजन का नाम सामने आया. कड़ाई से पूछताछ में इन्होंने अपना जुर्म कबूल किया है.

**भेजा जेल**

- पुलिस ने पत्नी की निशानदेही पर गिरफ्तार किया
- अपराधी से चाकू और तीन मोबाइल बरामद किया

### पूजा अर्चना के बाद लिया नव मनोनीत जिला अध्यक्ष ने लिया पदभार

# दायित्वों का निर्वहन करूंगा: पंकज सिंह

**संवाददाता। लातेहार**



नव मनोनित भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि उन्हें जिस विश्वास के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष का पदभार दिया गया है, उस पर वे पूरा खरा उतरने का प्रयास करेगें. उन्होंने जिले के भाजपाइयों से सहयोग की अपील की. कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है.

सिंह सोमवार को शहर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारी के पदग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने आगे कहा कि भाजपा एक विशाल वट वृक्ष की तरह है. भाजपा और भाजपाईयों को संकल्पों से कोई डिगा नहीं सकता है. आज पूरा देश प्रधानमंत्री के कुशल हाथों में चहुमुंखी विकास कर रहा है. हमें प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना है. नव नियुक्त जिला प्रभारी मुकेश रंजन सिन्हा ने कहा कि लातेहार जिला में भाजपा पहले भी मजबूत था और आगे भी मजबूत रहेगा. हम एक परिवार की तरह हैं और एकजुट हो कर आने वाले चुनावों में काम करना है. हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि उन्हें उनके कार्यकाल में सभी का सहयोग मिला.

### ब्रीफ खबरें

#### अजीत कुमार कुजूर बने घाटशिला के एसडीपीओ

**घाटशिला।** घाटशिला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में अजित कुमार कुजूर ने रविवार को योगदान दिया. सोमवार को औपचारिक मुलाकात में कुजूर ने घाटशिला के लिए अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखना और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देंगे. साथ ही अधीनस्थ थाना क्षेत्रों पर पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास बनी रहे. इस दिशा में बेहतर तरीके से कार्य करेंगे. उन्होंने कहा कि पुलिस तथा पब्लिक के बीच बेहतर संबंध बने. इसके लिए लोग अपनी समस्या लेकर आए उनका निष्पादन किया जाएगा.

#### मृतक के परिजन को मिला 3 लाख मुआवजा

**घाटशिला।** जमशेदपुर की एक कंपनी में काम के दौरान घाटशिला थाना क्षेत्र के बनकाटी गांव निवासी गुंजा कालिंदी की मौत के बाद मुआवजा को लेकर चल रहा गतिरोध सोमवार को समाप्त हो गया है. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, कर्ण सिंह, सुभाष सिंह तथा पंचायत समिति सदस्य जगन्नाथ कालिंदी के अथक प्रयास से कंपनी मालिक द्वारा आश्रित को मुआवजा के तौर पर तीन लाख रुपये दिया गया. जानकारी हो कि दो फरवरी से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला में शव पड़ा हुआ था.

#### नाबालिग का अपहर्ता एक माह बाद गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत खड़ियाबस्ती निवासी एक नाबालिग का अपहरण करने के आरोपी आदर्श ओझा को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर नाबालिग को भी बरामद कर लिया है. सोमवार को पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया वहीं आरोपी आदर्श को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बता दे कि 6 जनवरी को खड़िया बस्ती निवासी नाबालिग लापता हो गई थी.

#### मरने तक अब जेल में रहेगा दुष्कर्म का दोषी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर थाना क्षेत्र के एक मंदिर के पुजारी को अदालत ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में मरने तक जेल में रहने की सजा सुनाई है. मामले की सुनवाई करते हुए स्पेशल पोस्को जज कंवलजीत चोपड़ा की अदालत ने दोषी को सजा सुनाई है. इसके पूर्व 23 जनवरी को आरोपी को आईपीसी की दारा 354, 376 और पोस्को की धारा 6 एवं 10 के तहत दोषी पाया गया था. मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने अपना पक्ष रखा. उन्होंने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर अदालत में छह गवाहों का परीक्षण कराया.

#### 3 दिनों से लापता बच्ची का शव कुएं से बरामद

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना अंतर्गत गैंताडीह की रहने वाली चार वर्षीय बच्ची का शव गांव के बाहर एक कुएं से बरामद हुआ है. बच्ची दो फरवरी से लापता थी. शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. बताया जा रहा है कि गैंताडीह निवासी मोयका आलडा की चार वर्षीय बच्ची चंदू कुई घर के बाहर से खेलते हुए शुक्रवार 02 फरवरी को लापता हो गई थी. परिजनों ने काफी खोजबीन की परंतु उसका कुछ पता नहीं चल पाया. बाद में थाना में मामला दर्ज कराया गया. सोमवार को परिजनों ने बच्ची का शव कीनूडीह गांव के पास एक खेत में स्थित कुएं में पाया.

### एक समय यह घना जंगल पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं से बहुत ही समृद्ध था

# कैसे बचेगा सारंडा जंगल व पर्यावरण!

**शैलेश सिंह । किरीबुरु**



**जंगल तबाह**

- जीवों की कई दुर्लभ प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं
- सारंडा का शाब्दिक अर्थ 700 पहाड़ी होता है

सारंडा जंगल में वर्तमान समय में गंभीर पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी समस्याएं बड़े पैमाने पर वनों और वृक्षों की कटाई के कारण उत्पन्न हुई हैं और हो रही है. जैसे- मिट्टी के क्षरण का बढ़ना, मिट्टी का कटाव और जमाव के कारण नदियों का रुकना, तापमान और बाढ़ में वृद्धि होना इत्यादि है. सारंडा रिजर्व वन के अध्ययन से पता चलता है कि एक समय यह घने जंगलों में से एक था और पेड़-पौधों और जीव-जन्तुओं में बहुत ही समृद्ध था. खनन गतिविधियां, जंगल में नए गांवों का बसना, नक्सली हिंसा और लकड़ियों की तस्करी आदि के कारण वन क्षेत्र संकोचन के लिए मुख्य रुप से ज़िम्मेदार है. जिसके परिणामस्वरूप पहाड़ी वन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन और बारहमासी जल स्रोतों का रुकना और सूखना है. यह अनुमान लगाया गया है कि दस हजार हेक्टेयर से अधिक अनछुए जंगल जहां 80 प्रतिशत कैनोपी के कवर में चल रहे खनन गतिविधियां तथा जंगल के कई हिस्सों में नए गांवों के बसने की वजह से तबाह और बरबाद हो गया है. सारंडा रिजर्व वन के विनाश के कारण वनस्पतियों और जीवों की कई दुर्लभ प्रजातियां विलुप्त हो गई और कुछ विलुप्त होने के कगार पर है. इसी तरह अगर इसका विनाश होता गया तो एक दिन यह वन भूमि बंजर भूमि बन जाएगी.

झारखंड राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थित सारंडा एक घना जंगल है. यह क्षेत्र पूर्व में सिंह परिवार (निजी तौर पर सरायकेला का शाही परिवार) का निजी शिकार करने का क्षेत्र था. यह जंगल 820 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ हैं. सारंडा का शाब्दिक अर्थ 700 पहाड़ी है. जिसका पारिस्थितिकीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान है, जो कि दुनिया में सबसे बड़ा साल का जंगल है. सारंडा कई दशकों तक के लिए फॉरेस्टरों की पीढ़ियों के लिए प्रशिक्षण का स्कूल रहा है. यह प्रमुख रुप से हाथियों का निवास/आवास स्थल है. यह मुख्य रूप से सिंहभूम हाथी रिजर्व है, जिसमें लगभग 150 हाथियों का झुडं था जो 820 वर्ग किमी वन में रहता था. 2001 में केंद्र सरकार ने हाथी परियोजना के तहत यह क्षेत्र हाथी आरक्षित घोषित किया था. जिसमें हाथियों की संख्या 2002 में 424 से घटकर 2005 में 375 हो गई थी. अभी इनकी संख्या में भारी गिरावट आई है. नदियों के पानी में अधिक लौह अयस्क की मात्रा पाये जाने के कारण पानी पीने के लिए अयोग्य हो गया और अयस्कों को ढ़ोने वाले ट्रकों की आवाज ने सारंडा के हाथियों को डरा दिया जिससे हाथी सारंडा से दूर होते चले गए, जो इनका मुख्य क्षेत्र था.

डॉ आरके सिंह के अनुसार, जिन्होंने 1993 से 1998 के बीच सारंडा में वन्यप्राणियों पर डॉक्ट्रेट का शोध किया थाः खनन, के साथ नदियों में अप्रबंधित छिद्र/सिल्ट निपटान हाथियों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ा खतरा है. एमओईएफएंडसीसी द्वारा लिखित गज रिपोर्ट ने हाथी टास्क फोर्स का गठन किया गया, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस क्षेत्र में खनन करने के लिए संवैधानिक रुप से प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा गठन किए गए राष्ट्रीय हाथी संरक्षण प्राधिकरण से प्राप्त अनुमोदन के बाद ही खनन किया जा सकता है. यह खनन कार्य सारंडा की आत्मा को मार रहा है. इस प्राचीन साल वन के नीचे लौह अयस्क का भंडार विश्व और एशिया महादेश के भंडारों में से एक है. सारंडा के मौजूदा खदानों ने पहले ही सारंडा की व्यापकता को नष्ट कर दिया है. यह अनुमान लगाया गया है कि 80 प्रतिशत से अधिक अनछुए जंगल के 11000 हेक्टेयर कुंडली जंगल के कई हिस्सों में चल रहे खनन से तबाह हो गया है. जैसे गुआ, घाटकुड़ी, हाथी गेट, बरायबुरु, टाटिबा, झंडीबुरु, किरीबुरु-मेघाहातुबुरु, चिरिया/मनोहरपुर 'एलिफेंट हिल' इत्यादि. इससे भी बदतर स्थिति तब हो जाएगी जब लौह अयस्क के नये नये खदानों का ऑक्सन होगा और भारत की बड़ी-बड़ी इस्पात कंपनियों को भविष्य में खनन के लिए हरी झंडी मिल जायेगी. यहां इस्पात कंपनियां सारंडा के उपर गिद्धों जैसी दृष्टि जमाए हुए इस खूबसूरत जंगल के मरने की प्रतीक्षा कर रही हैं.

सारंडा में साल (शोरिया रोबस्टा) सबसे महत्वपूर्ण पेड़ है और इस क्षेत्र की चट्टानी मिट्टी के लिए उपयोगी है. यद्पि साल एक पेडीड्युल पेड़ है, जिसकी पत्तियों की शुरुआत गर्मियों में होती है. वैसे भी वन वृक्ष आम तौर पर सदाबहार होता है, इस प्रकार के पेड़ों में आम, जामुन, कटहल हैं. अन्य महत्वपूर्ण पेड़ महुआ, इमली, चहार, केंदू, सागवान, कुसुम, तिलई, हरिन हारा (आर्मोसा रोहितुला), गैलर (फ़िसस ग्लोमेरेटा), आसन आदि हैं. आरक्षित वन कई जानवरों का अड्डा और निवास स्थल है. सारंडा के वनों में जंगली हाथी, सांबर, जंगली सुअर, जंगली मुर्गी और कुटरा (जंगली बकरी), मोर के झुंड जंगलों के आसपास घूमते हुए मिल जाते हैं. इस जंगल में बाइसन और तेंदुए पाए जाते हैं. बाघ यहाँ कभी भी नहीं थे लेकिन कई बार देखे जाने का दावा किया गया हैं. तेंदुए सामान्यतः यहां पाए जाते हैं. मध्य भारत में हाथियों का निवास 17000 वर्ग किमी. के क्षेत्र में फैला हुआ हैं, झारखंड राज्य से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के एक दक्षिणी भाग हाथियों को अंजू-अंबिया गलियारे का उपयोग सरंडा से कोल्हान वन डिवीजन में करने के लिए किया गया है. और इस रेंज में देश के सबसे ज्यादा हाथियों के निवास स्थान पर कब्जा कर लिया गया है, जो कि खनन, खेती और विकास गतिविधियों के कारण हो गया है.

दूसरी ओर मौजूदा खानों ने सरंडा डिवीजन के 85,000 हेक्टेयर (हेक्टेयर) में सारंडा के स्वैपों को पहले ही क्षतिग्रस्त कर दिया है. लगभग 16 संख्या में खनन कंपनियां लौह अयस्क खनन पट्टा क्षेत्र के 6526.369 हेक्टेयर में काम कर रही थी, और 2892.344 हेक्टेयर में खानों की एफसी लंबित होने के कारण 11 खनन पट्टे का क्षेत्र बंद हो गया है. एमआईओएफसीसी के प्रस्ताव 6505.50 हेक्टेयर के लिए प्रस्तावित खनन पट्टों का आवेदन कुदलीबाद, करमपदा और घाटकुडी.इत्यादि क्षेत्रों में विभिन्न कंपनियों द्वारा सारंडा में खनन पट्टा के लिए आवेदन दिया था. कुल खनन पट्टों (वर्तमान बंद प्रस्तावित) क्षेत्र 15924.013 हेक्टेयर है. लौह अयस्क खनन के बाद इस वन में क्या बचेगा कहना मुश्किल है. यह सारंडा जंगल के भविष्य के लिए उभरने वाली जलती हुई समस्याएं हैं. जंगल के आसपास के क्षेत्रों में अवैध खनन बड़े पैमाने पर हो रहे थे जो अभी बंद है. हजारों ट्रकों की वजह से चाईबासा से नोवामुंडी की सड़कों पर जाम लगते थे जिससे गांव के लोगों और पारिस्थितिकी के लिए गंभीर संकट था.

## उरांव टोला में सड़क नहीं होने से 45 परिवार परेशान



**संवाददाता। चाईबासा**

झारखंड पार्टी केंद्र सचिव सह प्रवक्ता महेंद्र जामुदा ने आनंदपुर प्रखंड के अध्यक्ष अनु कुजूर के साथ रुधीकोच पंचायत का दौरा किया और रुधीकोच गांव के उरांव टोली में बैठक किया. पंचायत अध्यक्ष बंधु धनवार ने कहा कि उरांव टोला में 45 परिवार रहते हैं. यहां पर पहुंचने के लिए कच्चे रास्ते से जाना पड़ता है और एक छोटी सी पुल की आवश्यकता है.

पुल और पक्का सड़क नहीं होने के कारण आने जाने में ग्रामीणों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. बारिश में बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते हैं. ट्रांसफार्मर एवं बिजली का तार बदलने के लिए जनप्रतिनिधि एवं विभाग को आवेदन देकर थक गए. जल नल योजना के तहत पानी भी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है. काम बंद पड़ा हुआ है, खेत तो है पर खेती के लिए सिंचाई कुआं, तालाब नहीं होने के कारण खेती भी नहीं कर पाते हैं. पंचायत में 16 गांव है और हर गांव की एक ही समस्या है पलायन, राज्य सरकार रोजगार उपलब्ध नहीं करा रही है.

## बाल गोपाल और यशोदा मैया की कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त

**दिलीप कुमार । चांडिल**



चांडिल प्रखंड के चिलगु में श्रीमद्भागवत कथा प्रचारक समिति द्वारा आयोजित सनातन धर्म सम्मेलन में कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही हैं. प्रतिदिन संध्या काल में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रविवार को बाल गोपाल, यशोदा मैया और नटखट कन्हैया की कथा सुनाई गई, जिसे सुनकर श्रद्धलु भावविभोर हो गए.

कथावाचक गिरीधारी शास्त्री महाराज द्वारा नटखट कन्हैया की कथा सुनाई तो सभी श्रद्धलुओं के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली. वहीं, जब यशोदा मैया संवाद सुनाई तो सभी लोग भावुक हो उठे. चिलगु में चल रहे सनातन धर्म सम्मेलन से श्रद्धालुओं के साथ दुकानदारों के हृदय में भी आस्था जगी है. श्रीमद्भागवत कथा से उत्पन्न आस्था का ऐसा प्रभाव पड़ा है कि दुकानदारों ने मांस, मछली, अंडा की बिक्री बंद कर दी है. रविवार को लगने वाली साप्ताहिक हाट में इस बार मांस, मछली की दुकानें बंद रहीं. वहीं, प्याज-लहसुन प्रयोग कर तैयार किए जाने वाले खाद्य सामग्री जैसे समोसा, आलू चोप, पकौड़ा, भुजिया, गोलगप्पे भी नहीं बिके. इसके अलावा प्रतिदिन चिलगु मोड़ पर लगने वाली मुर्गा एवं मछली की दुकानें बीते मंगलवार से ही बंद है. सनातन धर्म सम्मेलन को लेकर चिलगु समेत आसपास के गांव कृष्णमय हो गया है. सनातन धर्म सम्मेलन के कारण चिलगु स्थित सरकारी शराब दुकान में बीते मंगलवार से शराब की बिक्री न के बराबर हो रही है. सुबह से शाम तक जिस सरकारी शराब दुकान में बड़ों से लेकर युवाओं की भीड़ बनी रहती थी.

## सारंडा में विस्फोट की तेज आवाज के बाद पुलिस घंटों रही परेशान

**संवाददाता । किरीबुरु**

सारंडा जंगल में अहले सुबह लगभग छः-साढे. छः बजे के बीच 2-3 तेज विस्फोट की अज्ञात आवाज सुनाई देने के बाद से विभिन्न थानों की पुलिस व सारंडा के जंगलों में कैंप किये सीआरपीएफ व कोबरा बटालियन के जवानों के बीच खलबली मची रही.

उक्त अज्ञात विस्फोट की आवाज सुनने के बाद विभिन्न बटालियन व कम्पनियों के सीआरपीएफ व कोबरा के पदाधिकारी व जवान के अलावे विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी एक-दूसरे से सम्पर्क कर इस आवाज को सत्यापित करने के प्रयास में घंटों लगे रहे. लेकिन कहीं से स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई. ऐसी चर्चा होती रही है विस्फोट की तेज आवाज सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु या फिर चिड़िया खदान क्षेत्र की जंगलों से आया है. हालांकि घने जंगलों में विस्फोट की आवाज का वास्तविक लोकेशन पता करना काफी कठिन हो जाता है. सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु, चिड़िया, गुआ आदि खदान प्रबंधनें भी लौह अयस्क की पहाड़ को तोड़ने के लिए विस्फोट करती है, लेकिन यह विस्फोट दोपहर के समय किया जाता है. पहले विस्फोट के दौरान तेज आवाज होती थी.

लेकिन अब खदान प्रबंधनों ने विस्फोट की तकनीक में बदलाव किया है, जिससे अब विस्फोट के दौरान आवाज कम तथा पहाड़ी को हिलाकर पत्थर को हल्का किया जाता है. चिड़िया खदान का उत्पादन भी बंद है. जिस कारण वहां की खदान में ब्लास्टिंग नहीं किये जाने की बात कही जा रही है. पिछले लगभग दो माह से सारंडा में अचानक बढ़ी नक्सल गतिविधियां के बाद सारंडा जंगल के कुदलीबाद, उसरुईया, बालिबा, तिरिलपोशी आदि अन्य घने जंगलों में सीआरपीएफ व कोबरा बटालियन के अतिरिक्त जवानों को उतारकर नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन तेज किया गया है. ये जवान जंगल में ही अस्थाई कैम्प लगाकर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं. स्वाभाविक है कि किसी अज्ञात तेज आवाज के बाद सभी चौकेंगे एवं यह पता लगाने की कोशिश करेंगे की आवाज कहां से आयी है. कहीं नक्सलियों द्वारा बनाये जा रहे लैंड माइन विस्फोट तो नहीं हुआ या जवानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा कहीं विस्फोट तो नहीं किया गया.

## 34 कैडेट्स ने दी एनसीसी ए सर्टिफिकेट की परीक्षा



**संवाददाता। घाटशिला**

केरला पब्लिक स्कूल (केपीएस) कदमा में एनसीसी ए सर्टिफिकेट की परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया. संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर घाटशिला के 34 एनसीसी कैडेट्स परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुए. सोमवार को विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय प्रधानाचार्या नीलकमल सिन्हा ने कहा इस तरह की परीक्षा में भाग लेना और सफल होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है. परीक्षा के दौरान निरीक्षक के रूप में 37 झारखंड बटालियन के एनसीसी अधिकारीगण, बटालियन के कमान अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, परमानेंट इंस्ट्रक्टर्स उपस्थित थे. विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार ने कहा कि इस परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को पिछले दो वर्षों से कई सिविल, सैनिक प्रशिक्षण, बाहरी एडवेंचर व प्रशिक्षण के पश्चात ही चयन किया गया है. यह परीक्षा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा कैडेट्स को एनसीसी ए सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए आयोजित की गई है.

**विमर्श**

### लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान के प्रतिनिधिमंडल राहुल गांधी से मिले

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा सकारात्मक पहल है

**सुकेश कुमार । चाईबासा**



**दिये सुझाव**

- समान विचारधारा वाले दलों को मिलकर लड़ने की जरुरत
- जल्द से जल्द सीट वार गठबंधन तय होना चाहिए

लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान के प्रतिनिधिमंडल भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी से इरबा सभा से पूर्व मिलकर झारखंड के जमीनी मुद्दों और 2024 लोकसभा चुनाव पर व्यापक चर्चा किया.

प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को कहा कि अभियान का स्पष्ट मानना है कि मोदी सरकार, आरएसएस व भाजपा समाज, झारखंड, देश, लोकतंत्र, संविधान और मेहनतकश वर्ग के लिए सबसे बड़े खतरे हैं. इसे खत्म किया जा रहा है. इन खतरों से लड़ने की दिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक सकारात्मक पहल है. इस पहल को मजबूती से 2024 लोकसभा चुनाव में जनता की लड़ाई तक ले जाने के लिए इस संघर्ष में सभी लोकतंत्र पसंद लोगों, संगठनों और पार्टियों को मिलकर जन मुद्दों पर साझा ज़मीनी संघर्ष करने की ज़रूरत है. साथ ही, जल्द-से-जल्द सीट वार गठबंधन तय होना चाहिए. जनता की मांग अनुरूप व क्षेत्र की सामाजिक स्थिति के अनुसार साझा स्थानीय प्रत्याशी की भी ज़रूरत है. प्रतिनिधिमंडल ने मोदी सरकार व भाजपा के हमलों जैसे देश को हिंदू राष्ट्र बनाना, सांप्रदायिकता, उपा, सीएए समेत दमनकारी कानून, आदिवासी-दलितों को फर्जी मामले में फंसाना, बढ़ती गैर बराबरी, बेरोजगारी, बहुजन समाज की नौकरी में कम प्रतिनिधित्व आदि पर विस्तृत चर्चा किया. कांग्रेस पार्टी समेत सभी विपक्षी गठबंधन को मोदी सरकार के विनाशकारी नीतियों के विरुद्ध जन पक्षीय कानूनों व नीतियों के लिए स्पष्ट व साझा प्रतिबद्धता दर्शाने की ज़रूरत है.

राहुल गांधी मुद्दों को माने और अपने विचार रखे. प्रतिनिधिमंडल में राज्य के विभिन्न जिलों व अभियान से जुड़े संगठनों के सदस्य अफ़जल अनीस, अंबिका यादव, अलोका कुजूर, दिनेश मुर्मू , एलिना होरो, प्रवीर पीटर, पीएम टोनी, प्रियशीला बेसरा, रोज़ खाखा और सिराज दत्ता शामिल हुए. इस दौरान सुझाव दिया गया कि कई दशकों के संघर्ष के कारण देश में जन अधिकारों का विस्तार हो रहा था जिसे खत्म कर दिया. फिर से जन अधिकारों के विस्तार की दिशा में बढ़ाना होगा.

#### जनजातीय महासम्मेलन को लेकर एसटी मोर्चा की बैठक


**किरीबुरु।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक हाटगम्हरिया नया बस स्टैंड परिसर में हुई. इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ तियु ने की. बैठक में 11 फरवरी को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित जनजातीय महासम्मेलन और प्रदेश निर्देशित कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव है. भाजपा की लहर चल रही है. जनता का आशीर्वाद से भाजपा दोनों चुनाव जीतेगी. जनजातीय महासम्मेलन को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी संबोधित करेंगे.

### न्यूज अपडेट

#### कांदरबेड़ा-डोबो सड़क पर नो इंट्री में आंशिक बदलाव

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कपाली ओपी अंतर्गत डोबो में श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम के दौरान कांदरबेड़ा-डोबो सड़क पर लगाए गए नो इंट्री के समय में आंशिक बदलाव किया गया है. नए आदेश के तहत अब उक्त सड़क पर सुबह 10 बजे से देर शाम नौ बजे तक सभी प्रकार के मालवाहक भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा. सरायकेला-खरसावां के जिला परिवहन पदाधिकारी ने उक्त आदेश जारी किया है. जारी आदेश के तहत पांच से नौ फरवरी तक कांदरबेड़ा-डोबो सड़क पर सभी प्रकार के मालवाहक भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा. उक्त आदेश चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दिए गए पत्र के आलोक में जारी किया गया है. श्री त्रिकालदर्शी सेवा समिति द्वारा पांच से नौ फरवरी तक कपाली के डोबो में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम के मद्देनजर पहले उक्त सड़क पर दोपहर 12 से शाम छह बजे तक नो इंट्री लगाया गया था.

#### झारखंडी खतियान समिति ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**घाटशिला।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को घाटशिला प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा को ज्ञापन सौंपा. इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के कोल्हान प्रमंडल के महासचिव रामदास मुर्मू ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पिछले महीने आपके द्वारा आपकी सरकार कार्यक्रम में लिया गया आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादन करने के संबंध में मांग किया गया है. साथ ही साथ मांग की गई है कि अबुआ आवास चयन में हो रही भारी गड़बड़ी पर रोक लगाई जाए, ऑनलाइन लगान रसीद काटने में हो रही परेशानी, ग्रामसभा घर के अंदर नहीं किया जाए सार्वजनिक स्थल पर किया जाए व आम आदमी को राशन डीलर 1 किलो चावल कम देना बंद हो.

#### किरीबुरु के फुटबॉल मैदान में कल होगा उनुरूम कार्यक्रम

**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु खदान प्रबंधन ने सीएसआर योजना के तहत आदिवासी कल्याण केन्द्र, किरीबुरु के सहयोग से उनुरूम (पहचान) कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है. यह कार्यक्रम आगामी 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे आदिवासी कल्याण केन्द्र एवं फुटबॉल मैदान किरीबुरु में आयोजित की जायेगी. इस संबंध में विस्तृत जानकारी आदिवासी कल्याण केन्द्र के पदाधिकारी गोपी लागुरी ने देते हुये बताया की हो आदिवासी भाषा में उनुरुम का अर्थ पहचान होता है. इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी जनजातीय पारम्परिक प्रदर्शनी आयोजित किया जायेगा. कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम कमलेश राय व अन्य विशिष्ट अतिथि करेंगे. इस दौरान आदिवासियों का पौराणिक परम्परा से जुडी.चुर, सेकोर, तीरंदाजी आदि खेल प्रतियोगिता, नृत्य आदि का आयोजन होगा.

#### भुइयांडीह में टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह छायानागर स्थित एक टेंट हाउस के गोदाम में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई. गोदाम से आग निकलता देख स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी टेंट हाउस के मालिक प्रभात कुमार को दी. सूचना पाकर प्रभात कुमार मौके पर पहुंचे. इधर, सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग के दो दमकल भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया. आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. प्रभात कुमार ने बताया कि उक्त गोदाम पर टेंट हाउस का सामान रखते है.

#### लोकेश्वरनाथ मंदिर का स्थापना दिवस 10 को



**किरीबुरु।** श्री श्री लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर, किरीबुरु का 10 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया जाएगा. मंदिर कमेटी समारोह को किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के भक्तों के सहयोग से भव्य तरीके से मनाने की तैयारियों में लगी है. इस संबंध में मंदिर कमेटी ने कहा कि 10 फरवरी को श्री श्री लोकेश्वरनाथ धाम किरीबुरू में प्रभु की असीम कृपा एवं आम भक्तों के सहयोग से मंदिर परिसर की सजावट, साफ-सफाई के अलावे सुबह 8 बजे से रूद्राभिषेक व अन्य पूजा का कार्य प्रारम्भ होगा.

#### कापागोड़ा में सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल



**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के कापागोड़ा ओवर ब्रिज के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोग एवं पुलिस की मदद से घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां डॉ शिप्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद टीएमएच रेफर कर दिया गया. बताया जा रहा है कि चाकुलिया निवासी कमलेश कुमार गिरि अपने घर चाकुलिया जाने के क्रम में घायल हो गए. कमलेश के सर व चेहरे में काफी गंभीर चोट लगी है. इसकी सूचना मिलते ही जिला पार्षद कर्ण सिंह व घाटशिला थाना के एसआई रोशन खाखा मामले की जानकारी ली.

#### कार्यकर्ता न्याय यात्रा में शामिल होने जाएंगे खूंटीः अम्बुज



**आदित्यपुर।** सांसद गीता कोड़ा के आह्वान पर कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अम्बुज कुमार के नेतृत्व में कल प्रातः 4 बजे कांग्रेस जन खूंटी जिला के लिए प्रस्थान करेंगे. भारत जोड़ो न्याय यात्रा में खूंटी से लेकर ओडिशा बॉर्डर तक सरायकेला खरसावां के कांग्रेस जन न्याय यात्री के रूप में राहुल गांधी के साथ पदयात्रा करेंगे. यह निर्णय आदित्यपुर स्थित स्वर्णरेखा गेस्ट हाउस में सोमवार को कांग्रेस की बैठक में लिया गया. अम्बुज कुमार ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में प्रदेश सचिव सुरेश धारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल यादव, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, बबलू पूर्ति, गुड्डू पंडित, रमेश ठाकुर आदि इसमें भाग लेंगे.

#### डीएसपी विधि व्यवस्था तौकीर ने संभाला पदभार



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के विधि व्यवस्था डीएसपी के रूप में तौकीर आलम ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान एएसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सर्वप्रथम नए डीएसपी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, इसके बाद पदभार सौंपा. इसके उपरांत आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की गई. डीएसपी तौकीर आलम ने अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी थानों का निरीक्षण किया और थानेदारों से मिलकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि यह उनकी चौथी पोस्टिंग है.

#### इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में सैयद प्रथम



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के अधिवक्ता गुड्डू हैदर के बेटे सैयद शयान हैदर ने टेल्को स्थिक वैली व्यू स्कूल में चल रहे इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. शयान वैली व्यू स्कूल में कक्षा पांचवी का छात्र है. प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उसे गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया. वहीं शयान की बहन सुमरा हैदर ने भी दूसरा स्थान प्राप्त किया है. इससे परिवार में खुशी की लहर है.

#### भाजमो ने बूथ समिति गठन को लेकर की बैठक



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय के निर्देश पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) ने बूथ समिति विस्तार का कार्य शुरू कर दिया है. इसी क्रम में सोमवार को भाजमो पूर्वी मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार ने बिरसानगर में बूथ समिति गठन के लिए सभी मतदान केंद्र प्रभारी एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. इसमें जन समस्याओं के निदान को लेकर भी विचार विमर्श किया गया. बैठक में मौजूद केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा ने जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा.

न्याय यात्रा : गांधी चौक पर बापू को किया नमन, शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह को दी श्रद्धांजलि

## स्कूली बच्चों को जीप पर बैठा कर राहुल गांधी ने खूब की मस्ती

संवाददाता। रामगढ़

झारखंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सोमवार को जिले के सिदो कान्हू मैदान से शुरू हुई. राहुल गांधी अपनी खुली जीप में बैठ कर सिद्धू कानू मैदान से चट्टी बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंचे. वहां उन्होंने प्रतिमा स्थल पर बापू को नमन किया और अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए. रास्ते में राहुल ने जवाहर बाल मंच द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देख अपने काफिला को रोक दिया.

इस दौरान बच्चों ने गुलाब का फूल देकर राहुल गांधी का स्वागत किया. इसके बाद उन्होंने बच्चों को अपनी जीप में बैठाया और उनके साथ सेल्फी व फोटो ली. राहुल ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ खूब बातचीत और मस्ती की. काफिला आगे बढ़ते हुए रामगढ़ के सुभाष चौक, ब्लॉक चौक होते हुए शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के शहादत स्थल पर पहुंचा. यहां राहुल ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. न्याय यात्रा में झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, प्रदेश महासचिव बलजीत बेदी, जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, ममता देवी सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए.

### उमड़े समर्थक

- कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने किया गर्मजोशी से स्वागत
- सुभाष चौक व ब्लॉक चौक होते हुए यात्रा रांची रवाना



### हजारों की संख्या में सड़क पर नजर आए लोग



राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर समर्थकों में काफी उमंग और जोश देखने को मिला. राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क पर नजर आए. गांधी चौक पर बड़ी संख्या में गाजे-बाजे के साथ खड़े कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया. वहीं, सुभाष चौक पर राहुल गांधी से हाथ मिलाने के लिए लोगों में होड़ मची थी. इसके पूर्व बीती रात राहुल रामगढ़ के सिदो कान्हू मैदान में रात्रि विश्राम किया था. इसके बाद उन्होंने सोमवार सुबह करीब 8 बजे अपनी न्याय यात्रा प्रारंभ की.

मनरेगा आयुक्त ने दिया योजना तैयार करने का निर्देश

## 7 साल बाद याद आया प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम, सुधरेंगे हालात

संवाददाता। टाटीझरिया (हजारीबाग)

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत प्रथम चरण में घोषित गावों में अब तक किसी प्रकार का विकास कार्य नहीं हो सका है. सात साल बाद मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, रांची की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई, जिसमें प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित हजारीबाग जिले के 14 गावों को ग्राम विकास योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है.

इसके अंतर्गत कुल 383 लाख रुपए की योजना तैयार की जानी है. इसमें हजारीबाग जिले में बड़कागांव प्रखंड से देवगढ़, मोतरा व कायलैंग, केरेडारी प्रखंड से कराली, मनातू व लोहरा, कटकमसांडी प्रखंड से असधीर, कटकमदाग प्रखंड से सिरसी व बेस, चौपारण प्रखंड से अहरी, करमा व पड़रिया, टाटीझरिया प्रखंड से मुरुमातु, चलकुशा प्रखंड से नरैना गांव को प्रथम चरण में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम के लिए चयनित किया गया है.

इन चयनित गांवों में ऐसे सभी बुनियादी ढांचे होंगे, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा. गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत अन्य से संबंधित योजनाओं को क्रियान्वयन किया जाना है.

### ब्रीफ खबरें

#### क्रशर में विद्युत विभाग ने मारा छापा, जुर्माना

**टाटीझरिया।** थाना क्षेत्र के हटवे में संचालित पत्थर क्रशर में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार शर्मा ने छापेमारी की. इस दौरान बिना मीटर लगाए बिजली का उपयोग करते पाया गया. यहां पिछले कई वर्षों से क्रशर मालिक अरविंद मेहता द्वारा बिना मीटर लगाए बिजली का उपयोग किया जा रहा था. कनीय अभियंता ने 2 लाख 69 हजार 40 रुपये का जुर्माना लगाया गया. सूचना के मुताबिक क्रशर मालिक ने जुर्माना की राशि जमा कर दिया है.

#### महुआटांड़ में खेत से देसी भराठी बंदूक जब्त

**टाटीझरिया।** थाना क्षेत्र के खैरा-महुआटांड़ में छापेमारी कर पुलिस ने एक देसी भराठी बंदूक बरामद किया है. इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 07/24 दर्ज किया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महुआ टांड़ के एक खेत में एक बंदूक फेंका हुआ है. सूचना के सत्यापन के लिए थाने के एएसआई राम प्रवेश राय दल-बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे. जांच के दौरान खेत में एक देसी भराठी बंदूक बरामद किया गया.

#### सर्वांगीण विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण : ध्रुवराज

**हजारीबाग।** रोजबड स्कूल, दीपूगढ़ा में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुरुआत हुई. पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के रिटायर्ड शारीरिक प्रशिक्षक ध्रुवराज सिंह ने विद्यालय की सचिव पिंकी सिंह एवं प्राचार्य अजय कुमार सिंह के साथ संयुक्त रूप से बैलून उड़ा कर एवं फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर ध्रुवराज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीन विकास के लिए खेल काफी जरूरी है. हम स्वस्थ रहकर ही हम सकारात्मक और कुशाग्र बन सकते हैं. वहीं, पिंकी सिंह ने बच्चे-बच्चियों को प्रोत्साहित किया. आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के अमन दीप, पप्पू कुमार, श्रवण कुमार महतो, शशिकांत पांडेय, सुनील कुमार, ओंकार मिश्रा, किरण कुमारी, रश्मि अम्बष्ठ, रंजना सिंह, सुनीता कुमारी की भूमिका रही.

#### राहुल को छिन्नमस्तिका मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट

**हजारीबाग।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड प्रदेश में तीसरे प्रवास स्थल रामगढ़ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. इस दौरान झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने राहुल गांधी को मां छिन्नमस्तिका मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया. मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता, स्थानीय कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद थे.

हजारीबाग में मैट्रिक के 27694 व इंटर के 27400 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा आज से

### तैयारी पूरी

- मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए हैं 78 केंद्र
- 56 केंद्रों पर होगी इंटर के तीनों संकायों की परीक्षा

शुभम संदेश टीम। हजारीबाग

झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा 6 फरवरी से प्रारंभ हो रही है. जिले में मैट्रिक परीक्षा के लिए 78 और इंटर की परीक्षा के लिए 56 केंद्र बनाए गए हैं. जिले के 16 प्रखंडों में 15 प्रखंडों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. सिर्फ शहर से नजदीक होने के कारण कटकमदाग प्रखंड में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है.

मैट्रिक की परीक्षा में 27694 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 27400 परीक्षार्थी शामिल होंगे. पिछले वर्ष की तुलना में इस बार इंटर के परीक्षार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है. पिछले साल लगभग 22000 परीक्षार्थी ही इंटर की परीक्षा में शामिल हुए थे. परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने के पीछे की मुख्य वजह पिछले साल मैट्रिक की परीक्षा में ले का बेहतर परिणाम बताया जा रहा है. मैट्रिक की परीक्षा में पिछले दो सालों में 90% से अधिक विद्यार्थी पास हुए हैं. इंटर के परीक्षार्थियों में इस बार विज्ञान संकाय में 7737 परीक्षार्थी हैं.

वहीं, इंटरमीडिएट आर्ट्स की परीक्षा में 18359 और वाणिज्य संकाय में 1337 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे.



### कोडरमा में 25 केंद्रों पर मैट्रिक और 12 केंद्रों पर इंटर परीक्षा

#### मैट्रिक के 12657 और इंटर के 9536 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कोडरमा।** जिले के 25 केंद्रों पर मैट्रिक एवं 12 केंद्रों पर इंटरमीडिएट परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी. डीईओ नयन कुमार ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है. उन्होंने बताया कि जिले में मैट्रिक के 12,657 तथा इंटरमीडिएट के 9,536 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर 1068 वीक्षक लगाए गए हैं, जिनमें 294 विद्यालय में पदस्थापित हैं.
परीक्षा केंद्रों पर कर्मचारी एवं शिक्षक मोबाइल नहीं ले जा सकते हैं. अगर लेकर चले भी गए, तो प्रधानाचार्य के पास जमा करवाना पड़ेगा. वहीं, गले में आइकार्ड लगाना भी अनिवार्य है. उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों, दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं. वहीं, कदाचामुक्त व पारदर्शी तरीके से परीक्षा के संचालन को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है. परीक्षार्थियों को कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या गैजेट्स परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है. केंद्र में प्रवेश के समय एडमिट कार्ड पास में रखना अनिवार्य है.

सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से परीक्षा का संचालन कराया जा सके. डीसी ने सभी केंद्राधीक्षकों, उड़नदस्ता दल, दंडाधिकारियों, वीक्षकों और परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों व जवानों को परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं. बता दें कि मैट्रिक व इंटर की लिखित परीक्षाएं 26 फरवरी तक चलेंगी, जबकि 29 फरवरी से 12 मार्च तक प्रैक्टिकल परीक्षा होगी.

### मैट्रिक व इंटर परीक्षा से संबंधित जरूरी तथ्य

- मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा 6 से 26 फरवरी तक संचालित होगी.
- मैट्रिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9.45 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी.
- इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी.
- परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा.
- परीक्षा केंद्रों में पेयजल और शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं रहेंगी.

### रामगढ़: 12648 विद्यार्थी देंगे मैट्रिक की परीक्षा

**रामगढ़।** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी ताह तैयार है. रामगढ़ जिले में 52 परीक्षा केंद्रों पर 12648 परीक्षार्थी मैट्रिक परीक्षा देंगे. वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 13020 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे. उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी केंद्राधीक्षकों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता एवं कदाचारमुक्त तरीके से संचालन कराने का निर्देश दिया है.

शिक्षकों की लापरवाही अधर में 4 परीक्षार्थियों का भविष्य

## मैट्रिक परीक्षा देंने से रहेंगे वंचित

संवाददाता। केरेडारी

एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय केरेडारी में शिक्षकों की लापरवाही से मैट्रिक के चार विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड नहीं मिला. दरअसल चारों परीक्षार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरकर विद्यालय में जमा किया था, लेकिन यहां से झारखंड अधिविध परिषद को फॉर्म भेजा ही नहीं गया. उक्त छात्र जब एडमिट कार्ड डाउनलोड करने लगे, तो एडमिट कार्ड जारी नहीं हुआ है. जांच हुई, तो पता चला कि परीक्षा फॉर्म विद्यालय में ही रह गया.

विद्यालय की इस लापरवाही से चारों परीक्षार्थियों के भविष्य पर बड़ा संकट खड़ा गया है. जिन परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड नहीं जारी हुआ, उनमें पेटो गांव की श्वेता कुमारी, केरेडारी के समीर अंसारी, करण कुमार व मनीष ठाकुर शामिल हैं. बता दें कि मैट्रिक की परीक्षा 6 फरवरी यानी मंगलवार से शुरु हो रही है. ऐसे में उक्त चारों विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे. इन छात्र-छात्राओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने की बात कही है. इस सबंध में शिक्षक राकेश पंडित ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों से गलती हुई है. हम सभी प्रयास कर रहे हैं. अगर बच्चे बोर्ड परीक्षा लिख पाते हैं, तो ठीक है, नही तो अगले साल ही लिख सकते हैं.



### परीक्षार्थी परेशान

- विद्यालय ने जैक को नहीं भेजा चारों का परीक्षा फॉर्म
- एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय केरेडारी का है मामला

> बच्चे लिखित शिकायत करते हैं, तो जांचोपरांत संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खिलाफ विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी.
> – उपेंद्र नारायण, डीईओ, हजारीबाग.

### विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष बने सुरेंद्र राणा

**टाटीझरिया।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के जिला कोर कमेटी सदस्य प्रो. बसंत नारायण के नेतृत्व में प्रखंड विश्वकर्मा समाज की बैठक बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में हुई. अध्यक्षता नागेश्वर राणा ने किया. इस दौरान प्रखंड स्तरीय विश्वकर्मा समाज कमेटी का गठन किया गया. इसमें संरक्षक तालेश्वर राणा, अमृत राणा, महादेव राणा, रामलखन राणा, जगदीश राणा, दशरथ राणा, रामलखन राणा को बनाया गया. वहीं, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा, सचिव नागेश्वर राणा, उपाध्यक्ष किशोरी राणा, उपसचिव अर्जुन राणा, कोषाध्यक्ष सुनील, उपकोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राणा को चुना गया. कार्यकारिणी सदस्य सन्नी राणा, सुनील राणा, मनोज राणा, सहदेव कुमार राणा, रामु राणा, अनिल राणा को मनोनीत किया.

## यूथ विंग ने सदर एसडीओ को दी सेवा कार्यों की जानकारी

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया. हजारीबाग यूथ विंग द्वारा किए गए सेवा कार्यों को विस्तार पूर्वक रखा गया. मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि हजारीबाग यूथ विंग हर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में पिछले दो वर्षों से अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही है.

यूथ विंग के पदाधिकरियों ने यह भी बताया कि गोशाला में भी विंग के द्वारा सेवा प्रदान की जाती है. सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद नवनियुक्त सदर एसडीओ अशोक कुमार ने कहा कि आप लोगों की सेवा बहुत ही अच्छी है. हमें जब आप सबों की सेवा की जरूरत होगी, तो अवश्य याद करेंगे. यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि सदर एसडीओ से मुलाकात के दौरान कई अहम विषयों पर चर्चा हुई. साथ ही कहा कि हजारीबाग यूथ विंग जल्द ही रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है. मौके पर सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ. बी. वेंकटेश, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे, विकास तिवारी, मो. ताजुद्दीन एवं शानू सिंह सहित कई लोग मौजूद थे.

चंपई सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर डॉ. आरसी मेहता बोले

## अधूरे कार्यों को पूरा करेगी सरकार

संवाददाता। हजारीबाग

चंपई सरकार ने सोमवार को विधानसभा में बहुमत से विश्वास मत हासिल कर लिया. कांग्रेस के प्रमंडलीय नेता डॉ. आरसी मेहता ने महागठबंधन परिवार की तरफ से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन की हेमंत सरकार बहुत अच्छी तरह से चल रहा थी. करीब 2 साल कोरोना काल रहा, इसके बावजूद अन्य राज्यों की तुलना में राज्य सरकार ने सराहनीय कार्य किया.

गठबंधन सरकार के तत्कालीन कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पहल पर हजारीबाग जिलेवासियों के लिए टोल टैक्स निःशुल्क किया गया. हेमंत सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास, 60 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, 50 वर्ष के आदिवासी दलित को वृद्धा पेंशन, पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक के रूप में प्रोन्नति आदि अनेकों सराहनीय कार्य किए. मेहता ने यह भी कहा कि हेमंत सरकार के अधूरे कार्यों को चंपई सरकार निश्चित तौर पर पूरा करेगी.

डॉ मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जन-जन के जमीनी नेता और शालीनता के प्रतीक हैं. चंपई सरकार झारखंडियों के सपनों को साकार करेगी. इस दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता मंडल, गिरधारी महतो, डॉ. दीपक सिंह, संजय दास, सुदीप धवन, राजवल्लभ प्रसाद, ब्रजकिशोर मेहता, वीरेंद्र सिंह, मनोज मेहता, खगेंद्र कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, मिस्टर अंसारी, राजबल्लभ मेहता, शशिकांत मेहता, महेश महतो, प्रदीप प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, मिथिलेश मेहता, रंजीत प्रसाद मेहता आदि मौजूद थे.



### रखे विचार

- हेमंत सरकार में झारखंड में हुए अनेकों सराहनीय कार्य
- झारखंडियों के सपनों को साकार करेगी चंपई सरकार

### राष्ट्रीय लोजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बने राज

**रामगढ़।** केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार राज को केंद्रीय संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया है. इससे प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह है. राज कुमार राज अभी दिल्ली में हैं. युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को धन्यवाद दिया और नव मनोनीत केंद्रीय बोर्ड के सदस्य राज कुमार राज को बधाई दी. उन्होंने कहा कि राज कुमार राज को केंद्रीय बोर्ड का सदस्य बनाए जाने से झारखंड में पार्टी को बल मिलेगा. बधाई देने वालों में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार रवानी, युवा प्रदेश सचिव दिलीप कुमार, राष्ट्रीय लोजपा के जिला अध्यक्ष शंकर कालिंदी, युवा जिला अध्यक्ष एहसान रजा, नगर अध्यक्ष पवन महतो, मो. मुबारक, दीपक महतो, अमरनाथ कुमार, विशाल कुमार, सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे.

स्थानीय नीति व नियोजन नीति पर बोले टाइगर जयराम महतो

## हम झारखंडियों की मांग जायज

संवाददाता। रामगढ़

चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो पहुंचे. यहां प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी जगेश्वर महतो नागवंशी ने उनका स्वागत किया. इस दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति हम झारखंडियों की जायज मांग है.

इसे हम हर हाल में प्राप्त करेंगे. वहीं क्रांतिकारी रिजवान अंसारी ने कहा कि झारखंड की राजनीति में युवाओं की भागीदारी समय और परिस्थितियों की मांग है. हम युवाओं के दम पर झारखंड की दिशा व दशा तय करेंगे. इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखीं. सभी ने एक सुर में कहा कि झारखंड के आदिवासी व मूलवासियों के हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे. साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में जेबीकेएसएस की भागीदारी को लेकर भी वृहत चर्चा की गई.

मौके पर दशरथ महतो, जगदेव महतो, सुधीर कुमार अकेला, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, मनोज चौधरी, राज किशोर महतो, राजू महतो, अरुण महतो, अमित राम, वहाज अंसारी, सिकंदर कुमार, देवेंद्र महतो, चंदन महतो, सीताराम, रोहित लाल महतो, रोशन महतो, कमला देवी, मीना देवी, सविता देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, रूपम देवी, वीणा देवी, गुड़िया देवी बिंदेश्वरी देवी, मंजू देवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे.



### नुक्कड़ सभा

- मारंगमरचा में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष का स्वागत
- झारखंड की राजनीति में हो युवाओं की भागीदारी : रिजवान

गोरखधंधा

चौपारण सीएचसी से 200 मीटर की दूरी पर अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र का किया जा रहा संचालन

## दवा दुकान की आड़ में चल रहा लिंग जांच और भ्रूण हत्या का खेल

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के जीटी रोड चतरा मोड़ देवी मंडप के समीप दवा दुकान की आड़ में धड़ल्ले से अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड केंद्र चलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है. यहां स्वास्थ्य विभाग के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए भ्रूण हत्या और लिंग जांच का खेल खुलेआम चल रहा है. इस अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र में गलत तरीके से क्लीनिक भी चल रहा है. जहां दवा दुकान के संचालक की पत्नी की देखरेख में भ्रूण हत्या का खेल चल रहा है.

बता दें कि इस अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र से 200 मीटर दूरी पर सामुदायिक अस्पताल है. सूत्र बताते हैं कि वहां के कुछ चिकित्सकों और कर्मियों भी इस अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालक से मिलीभगत है. वहीं, अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र के कर्मी सरकारी अस्पताल के इर्द-गिर्द मंडराते रहते हैं. इस अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र पर चौपारण के अलावा हजारीबाग के अन्य क्षेत्रों, चतरा, कोडरमा, धनबाद और बिहार के कई जिलों के लोग भ्रूण जांच कराने के उद्देश्य से पहुंचते हैं.

सूत्रों की मानें, तो इस अवैध अल्ट्रासाउंड के संचालक को कुछ सफेदपोश नेताओं की शह मिली हुई है. इनकी पहुंच स्वास्थ्य महकमे तक है. इस अल्ट्रासाउंड केंद्र में संचालित दवा दुकान को थोक विक्रेता का लाइसेंस निर्गत किया गया था. लेकिन, विभागीय जांच में यहां खुदरा दवा की बिक्री करते पाया गया. विभाग ने गत माह इस दवा दुकान का लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया था. ऐसे में जांच का विषय है कि निलंबन के बाद भी आखिर दवा दुकान किसके लाइसेंस पर चलाया जा रहा है.



अल्ट्रासाउंड केंद्र और महिला मरीज के अल्ट्रासाउंड जांच के कागजात.

### विभाग मौन

- अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक को सफेदपोशों की शह
- लाइसेंस निलंबित, फिर भी चलायी जा रही दवा दुकान

> प्रखंड में अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालन का मामला सामने आया है. संबंधित विभाग को जानकारी देकर एवं जांच कराई जाएगी. मामला सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.
> – डॉ. भुवनेश्वर, एमओ चौपारण सीएचसी.

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

ताजपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि लइक अहमद उर्फ फोलटेन खान ने बताया कि यहां दवा दुकान की आड़ में अवैध तरीके से नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड का संचालन किया जा रहा है. यहां गर्भवती महिलाओं की काफी भीड़ रहती है, जो अल्ट्रासाउंड और लिंग जांच करवाने आती हैं. लिंग जांच कर इसी अवैध क्लीनिक में भ्रूण हत्या का खेल भी चलता है. उन्होंने यह भी बताया कि इस अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालक प्रमोद नाम का व्यक्ति है और चौपारण क्लीनिक भी इसी का है.


चुनाव में अहम रोल निभाएगा विश्वकर्मा समाज

## भाजपा कर रही है विश्वकर्मा समाज की अनदेखी : किशोरी

संवाददाता। हजारीबाग



नव झारखंड फाउंडेशन के संस्थापक सह समाजसेवी किशोरी राणा ने कहा है कि हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड भाजपा इकाई के विभिन्न पदाधिकारियों की सूची जारी की है. लेकिन इस सूची में झारखंड के किसी भी जिले में विश्वकर्मा समाज से किसी को भी कोई पद नहीं दिया गया है, जो कि समाज की अनदेखी की ओर इशारा करता है. बकौल राणा, झारखंड में विश्वकर्मा समाज लगभग 25 से 30 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है. उन्होंने कहा कि वह बड़े अचरज में हैं कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में विश्वकर्मा समाज से न अध्यक्ष चुने गए और ना ही प्रभारी. इतनी बड़ी पार्टी विश्वकर्मा समाज की राजनीतिक भागीदारी को नजरअंदाज कर रही है. उन्होंने दावा किया कि झारखंड में इस बार विश्वकर्मा समाज आगामी चुनाव में अहम रोल निभाएगा.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — दिन बोझिल होगा पर शाम से नवम चंद्र है. धर्म-कर्म में मन लगेगा. स्वास्थ्य की चिंता समाप्त होगी. निवास संबंधी समस्या रह सकती है. कुसंगति से बचें. कर्ज लेना पड़ सकता है. वस्तुएं संभालकर रखें. व्यर्थ मामलों में उलझना पड़ सकता है.

**वृषभ** — विवाद से दूरी बनाए रखें. मानसिक तनाव होगा. सोचे कार्यों में सफलता मिलेगी. अवसरों को न जाने दें. परिवार के सदस्यों से मतभेद हो सकते हैं. लेनदारी वसूल होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी.

**मिथुन** — मौसमी बीमारियों से बचें. व्यापार में लाभ का अच्छा योग है. आजीविका संबंधी चिंता का समाधान होगा. ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी. नई योजना बनेगी. मान-सम्मान मिलेगा. कार्यसिद्धि होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** — मानसिक शांति की आवश्यकता है. कार्य में तरक्की की संभावना बढ़ेगी. रुका पैसा मिलेगा. पूजा-पाठ में मन लगेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर तनाव रहेगा. व्यापार में लाभप्रद होगा.

**सिंह** — शिक्षा में लाभ का मौका मिलेगा. प्रापर्टी के विवाद हल होंगे. आजीविका में आने वाली रुकावटें दूर होने के योग हैं. लम्बी यात्रा में सावधानी रखें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. सूर्य को अर्घ दें.

**कन्या** — किसी से विवाद हो सकता है. संतान के कार्यों से असंतोष रहेगा. मित्रों से अनबन होगी. सामाजिक सम्मान में कमी आएगी. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. शारीरिक कष्ट संभव है.

**तुला** — समय अनुकूल है. आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रह सकेगी. आशा-निराशा की स्थिति रहेगी. अपने खर्च, लेन-देन पर नियंत्रण रखें. ऐश्वर्य पर खर्च होगा. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. रोजगार मिलेगा. प्रसन्नता रहेगी.

**वृश्चिक** — धन के आगमन से मन खुश होगा. विरोधियों पर विजय और रुके धन की प्राप्ति हो सकती है. शिक्षा के क्षेत्र में वांछनीय प्रगति होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें.

**धनु** — समय अनुकूल है. सुखद समाचार मिल सकता है. विवाद न करें. मेहनत अधिक, लाभ कम होगा. काम-धंधे की चिंता से मन उदास होगा. परिवार में कलह, क्लेश का माहौल रहेगा. सतर्कता रखें.

**मकर** — खर्च अधिक होगा. कोई बड़ी प्रयास सफल रहेंगे. मान-सम्मान मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. पैतृक संपत्ति के क्षेत्र में उन्नति होगी. विभिन्न स्रोतों से धन लाभ होने के योग हैं. जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं.

**कुंभ** — शुभ समाचार मिलेंगे. मान बढ़ेगा. धनार्जन होगा. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. अध्यात्म और विज्ञान में रुचि बढ़ेगी. नौकरी, राजनीति के क्षेत्र में भाग्योदय की संभावना है. घर में मांगलिक आयोजन होंगे. शनि देव का ध्यान पूजन करें.

**मीन** — पिता के कार्य का अनुसरण करें. वाहन की गति पर नियंत्रण रखना जरूरी है. आर्थिक उन्नति संबंधी शुभ समाचार प्राप्त होंगे. साझेदारी व्यवसाय में इच्छित लाभ के योग बनेंगे. गाय को हरा चारा दें.

### दीक्षांत मंडप में आयोजित होगा कार्यक्रम, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे मुख्य अतिथि

# डीएसपीएमयू का पहला दीक्षांत समारोह 21 को

संवाददाता। रांची

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह 21 फरवरी को रांची विवि के दीक्षांत मंडप में आयोजित की जाएगी. झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन इस दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि होंगे. 23 फरवरी को डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस बात की जानकारी विवि के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने दी. शांडिल्य ने बताया कि दीक्षांत समारोह में रांची कॉलेज से पास किये स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को भी गोल्ड मेडल और डिग्री दी जाएगी. कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने अब तक गोल्ड मेडल के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे अंतिम समय पर भी करवा सकते हैं.

गोल्ड मेडल लेने वाले छात्रों को रजिस्ट्रेशन का कोई शुल्क नहीं लगेगा. प्रेस कॉफ्रेंस में विवि के रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. एमएस अब्बाज, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशिष झा, पीआरओ प्रो. राजेश कुमार सिंह और डॉ. एन महतो मौजूद रहे.



#### 198 छात्रों को दिये जाएंगे गोल्ड मेडल

स्नातकोत्तर और स्नातक के कुल 198 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाना है. स्नातकोत्तर सेशन 2018-20 के कुल 38 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे. वहीं सेशन 2019-21 के 39 और 2020-22 के 45 छात्रों को गोल्ड मेडल मिलेंगे. स्नातक सेशन 2018-20 के 36 और 2019-22 सेशन के 40 छात्रों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगे.

#### कुर्ता पजामा और साड़ी है ड्रेस कोड

दीक्षांत समारोह में ड्रेस कोड रखा गया है. लड़कों के लिए सफेद कुर्ता पजामा और लड़कियों के लिए सफेद लाल पाड़ साड़ी या सफेद सलवार सूट के साथ लाल दुपट्टा पहनकर आना है. इसके साथ विवि की ओर से पट्टा दिया जाएगा. सभी स्ट्रीम के छात्र-छात्राओं को अलग-अलग रंग का पट्टा दिया जाएगा. पट्टा और एंट्री पास 16 से 18 फरवरी को विवि के ऑफिशियल समय पर दी जाएगी. रिपोर्टिंग टाइम 9:30 बजे रखा गया है. एंट्री पास में सीट नंबर भी होगा, उन्हें उसी सीट पर बैठना है. इसके बाद 23 फरवरी को डिग्री डिस्ट्रीब्यूट किया जाएगा.

# न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय ने न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

### हाईकोर्ट का जज बनाने की अनुशंसा मंजूर



संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय ने न्यायाधीश के रूप में शपथ ली. अरुण कुमार राय को एक्टिंग चीफ जस्टिस ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी. अरुण कुमार राय रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के रूप के भी अपनी सेवा दे चुके हैं. बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट में फिलहाल 25 स्वीकृत पद है. लेकिन सिर्फ 19 न्यायाधीश ही कार्यरत है. कॉलेजियम की बैठक के बाद जस्टिस अरुण कुमार राय को हाईकोर्ट का जज बनाने की अनुशंसा भारत सरकार को भेजी गयी थी. जिसे मंजूर कर लिया गया था.

### कैंसर वाला के तहत जर्नलिस्ट ने लगायी फोटो प्रदर्शनी

# कैंसर बीमारी पर भी सोचे सरकार : हरिवंश

संवाददाता। रांची/दिल्ली

कैंसर वाला कैमरा सीजन-2 के तहत सीनियर जर्नलिस्ट रविप्रकाश के द्वारा फोटो प्रदर्शनी बीते 3 और 4 फरवरी को दिल्ली में लगाया गया. रविप्रकाश लंग के फोर्थ स्टेज में कैंसर की लड़ाई लड़ रहे हैं. जिनका पचास से अधिक कीमो हो चुका है. दिल्ली के ला बेला मोंडे होटल में उनके फोटो प्रदर्शनी का आरंभ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने किया. इस दौरान साथ में रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहे. फोटो प्रदर्शनी की शुरुआत करते हुए हरिवंश ने कहा कि आज कैंसर महामारी का रूप ले रहा है. सरकार और समाज को इसको लेकर गंभीरतापूर्वक सोचने की जरूरत है. उन्होंने कैंसर वाला कैमरा की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आज रविप्रकाश लाखों-करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं. जो इस स्टेज में होने के बावजूद कैंसर के विरुद्ध तनकर खड़े हैं. पत्रकारिता करते हुए अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वाह कर रहे हैं. हरिवंश ने कहा कि कैंसर को लेकर सरकार को ठोस नीति बनाने की जरूरत है. जिससे गरीब एवं आमलोगों को इस बीमारी से निपटने में लाभ मिल सके. साथ ही उन्होंने इसके लिए प्रयास करने का भरोसा भी दिलाया.

**सूफी गायन ने मोह लिया सबका मन :** इसी सत्र में लेखकों से गुफ्तगू के तहत किताबों पर चर्चा भी हुई. फिर फोटो प्रदर्शनी के पहले दिन का समापन शानदार रहा. फतेहपुर सीकरी के उस्ताद सलीम हसन चिश्ती ने अपने सूफी गायन से सबका मन मोह लिया. दिल्ली में इस कैंसर वाला कैमरा फोटो प्रदर्शनी के प्रायोजक सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद और ला-बेला मोंडे होटल थे. जबकि कार्यक्रम के दूसरे दिन कैंसर को लेकर मीडिया की भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित थी. जिसमें नभाटा के पत्रकार नरेन्द्रनाथ मिश्र, एनडीटीवी के परिमल कुमार व हेल्थ जर्नलिस्ट मुकेश केजरीवाल ने बातचीत की.



#### कैंसर जीवन का अंत नहीं : सांसद संजय सेठ

वहीं, रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि कैंसर जीवन का अंत नहीं है. यह रविप्रकाश को देखकर सीखा जा सकता है. सांसद संजय सेठ ने आमलोगों से अपने खानपान और जीवनशैली को नियंत्रित करने की अपील भी की. उन्होंने कैंसर की दवाओं के दाम कम करने को लेकर सरकार और फार्मा कंपनियों से अपील की. फोटो प्रदर्शनी में रांची के सुप्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गुंजेश कुमार सिंह, सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद के डॉ. अभिषेक राज, प्रभात सिन्हा व संजीव सिन्हा मौजूद थे.

#### कैंसर वाले कैमरे की तस्वीरें जीवन का संदेश देती है

कैंसर वाला कैमरा में पहुंचे लोगों ने माना कि इसकी तस्वीरें जीवन का संदेश देती है. तश्वीरें जीवन को हंसते हुए जीने को कहती है. इन तस्वीरों में सुख-दुख दोनों ही समान रूप से मौजूद है. प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों ने कैंसर को लेकर रविप्रकाश के इस प्रयास की खूब तारीफ भी की और कहा कि ऐसे आयोजन से कैंसर पर बात और जागरुकता फैलती है. वहीं पत्रकार रविप्रकाश ने बताया कि कैंसर वाला कैमरा का यह दूसरा आयोजन था. इससे पहले रांची प्रेस क्लब में फोटो प्रदर्शनी लगायी जा चुकी है.

#### खास बातें

- आज कैंसर बीमारी महामारी का रूप ले रहा है
- कैंसर को लेकर ठोस नीति बनाने की जरूरत है

# पेपर लीक मामले में सुदेश ने विस में प्रस्ताव लाने की रखी मांग

संवाददाता। रांची

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सदन में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच और कार्रवाई को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव लाने की मांग की. इस दौरान उन्होंने पेपर लीक से जुड़े कानून की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट काराया.

उन्होंने इस कानून के बारे में बताते हुए कहा कि इस कानून में पेपर लीक होने और नकल से जुड़े मामलों पर बगैर प्रारंभिक जांच के एफआईआर और गिरफ्तार करने का प्रावधान किया गया है, लेकिन आज इतने दिन बीत जाने के बाद भी पेपर लीक मामले पर सरकार ने कोई भी एक्शन नहीं लिया है. दरअसल अपने बनाए कानून पर ही सरकार की ईमानदारी पूरी तरह से डमाडोल दिख रही है. उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है फिर भी सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, सिर्फ हाथ पर हाथ धरे बैठी है. सदन में सरकार का भ्रष्टाचार के आरोपों पर मौन रहना यह जाहिर करता है. हम सभी संविधान के दायरे में काम करते हैं. संविधान के तहत गठित एजेंसियों का आदर होना चाहिए.



### आगामी चुनाव को लेकर आजसू बना रही है रणनीति

**नोवामुंडी ।** 21 फरवरी को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का आगमन मनोहरपुर में होने वाली है. इसकी तैयारी को लेकर आजसू पार्टी अखिल झारखंड श्रमिक संघ सारंडा मंडल अध्यक्ष बीरु सोनार एवं सारंडा मंडल प्रभारी तापस दास की अध्यक्षता में गुवा पूर्वी पंचायत एवं पश्चिमी पंचायत में बैठक की. बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीरु सोनार एवं तापस दास ने कहा कि आगामी 21 फरवरी को 2024 चुनाव को लेकर आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का आगमन पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में होने जा रही है. इसकी तैयारी को लेकर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रभार दिया गया. साथ ही आसपास गांव क्षेत्र के ग्रामीणों को आजसू पार्टी से जोड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीणों को मनोहरपुर ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं से कहा गया.

### विद्यार्थी खोज परीक्षा में प्रसेनजीत रहे टॉपर

**चांडिल ।** युवा विद्यार्थी केंद्र संगठन की ओर आयोजित सातवां अनुमंडलीय स्तरीय प्रतियोगिता प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी किया गया. प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा के ग्रुप ए में प्रथम स्थान पर प्रसेनजीत प्रमाणिक रहे. एसएनवी प्लस टू उच्च विद्यालय चालियामा के छात्र प्रसेनजीत ने कुल 69.5 अंक अर्जित किया है. वे पूरे अनुमंडल क्षेत्र के टॉपर बने हैं. वहीं ग्रुप ए में द्वितीय स्थान पर आने वाले पीएसएनएम उच्च विद्यालय कुकड़ू के यूसुफ आंसारी ने कुल 66.5 अंक और ग्रुप बी में प्रथम स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय ईचाडीह के अभिषेक कुमार पे प्राप्त किया. उन्हें कुल 61 अंक मिले हैं. जबकि द्वितीय स्थान उसी विद्यालय के मीनू रानी महतो को मिला है.

## पेज तीन का शेष

इन्हीं के साथ बैठे लोग हैं. इन लोगों ने भी आदिवासी को नेता बनाया था. लेकिन बताएं. कितने ने पांच साल पूरा किया. मुझे यह पता था कि मुझे भी पांच साल पूरा नहीं करने देंगे. रोड़े अटकाएंगे. और नतीजा यह हुआ. कुछ भी करो पांच साल पूरे नहीं होने चाहिए. रिकॉर्ड में नहीं दिखना चाहिए. रजिस्टर में नहीं दिखना चाहिए. बस यही.

अध्यक्ष महोदय, हमलोगों ने सर झुका करके चलना नहीं सीखा. यही खासियत है आदिवासियों की. लेकिन होता सरसों में ही भूत है, तो भूत भागेगा कहां. यहां कुछ भूत ऐसे भी हैं, इसके कारण ये परेशानियां होती हैं.

जब-जब हम लोगों ने अलग राज्य की परिकल्पना की, तब भी इन लोगों हंसी उड़ायी. कि आदिवासी अलग राज्य लेगा. जब हम सत्ता में आए, कहा आदिवासी सत्ता चलाएगा. कुछ ही दिन में गिर जाएगा. मैं हवाई जहाज में चलता था, उसमें भी इनको तकलीफ, मैं फाइव स्टार में रुकता था, इनको तकलीफ, मैं बीएमडब्ल्यू में चलता था, उसमें भी इनको तकलीफ. क्या कहावत है कि हम करें तो गुनाह ये करें तो क्या.... खैर छोड़िए.

अध्यक्ष महोदय, बड़ी विचित्र स्थिति है, आज जो स्थिति है. पूरे देश के पैमाने पर आदिवासी दलित पिछड़ा सुरक्षित नहीं है. विशेष कर झारखंड में. यहां की खनिज संपदाओं पर वर्षों से इनकी गिद्ध दृष्टि है. और आगे भी रहेगी. वो तो हम थे, इनको बहुत फूंक फूंक कर आगे बढना पड़ता था. ये खुला दरवाजा के आदी हो चुके हैं. इनको कोई नहीं रोक टोक कर सकता. जो इनके सामने आएगा, उसे इसी तरीके के अंजाम से गुजरना पड़ेगा. इनको लगता है इससे झारखंड के लोग घबरा जाएंगे. यह आप लोगों की बहुत बड़ी भूल है. और इतनी बड़ी भूल होगी कि झारखंड का इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा.

आज जो षडयंत्र का पैमाना है, वो इस कदर, बड़े इसके दायरे बने हैं, कानून के अंदर रह करके गैर कानूनी कार्य कैसे करना है, वो किसी से सीखना हो तो इन लोगों से सीखिए और इनके संस्थाओं से सीखिए. मैं तो कहता हूं और फिर से कहता हूं कि अपने ईडी और सीबीआई से कहिए, कोर्ट में दस्तावेज पेश करें. एक भी दस्तावेज आप लोग दिखा दें कि हमने 8.5 एकड़ जमीन हड़पी है, तो मैं उसी दिन राजनीति से संन्यास क्या झारखंड छोड़ करके चला जाऊंगा. ये उनको नहीं मिला तो मेरे परिवार, बीबी, बच्चों के खाता-बही ढूंढ़ने में लग गए. ये पैसा कहां से आया.

अध्यक्ष महोदय, असमानताएं देखिए, इसी सदन में. कि सरकार के द्वारा दिया जाने वाला ऋण आदिवासी विधायकों को कितने दिनों के लिए मिलता है और गैर आदिवासियों को कितने सालों के लिए मिलता है. इस विषय पर गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है. ये बहुत लंबी लड़ाई है. आज जिस तरह से बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है. समाजिक व्यवस्था में भी यही कहानी है. एक बड़ी व्यवस्था छोटी व्यवस्था को खा जाने का हर भरसक प्रयास करती है.

प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई 22 जनवरी को. रामराज्य आ गया. पहला कदम बिहार में पड़ा. बेचारा एक पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति, क्या हाल हुआ आप सब जानते हैं. दूसरा कदम झारखंड पर पड़ा. एक आदिवासी मुख्यमंत्री को निगलने का प्रयास. क्योंकि इस आदिवासी मुख्यमंत्री के शरीर में हड्डियां कुछ अधिक हैं. इसलिए उस हड्डी को निगलने का प्रयास, ईडी लगी हुई है. लेकिन इतना आसान नहीं है. जिस दिन गले में फंस गया. पूरा का पूरा अंतड़ी फाड़ कर निकलेगा. इस वजह संभल कर खाने की कोशिश कीजिएगा.

मुझे कोई गम नहीं कि मुझे आज ईडी ने पकड़ा है. जिस तरीके से बंधु दा का सदस्यता लिया. कि वो आज चुनाव नहीं लड़ सकते. हो सकता है ये मेरा भी यही हस्र करें. कोई गम नहीं. सत्ता लोलुपता के लिए हम लोग कभी नहीं आए अध्यक्ष महोदय. लेकिन ये बात मैं सदन में कहना चाहूंगा कि झामुमो का उदय झारखंड के मान-सम्मान व स्वाभिमान को बचाने के लिए हुआ है. और इसके प्रति जो भी बूरी नजर डालेगा. उसको हम मुंहतोड़ जवाब देंगे. चाहे व राजनीतिक रूप से, कानूनी रूप से हो या चाहे किसी भी जंग के मैदान में हो. ये हमारा संकल्प है. न हम पीछे हटे हैं, न हमलोगों ने पीठ दिखायी है.

इसलिए अध्यक्ष महोदय, मुझे तो कोर्ट का आदेश है कि मीडिया के सामने या बाहर वक्तव्य नहीं देना है. हमने ईडी वाले से पूछा कि क्या सदन में भी बात नहीं रखनी है. उन्होंने ये भी कहा कि नहीं सदन में भी नहीं. हमने उनसे कहा हा कि आइए, स्पीकर साहब के चैंबर में बैठ जाइए. वहां से आदेश दीजिए, तब हम मानेंगे. ये स्थिति हो गई है अध्यक्ष महोदय. अब उस दिन का इंतजार है. अभी गवर्नर साहब का कोरम पूरा हो गया. राष्ट्रपति भवन से कब आरेस्ट होंगे. लोकसभा-राज्यसभा से लोग कब अरेस्ट होंगे. डेढ़ सौ 200 सांसदों का निलंबन, क्या यह इतिहास के सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा. बड़ी विचित्र स्थिति है. और मैं यह कहना चाहूंगा, विशेष कर आदिवासी, पिछड़ा दलित भाइयों से. आप तैयार हो जाएं. अब शोषण की एक नई परिभाषा गढ़ने जा रही है. अगर आपको आपने कमजोर किया तो आने वाली पीढ़ी आपको कभी माफ नहीं करेगी. राज्यपाल महोदय आए और 32 पेज का इन्होंने अभिभाषण पढ़ा. हमलोग लाख चिल्लाते कि अभिभाषण पढ़ कर क्या होगा, जब देश में लोकतंत्र ही नहीं बचेगा. आज हर चीज पिछले दरवाजे से हो रही है.

खैर इतना तो हमलोगों को इतना ज्ञान बुद्धि तो है नहीं. पर समय से बलवान तो कोई नहीं है. और वक्त फिर घूमेगा और फिर हम आपके सामने उपस्थित होंगे. और इतनी मजबूती के साथ उपस्थित होंगे कि जो षडयंत्र कर रहे हैं, वो षडयंत्र आपके धरे के धरे रह जाएंगे और इस देश राज्य के आदिवासी दलितों पिछड़ों के लिए जो संघर्ष करना पड़ेगा. करते रहेंगे. करते रहेंगे.

### चोर नहीं कहता कि उसने चोरी की है: बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विधानसभा में चंपई सरकार के विश्वास प्रस्ताव के बाद मीडिया के बीच अपनी प्रतिक्रिया दी. कहा हेमंत सरकार के लूट की जांच का इंतजार करें सब दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जाएगा. बिना कार्रवाई हुए कोई चोर नही बोलता कि उसने चोरी की है. जो चोरी करेगा उसे दंडित कराना जांच एजेंसियों का काम है. इसलिए भ्रष्टाचारी का कानून की नजर से बच पाना मुश्किल है. सुप्रीम कोर्ट,हाई कोर्ट जाने से वही होगा जो विधि सम्मत होगा.

### जनहित समस्या को लेकर भाजमो करेगा आंदोलन

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने पूरे जिले में संगठन विस्तार, बूथ समिति एवं जनसमस्याओं को लेकर सभी मंडलों में बैठक कर सघन अभियान चलाने को कहा है. उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति, सहित जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से स्थिति बदतर हो रही है. कूड़े करकट का उठाव समय से नही हो रहा है. जनता काफी परेशान है. ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा को आंदोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है.

### कथावाचक कार्यक्रम के दौरान 3 महिलाएं बेहोश

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर से सटे डोबो का काजू बगान में सोमवार से शुरु हुए शिव महारपुराण कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम के दौरान तीन महिलाएं बेहोश हो गई. इस घटना के बाद से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. मौके पर एक भी एंबुलेंस नहीं था जिस कारण चांडिल सीओ ने मानता दिखाते हुए अपने वाहन से महिलाओं को अस्पताल भिजवाया. वहीं इतने बड़े आयोजन में एक भी एंबुलेंस नहीं रहने से कई सवाल भी खड़े हो रहे है.

### अभियंता पेंशनर्स संघ का अधिवेशन नौ को

**रांची।** विद्युत डिप्लोमा अभियंता पेंशनर्स संघ की पांचवीं वार्षिक आमसभा सह अधिवेशन आगामी नौ फरवरी को होगा. वार्षिक आमसभा सह अधिवेशन कोकर चौक, रांची के पास स्वयंवर वाटिका में आयोजित होगा. इस आमसभा में सत्र 2024-25 के लिए नयी कार्यकारिणी का चुनाव होगा. इसकी जानकारी विद्युत डिप्लोमा अभियंता पेंशनर्स संघ के महामंत्री प्रवीण कुमार ने दी.

### आरक्षी स्तर के पुलिसकर्मियों का स्वीकृत कुल पद 200

# दस साल से अधिक समय से पदस्थापित पुलिसकर्मियों का नहीं हो रहा है तबादला

सौरभ सिंह। रांची

एक तरफ जहां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिसकर्मियों का तबादला किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार की जांच करने वाली झारखंड एसीबी में 10 साल से अधिक समय से पदस्थापित पुलिसकर्मियों का तबादला नहीं हो रहा है.

एसीबी में वर्तमान में 39 ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो पिछले 10 साल से अधिक समय से एसीबी में पदस्थापित हैं. इनमें से अधिकतर वैसे पुलिसकर्मी हैं, जो कंप्यूटर के जानकार हैं. इसके अलावा एसीबी में आरक्षी स्तर के पुलिसकर्मियों का स्वीकृत पद कुल 200 है, इसके मुकाबले यहां पर कुल 181 आरक्षी ही पदस्थापित हैं.

#### ये पुलिसकर्मी दस साल से अधिक समय से हैं पदस्थापित

सुएब अहमद, बसंत महतो, अतुल कुमार ओझा, शिव कुमार दत्त, नरेंद्र कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार मिश्र, पंकज कुमार तिवारी, दिवाकर कुमार, अजय कुमार चौबे, कमल कुमार, विनय कुमार पांडेय, उदय नाथ उरांव, हरिनारायण सिंह, रवींद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, महेश शर्मा, लाल विपिन नाथ शाहदेव, रजनीश कुमार सिंह, संजय टोप्पो, विक्रम कुमार, अभिमन्यु कुमार तिवारी, राजकुमार मल्लिक, संतोष कुमार 1, प्रभाशंकर सिंह, धनंजय पांडे, रवि केरकेट्टा, मुकेश कुमार सिंह, चंदन कुमार 1, अमित कुमार मिश्रा, नेली सरोज कुल्लू, मनीष कुमार पुष्कर, धर्मेंद्र कुमार, भुवनेश्वर सिंह, प्रेम कुमार मिंज, नंद प्रसाद, विनय कुमार सिंह, सुनील कुमार साह और अनिल कुमार सिंह शामिल हैं.

# सरला बिरला स्कूल के रूपक देश के शीर्ष छात्रों में शामिल

### आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता में मिली सफलता

संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र रूपक नाथ शाहदेव ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है. उन्हें देश के शीर्ष 100 छात्रों में चुना गया है. बता दें कि सीबीएसई ने आठवीं से दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए आर्यभट्ट गणित चैलेंज की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य समस्या-समाधान, कौशल, तार्किकता, गणितीय विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और समय प्रबंधन सहित आवश्यक दक्षताओं के विकास को बढ़ावा देना है.

प्रतियोगिता के पहले चरण में इस वर्ष 5000 स्कूलों से लगभग साढ़े पांच लाख और दूसरे चरण में 8,590 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. वहीं दूसरे चरण के सफल समापन के बाद चुने गए शीर्ष 100 छात्रों को प्रशस्ति और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रतियोगिता में सफल छात्रों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सराहना की.



### 13,331 विद्यार्थी देंगे मैट्रिक व इंटर की परीक्षा

**घाटशिला ।** घाटशिला अनुमंडल के 38 परीक्षा केन्द्रो पर मंगलवार से 13 हजार 331 छात्र छात्राएं मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा देंगे। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी पुरी तरह ली गई है. 6 फरवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले इस परीक्षा को लेकर अनुमंडल में 26 मैट्रिक के जिममें 7702 छात्र छात्राएं एवं इंटर के 12 परीक्षा केन्द्र पर 5629 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे. दोनो परीक्षा के लेकर सभी परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर के परिधी तक धारा 144 लागु कर दी गई है. परीक्षा के दौरान मोबाईल लाना वर्जित कर दिया गया है. परीक्षा के सफल संचालन को लेकर स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ साथ जोनल सह गश्ती दल का गठन किया गया है. मैट्रिक एवं इंटर को लेकर स्कूल में सभी सुविधा मुहैय्या कराने के निर्देश दिया गया है.

**सराहनीय**

### भूगोल विभाग में स्थापित किए जाएंगे वायु प्रदूषण से संबंधित नये यंत्र


# करीम कॉलेज में मौसम पूर्वानुमान केंद्र का हुआ विस्तार

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग के मौसम पूर्वानुमान केंद्र का विस्तारीकरण किया जा रहा है. इसमें कुछ नए यंत्रों को स्थापित किया जाएगा, जिसमे मुख्य रूप से वायु प्रदूषण से संबंधित यंत्र लगाए जायेंगे. बता दें कि कोविड-19 के बाद विश्व में फैली महामारी ने जहां एक तरफ पूरे विश्व को सजग किया है. वहीं, दूसरी ओर हर नागरिक अपने स्वास्थ के प्रति भी चिंतित रहने लगा है.

जमशेदपुर जैसे औद्योगिक नगर में ये चिंता अति आवश्यक भी हो जाती है, जहां एक ओर औद्योगिक और आण्विक प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं जल प्रदूषण भी तेजी से बढ़ता जा रहा है. आम लोगों को शायद इन सब खतरों की अब तक जानकारी नहीं है. क्योंकि आम नागरिक तो अपने स्वास्थ्य की चिंता करता ही है.

**प्रदूषण से पीडित होता जा रहा नगर :** हर नागरिक के घटते स्वस्थ संबंधी सूचकांक यह बताते हैं कि जमशेदपुर जैसे शहर में खतरे की घंटी बज चुकी है. क्योंकि ये नगर दिन प्रति दिन वायु प्रदूषण,जल प्रदूषण ,स्मॉग जैसी समस्याओं से पीड़ित होता जा रहा है, परिणाम स्वरूप मानव तो प्रभावित हो ही रहा है, वनस्पतियों और पशु-पक्षियों की प्रजातियां भी समाप्त हो रही हैं. इसलिए आवश्यक है की कुछ ऐसे यंत्र लगाए जाएं, जिस से एयर क्वालिटी इंडेक्स निकाल कर सूचकांक तालिका तैयार की जा सके, ताकि हम सभी अपने स्वास्थ के प्रति सजग हो सकें. ऐसे यंत्रों की स्थापना के लिए करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मो रियाज ने भूगोल विभाग के अध्यक्ष को हरी झंडी दिखा दी है.



#### महिलाओं पर जल्दी होता है प्रदूषण का प्रभाव

विभागाध्यक्ष प्रो अली ने बताया कि हमारा कॉलेज नगर के सीबीडी में स्थापित है, जहां ऐसे यंत्रों की स्थापना अति आवश्यक हो जाती है. करीम सिटी कॉलेज का भूगोल विभाग सालों भर मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्लेटफॉर्म से कार्यक्रम और वर्कशॉप भी आयोजन करता रहता है. आज के इस कार्यशाला में भी काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. इस अवसर पर केंद्र की सचिव डॉ फरजाना अंजुम ने महिलाओं के प्रति भी चिंता व्यक्त की, क्योंकि ऐसे प्रदूषण का प्रभाव महिलाओं पर जल्दी देखने को मिलता है. इस अवसर पर केंद्र में उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को धन्यवाद देते हुए डॉ पसारूल इस्लाम ने आशा व्यक्त की कि हम सब के लिए यह एक सराहनीय कार्य होगा.

# लोकतंत्र की परीक्षा

चंपई सोरेन की सरकार ने झारखंड विधान सभा में विश्वास मत हासिल कर लिया. इसके पहले आज विधान सभा में भाषण देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासी,दलित,पिछड़ा अल्पसंख्यकों की अस्मिता,एकता और हक की आवाज बुलंद कर झारखंड की भावी राजनीति की दिशा को स्पष्ट करने का प्रयास किया. बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र की गरिमा का की रक्षा का संकल्प भी दुहराया. विश्वास मत से एक तथ्य स्पष्ट हो गया कि आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति में वंचित तबकों की राजनीतिक पहल तेज होगी. इसके साथ ही गठबंधन की एकजुटता पूरी तरह बनी रही जिसका आने वाले दिनों में सियासी असर होगा. चंपई सोरने ने भी अपने भाषण में यही संकेत दिया है. पिछले कुछ समय से देश की राजनीति एक अजीबोगरीब दौर से गुजर रही है. राजनीति विचारों की प्रतिबद्धता की जगह अवसरों के इस्तेमाल के रूप में बदल गयी है. इसका नजारा देश के हर एक राज्य यहां तक कि केंद्र में भी देखने को मिल रहा है. जब से कारपारेट ताकतों का वर्चस्व बढ़ा है और धनबल के साथ सत्ताबल का गठजोड़ हुआ है, राजनीति में विचारों का महत्व कमजोर हुआ है. यही कारण है कि सरकारों की स्थिरता संशय का शिकार होती है. लोकतंत्र में वैचारिक प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इस समय गैर-भाजपा दलों में एक खास तरह की बेचैनी है. महाराष्ट्र में जिस तरह शिवसेना और बाद में एनसीपी जैसे मजबूत आधार वाले दलों को तोड़ा गया, उसके बाद से यह धारणा आम हो गयी कि देश को विपक्षमुक्त बनाने का खेल हो रहा है. झारखंड में भी हेमंत सोरेन को जिस तरह इस्तीफा देना पड़ा है, उससे अनके सवाल उठ खड़े हुए हैं. सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने इस संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा हैं. इन सवालों का जवाब मिलना जरूरी है, क्योंकि इस समय देश में लोकतंत्र, संविधान और नागरिक आजादी को ले कर संजीदा संशय बड़ी आबादी के मन में है. कपिल सिब्ब्ल ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और अरिवंद केजरीवाल की संभावित गिरफ्तारी को भाजपा की साजिश का हिस्सा बताया है. उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा के अनेक नेताओं पर भी गंभीर मामले दर्ज हैं, लेकिन ईडी उस पर कोई नोटिस नहीं लेता है. आखिर नीतीश कुमार ने किस दबाव में आ कर भाजपा के साथ जाना पसंद किया. इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है. जदयू से जुड़े तीन व्यक्तियों पर जिस तरह छापे पड़े थे और जदयू के एक विधायक को जिस तरह गिरफ्तार किया था, उसे ले कर भी राजनीतिक गलियारों में बात की जा रही है. बिहार की राजनीति में भी लंबे समय से स्थिरता नहीं है. इससे जाहिर होता है कि देश में ऐसे माहौल की जरूरत है, जहां जनादेश का सम्मान किया जाए और धनबल या सत्ता बल का इस्तेमाल कर सरकारों को नहीं गिराया जाए. लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत होती है.

> पिछले कुछ समय से देश की राजनीति एक अजीबोगरीब दौर से गुजर रही है. राजनीति विचारों की प्रतिबद्धता की जगह अवसरों के इस्तेमाल के रूप में बदल गयी है. इसका नजारा देश के हर एक राज्य यहां तक कि केंद्र में भी देखने को मिल रहा है.

## सुभाषित

**उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति,कार्याणि न मनोरथैः।**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य,प्रविशन्ति मृगाः॥**

कोई भी कार्य उद्यम करने से ही पूरे होते हैं. केवल कल्पना या मनोरथ करने से किसी भी कार्य को सिद्धि नहीं मिल पाती. उदाहरण के लिए सिंह को शिकार के लिए दौड़ना पड़ता है. सोये हुए सिंह के मुंह में मृग प्रवेश नहीं कर जाता.

# 'ये है बिहार, जहां फिर से नीतीशे कुमार

**अभी पिछले दिनों सोशल मीडिया पर राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर का एक बयान आया था कि नीतीश कुमार अपने राजनीतिक जीवन की आखिरी पारी खेल रहे हैं. अब जो स्थिति स्वयं नीतीश कुमार ने अपने लिए बना दी है, उसमें तो ऐसा ही लगने लगा है कि प्रशांत किशोर ने बिल्कुल सही विश्लेषण किया है. सच तो यह है कि राजनीतिज्ञ यदि राजनीति नहीं करेंगे, तो कौन करेगा. वैसे, हल्की-फुल्की राजनीति तो परिवार और दफ्तरों में भी होती रहती है.**



देश-काल



निशिकांत ठाकुर


पिछले सप्ताह जिन्हें बिहार की राजनीति से लगाव रहा होगा, उनकी बुद्धि वहां की राजनीति और राजनीतिज्ञों के बारे में सुन—सुनकर कुंद हो गई होगी. वहीं बिहार, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वही जदयू, वही आरजेडी, वही भाजपा. दिन-रात, सुबह-शाम चाहे सोशल मीडिया हो, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, वही एक तर्क नीतीश कुमार वर्तमान महागठबंधन की सरकार से इस्तीफा देकर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं. साथ ही यह भी कहा जा रहा था कि 'पलटूराम' ने अपना भविष्य सोच लिया और बस दो—तीन दिन में इस्तीफा देकर भाजपा के साथ सरकार का गठन करेंगे. अब वह ऐसा इसलिए कर रहे थे कि उनका तालमेल लालू प्रसाद यादव से बैठ नहीं रहा है और वे भारी दबाव में काम कर रहे हैं. इतना ही नहीं, जो काम वह कर रहे हैं, उसका श्रेय भी उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव उठा रहे हैं. फिर 28 जनवरी को उन्होंने राज्यपाल को त्यागपत्र सौंप दिया. अभी भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं, लेकिन सरकार अब एनडीए की है. उधर, तेजस्वी यादव कहते हैं, 'थके हुए मुख्यमंत्री से हमने काम करवाया. हमने संयम से गठबंधन का पालन किया. अभी खेल शुरू हुआ है, बहुत खेल बाकी है. मैं जो कहता हूं, वह करता हूं. आप लिखकर रख लीजिए जेडीयू 2024 में खत्म हो जाएगी.' पता नहीं किस मुहूर्त में उन्होंने राजनीति में कदम रखा था कि बार-बार पलटी मारने के बावजूद उनका राजनीतिक जीवन बिंदास चल रहा है. अभी पिछले दिनों सोशल मीडिया पर राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर का एक बयान आया था कि नीतीश कुमार अपने राजनीतिक जीवन की आखिरी पारी खेल रहे हैं. अब जो स्थिति स्वयं नीतीश कुमार ने अपने लिए बना दी है, उसमें तो ऐसा ही लगने लगा है कि प्रशांत किशोर ने बिल्कुल सही विश्लेषण किया है. सच तो यह है कि राजनीतिज्ञ यदि राजनीति नहीं करेंगे, तो कौन करेगा. वैसे, हल्की-फुल्की राजनीति तो परिवार और दफ्तरों में भी होती रहती है, देश के लिए राजनीति करने वाले दूरदर्शी होते हैं और सामान्य जनता की नब्ज और मानसिकता तथा हवा का रुख अच्छी तरह पहचानते हैं. वे इस बात को जानते हैं कि जब जैसी बहे बयार, तैसी पीठ मोड़ दें, यही तो नीतीश कुमार अब तक करते आ रहे हैं और संभवतः नीतीश कुमार देश के पहले व्यक्ति होंगे, जिन्होंने एक टर्म में तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली हो. वैसे, नीतीश कुमार का इस बार का शपथग्रहण कुल नौवीं बार हुआ.

गृहमंत्री जब नीतीश कुमार से मिलेंगे तो क्या इस बात को वे भूल चुके होंगे, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक मंच से कहा था कि 'नीतीश बाबू और ललन सिंह के लिए भाजपा के दरवाजे सदा के लिए बिलकुल बंद हो गए हैं.' इसका जवाब देते हुए नीतीश कुमार ने भी कहा था 'मिट्टी में मिल जाऊंगा, लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा.' इस बात को बिहार ही नहीं, देश का लगभग हर वह व्यक्ति जानता है. जिनकी थोड़ी भी रुचि राजनीति को जानने की होती है, वह सब इस सच को जानते हैं कि भाजपा की बुनियाद ही झूठ की नींव पर टिकी है, लेकिन नीतीश कुमार की तो कुछ साख थी और इसलिए बिहार ही नहीं, देश की जनता और राजनीति के मर्मज्ञ नीतीश कुमार की विशेषता को जानते हैं, लेकिन यह क्या? मिनटों में बिहार की 13 करोड़ जनता को ठेंगा दिखा दिया जाए. जिस प्रकार जयप्रकाश आंदोलन से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद सुर्खियों में आए थे, इन लोगों ने देश के इतिहास को जानबूझकर भुला दिया. अब इस समस्या का निदान कैसे हो, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए.

समीक्षकों का कहना है कि भाजपा ने जिस उम्मीद से उन्हें वापस अपनी पार्टी में शामिल किया है, वह पूरा होगा, इसमें संदेह है. समीक्षक तो यह भी चुनौती देते हैं कि यदि भाजपा को नीतीश कुमार की छवि इतनी साफ लगती है, तो आगामी लोकसभा चुनाव में उनको अपना चेहरा बनाकर चुनाव लडे, फिर उन्हें नीतीश कुमार की छवि का सच समझ में आ जाएगा. जो भी हुआ, वह कुछ की नजर में अच्छा, तो कुछ की नजर में बुरा हुआ ही होगा. फिर जिन्हें बुरा लगा होगा, वह अपनी भड़ास किसी न किसी रूप में तो निकलेंगे ही और जिन्हें नीतीश कुमार का यह दल बदलना अच्छा लगा होगा, उनकी प्रतिक्रिया तो निश्चित रूप से सकारात्मक होगी. अब पूरी स्थिति बिहार की जनता पर निर्भर करती है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में किसके लिए अपना मतदान करती है और किसे दिल्ली की सत्ता में पहुंचाने में योगदान देती है. यह सच है कि नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा और बिहार ने विकास के कई रिकर्डतोड़ कार्य किए, लेकिन धीरे-धीरे उनका कार्यकाल सराहनीय नहीं रहा. लेकिन, सदैव उनका तालमेल किसी न किसी दल से ऐसा रहा कि पिछले लगभग बीस वर्षों से मुख्यमंत्री बने रहे. कभी एनडीए के साथ गठजोड़ के साथ कभी राजद के साथ रहकर. पार्टी में घालमेल करते रहे और अपनी काबिलियत को कायम रखते हुए सदैव मुख्यमंत्री ही बने रहे.

समीक्षकों की मानें इस बार की नई पारी तो उन्होंने अभी शुरू ही की है, इसलिए अभी से कोई नकारात्मक टिप्पणी उचित नहीं होगा. सकारात्मक टिप्पणी यह होगी कि वह बिहार की जनता को देश में दर—दर भटकने के लिए न छोड़कर उनके हित में रोजगार के लिए कुछ करें, राज्य में शांति—व्यवस्था बनाए रखें और राज्य का विकास करके बिहार के विकासपुरुष कहलाएं. लेकिन, क्या ऐसा हो सकेगा?

बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सदाचार और संस्कार

हमारे हृदय और अंतरमन इतने घाघ व नासूर बन चुके हैं कि सदाचरण आसानी से स्वीकार नहीं होता. न हमें रुचता है न पचता है. बडे सतर्क रहते हैं कि सदाचार-संस्कार अपना कर कहीं हम बुद्धू, सरल, भोले न मान लिये जाय. उसको लेकर आत्महीनता का अनुभव करने लग जाते हैं. सद्विचार से हम दूर भागने का प्रयास करते हैं. यदि कोई इस प्रकार की बात करता है तो हमें ऊब होने लगती है. ऐसा लगने लगने लगता है कि यह बकवास कर रहा है, जिसकी आज के जमाने में कोई आवश्यकता नहीं रह गयी है. चतुरता का आलम यह कि हम, 'यह सब तो बडी बडी ज्ञान की बातें', 'बाबाओं के प्रवचन', 'सत्संग' आदि शब्दों से मखौल उडाकर अपनी विद्वत्ता बचाने का प्रयास करते हैं. इन आदतों से हमारे हृदय इतने कलुषित हो गये हैं कि सुविधाभोग़ी पूर्वाग्रहरत हम क्रूरता के संग सहभोज सहवास करने लगे है. निर्दयता को चातुर्य कहकर आदर की नज़र से देखते है. भला ऐसे कठोर हृदय में सुकोमलता आये भी तो कैसे? माया, छल, कपट व असत्य को हम दुर्गुण नहीं, आज के युग की आवश्यकता मान भुनाते हैं. आवेश, धूर्तता और प्रतिशोध ही आसान विकल्प नजर आते हैं. अच्छे सदविचारों को स्वभाव में सम्मलित करना या अंगीकार करना बहुत ही कठिन होता है, क्योंकि जन्मों के या बरसों के सुविधाभोगी कुआचार हमारे व्यवहार में जडें जमाये होते है, वे आसानी से दूर नहीं हो जाते. सदाचरण बस आध्यात्मिक बातें हैं, किताबी उपदेश भर है, पालन मुश्किल है या कलयुग व जमाने के नाम पर सदाचरण को सिरे से खारिज नहीं किया जाना चाहिए. पालन कितना ही दुष्कर हो, सद्विचारों पर किया गया क्षणिक चिन्तन भी कभी व्यर्थ नहीं जाता. यदि सदाचरण को 'अच्छा' मानने की प्रवृत्ति मात्र भी हमारी मानसिकता में बनी रहे, हमारी आशाओं की जीत है. दया के करुणा के, अनुकंपा के और क्षमा के भावों को उत्तम जानना, उत्तम मानना व उत्तम कहना भी नितांत ही आवश्यक है. हमारे कोमल मनोभावों को हिंसा व क्रूरता से दूर रखना, प्रथम व प्रधान आवश्यकता है, कुछ देर से या शनैः शनैः ही सही हृदय की शुभ मानसिकता, अंततः क्रियान्वन में उतरती ही है. निरंतर हृदय को निष्ठुरता से मुक्त रख, उसमें सद्विचारों को आवास देना नितांत ही जरूरी है. जमाना चाहे जितना भी क्यों न बदल जाए, अच्छी बातें हमेशा अच्छी ही होती हैं और आगे भी अच्छी ही रहेंगी. बुरी बातों को लुभावने शब्दों की मीठी चाशनी में चाहे जितना भी पाग लें, उन अर्थ और परिणाम बुरा ही होता है.

# 'एडटेक' और टेक्नॉलॉजी का भूचाल

तकनीक

प्रेरणा

शिक्षा जगत में कोहराम मचा है. कोहराम इसलिए नहीं मचा है कि सरकारी विद्यालय बंद हो रहे हैं कि योग्य शिक्षक नहीं मिल रहे हैं. कोहराम इस पर भी नहीं मचा है कि स्कूल हों या कॉलेज या कोचिंग संस्थान, सब मिलकर समाज में शिक्षा नहीं, नफरत के बीज बो रहे हैं. प्रतिभावान विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में नाकाम होकर आत्महत्या कर रहे हैं, यह भी कोहराम का विषय नहीं है. शिक्षा जगत में शिक्षा के किसी पहलू को लेकर कोई कोहराम नहीं है. कोहराम मचा है, 'एड-टेक' यानी ऑनलाइन शिक्षा की दुनिया में! एजुकेशन का 'एड' और टेक्नॉलॉजी का 'टेक.' वहां भूचाल आया हुआ है- क्या विद्यार्थी, क्या शिक्षक और क्या अभिभावक सभी ऊब-डूब हो रहे हैं. ऑनलाइन शिक्षा में क्रांति लाने वाली कंपनी 'बायजूस' दिवालिया हो गई है. ऑनलाइन जगत के दो 'बड़े लोग'- संदीप महेश्वरी और विवेक बिंद्रा के बीच तलवार खिंची हुई है. विवेक बिंद्रा हजारों रुपये की फीस लेकर उद्योगपति बनने का गुर सिखाता ऑनलाइन कोर्स चलाते हैं. दूसरी तरफ संदीप महेश्वरी हैं जो यू ट्यूब पर ज्ञान बांटते हैं. इन दोनों के मिलाकर साढ़े चार करोड़ सब्सक्राइबर हैं. आपको याद ही होगा कि संदीप महेश्वरी कभी विवेक बिंद्रा को अपने चैनल पर बुला-बुलाकर हमारे बीच प्रतिष्ठित कर रहे थे; अब वे ही संदीप हमें बता रहे हैं कि विवेक बिंद्रा कितने बड़े धोखेबाज हैं! मेरे लिए बायजूस, संदीप और विवेक तीनों एक ही समस्या के कई चेहरे हैं.समस्या क्या है? एक अध्ययन के मुताबिक़ भारत में शिक्षा की उम्र के लगभग 24 करोड़ बच्चे हैं. 12वीं तक आते-आते इनकी संख्या 16 लाख रह जाती है और स्नातक तक यह संख्या घटकर 10 लाख तक पहुंचती है. उत्तरोत्तर घटती विद्यार्थियों की संख्या एक समस्या है तो दूसरी समस्या यह है कि भारत की शिक्षा-व्यवस्था कमोबेश खत्म हो चुकी है. सरकारी स्कूल बंद किये जा रहे हैं, योग्य शिक्षक नहीं हैं. कोचिंग का बिजनेस जितना भी फल-फूल रहा हो, परीक्षाएं हो नहीं रहीं, पर्चे लीक हो रहे हैं. प्रतिभावान और आर्थिक रूप से सक्षम नौजवान शिक्षा और रोजगार के लिए विदेश जा रहे हैं. जिनके लिए विदेश संभव नहीं है, वे सब प्रतियोगी परीक्षाओं और कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसे हैं. बाकी रह गए 23,90,00000 नौजवान! वे कहां हैं, क्या करते हैं, कैसे जीते-मरते हैं, इसकी चर्चा कभी-कहीं नहीं होती.शिक्षा की ऑनलाइन दुनिया में जोहो रहा है, दरअसल वही हमारी असल जिंदगी में भी हो रहा है. शिक्षा का मतलब क्या है; शिक्षा कैसी हो और कैसे दी जाए आदि सवाल अब कोई पूछता नहीं है. सब पूछते हैं कि शिक्षा से कमाई कैसे होगी व कितनी? यही तो बिंद्रा, संदीप और रवींद्रन भी बता रहे थे; और यही हमारी पुराणपंथी सरकार की नई शिक्षा-नीति भी बता रही है. बगैर कोई सवाल पूछे अंग्रेजी राज चलाने वाले नौकरों की खोज में से निकली थी, यह शिक्षा-नीति! उसे ही बिंद्रा-संदीप-रवींद्रन-मोदी सब जारी रखना चाहते हैं. 'मेक इन इंडिया' जैसे फैंसी नारों के भीतर का सच यह है कि दुनिया भर की फैक्टरियां चलाने के लिए थोड़े-बहुत पढ़े-लिखे, पर सस्ते मजदूर मिलते रहें. ये फैक्ट्रियां भी ऐसी हों कि जिनमें मजदूरों की जरूरत कम-से-कम होती जाए. आदमी की जगह कम्प्यूटर और रोबोट की अधिकाधिक मदद कैसे मिलती रहे, इसकी खोज में हमारे समाज के बेहतरीन दिमाग जुटे रहें तथा कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का काम आगे-से-आगे बढ़ाया जाता रहे. नई तालीम की शिक्षा-पद्धति में गांधीजी तीन 'द' के विकास की बात कहते हैं- देह, दिमाग और दिल. देह का विकास मतलब श्रम के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला स्वस्थ और मजबूत शरीर! हाथ हिलाने का श्रम भी हम न करें तो चेहरे पर बैठी मक्खी भी भगा नहीं सकते. श्रम इतना जरूरी और स्वाभाविक है कि इसका फल तुरंत मिलता है. जो सभ्यता, शैली, आविष्कार या यंत्र हमें इस श्रम से दूर ले जाता है, वह अहितकारी है, त्याज्य है, मानव विरोधी है, लेकिन श्रम विवेकशून्य नहीं होना चाहिए. जहां जब, जितना और ज़रूरी हो, वहां तब, उतना श्रम करना चाहिए. श्रम बड़ा या छोटा नहीं होता, वह ज़रूरी होता है. इस समझ को बनाने के लिए दिमाग का तार्किक विकास जरूरी है. इतना ही जरूरी है, मानवीय संवेदनाओं का विकास. इस मामले में हम जिस तरह चूके हैं, उसका ही नतीजा भुगत रहे हैं. ऐसी शिक्षा हो तो हम कह सकेंगे कि बायजू, बिंद्रा, संदीप, मोदी करोड़ों लेकर अपने घर जाइए, हमारे पास पर्याप्त संतोष-धन है जिसके लिए रहीम कह गए हैं - 'जब आवे संतोष-धन, सब धन धूरि समान!' कोई बताए, इससे बड़ी शिक्षा-नीति क्या हो सकती है?

> श्रम इतना जरूरी और स्वाभाविक है कि इसका फल तुरंत मिलता है. जो सभ्यता, शैली, आविष्कार या यंत्र हमें इस श्रम से दूर ले जाता है, वह अहितकारी है, त्याज्य है, मानव विरोधी है, लेकिन श्रम विवेकशून्य नहीं होना चाहिए. जहां जब, जितना और ज़रूरी हो, वहां तब, उतना श्रम करना चाहिए. श्रम बड़ा या छोटा नहीं होता, वह ज़रूरी होता है.

# शिक्षा भी है लम्बे जीवन की कुंजी

शिक्षा

ललित

आज दुनिया में कौन लंबा जीवन नहीं चाहता, हर इंसान ज्यादा से ज्यादा बरस जीना चाहता है. यही वजह है कि वैज्ञानिक भी उन कारणों को जानने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी वजह से जीवन प्रत्याशा में इजाफा हो सकता है. आपने सुना भी होगा कि बेहतर खानपान, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद, तनाव मुक्त जीवन और नशीले पदार्थों से दूरी आपके जीवन के कुछ वर्ष बढ़ा सकती है. इसी तरह प्रदूषण रहित स्वच्छ वातावरण भी इसमें मददगार साबित होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिक्षा भी आपको लम्बा जीवन जीने में मददगार हो सकती है. बात हैरान कर देने वाली है, लेकिन सच है. अंतरराष्ट्रीय जर्नल लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि जो लोग जितना ज्यादा पढ़ाई करते हैं उनके लम्बे समय तक जीने की सम्भावना भी उतना ही बढ़ जाती है. गौरतलब है कि यह पहला मौका है, जब किसी अध्ययन में शिक्षा और जीवन प्रत्याशा के बीच के संबंधों का इतनी गहराई से अध्ययन किया गया है. इस रिसर्च में सामने आया है कि शिक्षा के हर अतिरिक्त वर्ष के साथ मृत्यु का जोखिम दो फीसदी कम हो जाता है. इसका मतलब है कि जिन लोगों ने प्राथमिक विद्यालय के छह साल पूरे किए थे, उनमें मृत्यु का जोखिम औसतन 13.1 फीसदी कम था. वहीं बारहवीं से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, मृत्यु के जोखिम में 24.5 फीसदी की कमी दर्ज की गई. इसी तरह जिन लोगों ने 18 वर्षों तक पढ़ाई पूरी की थी, उनमें मृत्यु का जोखिम 34.3 फीसदी तक कम था. इसका मतलब है कि शिक्षा के हर अतिरिक्त वर्ष के साथ जीवन प्रत्याशा में 1.9 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया. बता दें कि यहां जीवन प्रत्याशा में इजाफे की जो गणना की गई है, वह उन लोगों की तुलना में है, जिन्होंने कभी स्कूल नहीं देखा. अध्ययन के मुताबिक उम्र, लिंग, स्थान और सामाजिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना शिक्षा जीवन प्रत्याशा में इजाफा करने में मददगार होती है. बता दें कि 59 देशों में प्रकाशित सैकड़ों अध्ययनों का विश्लेषण करने के बाद शोधकर्ता इन नतीजों पर पहुंचे हैं. इनमें भारत में किए अध्ययन भी शामिल हैं. हालांकि जिन अध्ययनों की समीक्षा की गई है, उनमें से अधिकांश उच्च आय वाले देशों में किए गए थे. यही वजह है कि अध्ययन में निम्न और मध्यम-आय वाले देशों में कहीं ज्यादा अध्ययन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है. विशेष रूप से उप-सहारा और उत्तरी अफ्रीका में जहां इससे जुड़े आंकड़ों का अभाव है. इसी तरह से कभी स्कूल न जाना स्वास्थ्य के नजरिए से उतना ही हानिकारक है, जितना एक दशक तक हर दिन दस सिगरेट पीने से आपके स्वास्थ्य को नुकसान होता है. इसी तरह इसकी तुलना 10 वर्षों तक रोजाना पांच या उससे ज्यादा अल्कोहल युक्त ड्रिंक्स लेने से की जा सकती है. रिसर्च के मुताबिक हालांकि शिक्षा युवाओं को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाती है. हालांकि फिर भी 50 और यहां तक कि 70 साल की आयु वाले लोग भी शिक्षा का फायदा पाते हैं. इसी तरह जो देश विकास के विभिन्न चरणों में थे, उनका भी शिक्षा के प्रभाव में कोई उल्लेखनीय अंतर नहीं देखा गया. इसका मतलब है कि जितना ज्यादा हम पढ़ते हैं, वह अमीर हो या गरीब सभी देशों में समान रूप से स्वास्थ्य को प्रभावित करती है. ज्यादा वर्ष शिक्षा प्राप्त करने से न केवल रोजगार के अवसर और आय में सुधार होता है, साथ ही इससे स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच भी बढ़ती है, जिससे लोगों को अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने में मदद मिलती है. इन लोगों के पास अक्सर खुशी हासिल करने के अनेक तरीके होते हैं, जो उन्हें स्वस्थ और लंबा जीवन जीने में मदद करते हैं. वहीं इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता क्लेयर हेंसन का प्रेस विज्ञप्ति में कहना है कि, "शिक्षा में व्याप्त खाई को भरने का मतलब है कि मृत्यु दर के अंतर को भरना." उनके अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता की मदद से गरीबी और रोकी जा सकने वाली मौतों के चक्र को तोड़ने की जरूरत है. उनका आगे कहना है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि हर किसी को स्वस्थ जीवन जीने का मौका मिले, हमें उन चीजों में निवेश करना चाहिए जो लोगों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में मदद करें. इससे सभी देशों में लोगों के स्वास्थ्य में सकारात्मक अंतर आ सकता है और लोगों की जीवन प्रत्याशा में मौजूद खाई को पाटा जा सकता है.

> बता दें कि 59 देशों में प्रकाशित सैकड़ों अध्ययनों का विश्लेषण करने के बाद शोधकर्ता इन नतीजों पर पहुंचे हैं. इनमें भारत में किए अध्ययन भी शामिल हैं. हालांकि जिन अध्ययनों की समीक्षा की गई है, उनमें से अधिकांश उच्च आय वाले देशों में किए गए थे. यही वजह है कि अध्ययन में निम्न और मध्यम-आय वाले देशों में कहीं ज्यादा अध्ययन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है.

## मीडिया में अन्यत्र

# उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार

**शैक्षणिक** सत्र 2021-22 के लिए अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के ताजा संस्करण में इस बात को रेखांकित किया गया है कि बीते कुछ वर्षों में देश के उच्च शिक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सुधार और वृद्धि देखने को मिली है. सर्वेक्षण के मुताबिक बीते वर्षों में छात्रों के नामांकन में लगातार सुधार हुआ है. खासतौर पर महिलाओं का नामांकन 2.07 करोड़ के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जो 2014-15 के स्तर से 32 फीसदी अधिक है.लैंगिक समता सूचकांक या पुरुषों के नामांकन अनुपात की तुलना में महिलाओं का नामांकन अनुपात 1.01 के स्तर पर है जो संकेत देता है कि नामांकन में बढ़ोतरी भी महिलाओं के पक्ष में है. उच्च शिक्षा संस्थानों में महिला फैकल्टी की तादाद भी 2014-15 से 2021-22 के बीच 22 फीसदी बढ़ी.ताजा आंकड़े दिखाते हैं कि उच्च शिक्षा क्षेत्र में लैंगिक अंतर को पाटने की दिशा में काफी काम हुआ है. सामाजिक विविधता को अपनाने और कक्षाओं को समावेशी बनाने की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया गया है. अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ा है. इसके साथ ही नामांकन अभी भी चुनिंदा भौगोलिक क्षेत्रों में सीमित है. कुल नामांकन में से 53.3 फीसदी छह राज्यों में हुए. सर्वेक्षण के परिणाम में उच्च शिक्षा में सरकार की ऊंची मौजूदगी को भी दर्शाया गया. करीब 59 फीसदी पंजीकृत विश्वविद्यालयों का प्रबंधन सरकार करती है, जबकि कुल कॉलेजों में 21.5 फीसदी सरकार द्वारा प्रबंधित हैं. शिक्षा क्षेत्र पर सरकारी व्यय सकल घरेलू उत्पाद का तीन फीसदी है, जो उभरती जरूरतें पूरी करने की दृष्टि से अपर्याप्त है. जाहिर है निजी क्षेत्र की पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता है. हाल के दिनों में सरकार ने विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने को लेकर प्रोत्साहित किया है और भारतीय विश्वविद्यालय भी विदेशों में परिसर स्थापित कर रहे हैं, यह स्वागतयोग्य है. ऑस्ट्रेलिया के दो विश्वविद्यालयों को पहले ही गिफ्ट सिटी में परिसर स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है. इसके साथ ही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे संस्थानों ने भी अफ्रीकी महाद्वीप और पश्चिम एशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है.सर्वेक्षण के मुताबिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में कुल नामांकन का 26 फीसदी देखने को मिला और इनमें भी महिलाओं की तादाद पुरुषों से अधिक रही. यह सकारात्मक नजर आता है, लेकिन और अधिक भारतीयों को उचित कौशल की जरूरत है, ताकि तकनीक समृद्ध दुनिया में वे रोजगारपरक काम सीख सकें. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# आसरा/अरसा/अर्सा

**तेरे** प्यार का आसरा चाहता हूं, वफा कर रहा हूं, वफा चाहता हूं. 1959 में एक फिल्म आयी थी धूल के फूल. इन पंक्तियों में उसी फिल्म में आये एक गीत का मुखड़ा है, जिसे महेंद्र कपूर और लता मंगेशकर ने अपनी आवाज देकर अमर बना दिया है. ये पंक्तियां आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं, जितनी दशकों पूर्व रही होंगी. इसमें आसरा शब्द विचारणीय है. यह हिंदी भाषा का तद्भव संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. हम समझ सकते हैं कि के तत्सम शब्द आश्रय का तद्भव है-आश्रय से आसरा. आसरा शब्द का मतलब है उम्मीद, आस, आशा, सहारा, अवलंब, शरण, सहायक, आश्रय, आधार. अन्य शब्दकोशों में इस शब्द के कुछ और भी अर्थ मिलते हैं. जैसे अवलंब, भरण पोषण की आशा, भरोसा, प्रतीक्षा, प्रत्याशा, इंतजार. पनाह, जीवन या कार्य निर्वाह का हेतु, आश्रयदाता, सहायक. किसी शायर ने इस शब्द का खूबसूरत प्रयोग इस प्रकार किया है-आसरा दे के मेरे अश्क न छीन, यही ले दे के बचा है मुझ में. इसके बाद का शब्द है अर्सा. यह शब्द दो रूपों में प्रचलित है-अरसा और अर्सा. अरसा का प्रयोग करनेवाले लोग अर्सा को गलत बताते हैं और अर्सा का प्रयोग करनेवाले अरसा को. शब्दकोशों में भी मुंडे-मुंडे मतिर्भिन्ना वाली बात ही है. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश ने अर्सा को ही तरजीह दी है. इस शब्दकोश के अनुसार अर्सा अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है समय, जमाना, दौर, लम्हा, घंटा, मिनट, अंतराल, विलंब, देर, ठहरना, मध्य में किसी काम के दौरान रुक जाने की क्रिया, दौरान, मैदान, लंबाई, चौड़ाई, फैलाव, विस्तृत होने की अवस्था या भाव, भौतिक विज्ञान के अनुसार जब कोई जिस्म सादा संगीत से संबंधित गति में हो तो वह जिस वक्त में एक झुकाव पूर्ण कर लेता है, उसे उस जिस्म का अर्सा या अवधि कहते हैं. अरसा का मतलब दूरी, सफर, आंगन, घर का खुला हुआ बीच का भाग, शतरंज की बिसात भी होता है.

# जो बात हमारे जमाने में थी, वह अब कहां?

तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



अतीत की यादें महत्वपूर्ण होती हैं. कई बार जिनकी उम्र सत्तर से ज्यादा हो जाती है, वह केवल अतीत को ही महत्वपूर्ण मानते हैं. उनके अनुसार इस धरती पर स्वर्ण युग न जाने कब का समाप्त हो चुका है और अब सोने के स्थान पर चाँदी, पीतल, तांबा अथवा लोहे का युग चल रहा है. बड़े-बूढ़े हमेशा यही कहते हैं कि जो बात हमारे जमाने में थी, वह अब कहां है ? मजे की बात यह है कि आजकल के जो बड़े बूढ़े हैं, वे जब पचास- साठ साल पहले बच्चे थे, तब उनके बुजुर्ग भी उनसे यही कहते थे कि जो बात हमारे जमाने में थी, वह अब कहां है? यानी 200 – 400 साल से यही किस्सा चल रहा है कि जो बात हमारे जमाने में थी, वह अब कहां है? संस्थाओं और संगठनों में इसीलिए बुड्ढे लोग नौजवानों की चलने नहीं देते. जबकि वास्तविकता यह होती है कि वे न सोच पाते हैं और न कुछ काम कर पाते हैं. एक बीमारी भूलने की होती है. इसमें व्यक्ति निकट की घटनाओं को भूल जाता है, लेकिन चालीस साल पुरानी बातें उसे याद रहती हैं. कई लोग जिनकी आयु 75 वर्ष होती है , वे इस बीमारी के कारण यहां तक कहने लगते हैं कि हमारी सगाई तो हो चुकी, अब आए हुए सामान को कहां भिजवाया जाए? जो लोग उनकी बीमारी नहीं समझते, उनकी समझ में नहीं आता कि यह क्या कह रहे हैं. लेकिन जो जानते हैं कि इन्हें अतीत की बीमारी है, वे समझ जाते हैं और कह देते हैं कि हां सारा सामान भिजवा दिया गया है. अब आप निश्चिंत होकर बैठिए. तब वे बुजुर्ग लोग बीमारी के कारण परेशान नहीं होते और वर्तमान में अनेक बार वापस आ जाते हैं. अतीत में ज्यादा घूमने से व्यक्ति वर्तमान से कट जाता है. अगर परिवार या घर में उसको अनुकूल वातावरण न मिले तो वह चिड़चिड़ा हो जाता है और कई बार पागलपन जैसी स्थितियां भी आ जाती हैं. वास्तव में देखा जाए तो अतीत हमारा पिछले जन्म का भी था, लेकिन भगवान ने बड़ी कृपा की जो हमको पिछले जन्म के अतीत की याद से मुक्ति दिला दी और हमें वह कुछ भी याद नहीं है. जरा सोचिए ! अगर हमें पिछले जन्म की सारी बातें याद होतीं तो क्या हम इस जन्म को शांतिपूर्वक जी पाते? हम तो हमेशा अपने पिछले जन्म और इस जन्म के बीच में ही घूमते रहते .

# रफ्तार टेक्नो

# इजहार-ए-मोहब्बत की टेक्नो वाली दास्तां

फिजा में मोहब्बत की महक है. साथी के लिए भावनाएं उमड़ रही हैं. उपहार के लिए शॉपिंग साइट से मॉल तक की विंडो शॉपिंग जारी है. दिल कुछ ऐसा तलाश रहा जिसे देखकर "उनकी" नजर थम सी जाए. उनकी जिंदगी को थोड़ा आसान कर दे और शौक भी पूरे हों. कुछ ऐसा जिसे देखते ही "हां यही है राइट च्वॉइस" का भाव आंखों से झलके और दिल में आपके लिए ढेर सारा प्यार उमड़ जाए. तो आइए वेलेंटाइन डे के लिए कुछ ऐसे ही गजेट्स गिफ्ट ऑप्शन की करें बात.



## एयर टैग्स



कभी घर की चाभी कहां छूट गई पता नहीं तो कभी कार की, कभी गॉगल्स कहीं छूट गया तो कभी चश्मा या पर्स...गर आपके साथी भी जरा भुल्लकड़ से हैं तो उनके लिए एप्पल का एयर टैग्स बेहतर उपहार होगा जिसे पा कर वे निहाल से हो जाएंगे. एप्पल ट्रैकर को किसी भी चीज से जोड़ा जा सकता है. इसे अपने फोन से कनेक्ट करें और मिनटों में अपने खोए हुए बटुए, चाबियों या किसी वस्तु का पता लगाएं

**यहां से खरीदें**

अमेजन डॉट इन से रु 3490 में इसे खरीदा जा सकता है. ईएमआई पर 169 रुपए प्रतिमाह से कई योजनाएं उपलब्ध हैं.

## भुलक्कड़ों में दिल्ली टॉप पर

**रिसर्च रिपोर्ट**

**कैब प्रोवाइडर ऊबर की लॉस्ट एण्ड फाउन्ड इन्डैक्स 2023 रिपोर्ट के मुताबिक भुल्लकड़ शहरों की लिस्ट में दिल्ली टॉप पर है, जबकि मुंबई दूसरे, हैदराबाद तीसरे और बेंगलुरु चौथे स्थान पर है. यह रिपोर्ट ऊबर के कैब में सामान भूलने के आधार पर तैयार की गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के दौरान देश भर में ऐसे मामले सबसे ज्यादा पाए गए जब ऊबर राईड के दौरान राइडर अपने फोन, बैग, वॉलेट, कपड़ों, दूध के पैकेट, पानी की बोतल, चाबी,चश्मा, ज्वैलरी, झाड़ू, कॉलेज का एडमिट कार्ड, छड़ी आदि कैब में छोड़ गए. रिपोर्ट के मुताबिक लोग सबसे ज़्यादा शनिवार के दिल अपनी चीज़ें कैब में भूलते हैं. इसके बाद रविवार और शुक्रवार को नंबर है.**

## फोल्डेबल की-बोर्ड्स



अगर साथी काम या शौक के कारण यात्राएं अधिक करते हैं और यात्रा के दौरान भी काम करना पसंद है तो फोल्डेबल की-बोर्ड बतौर उपहार बेहतर रहेगा. इसे टैबलेट डिवाइस या स्मार्टफोन के साथ जोड़े जाने पर ये वजन में हल्के और गतिशील कीबोर्ड जबर्दस्त काम करते हैं. यानी गर ये फोल्डेबल की बोर्ड साथ है तो हमेशा भारी भरकम लैपटॉप ले जाने की जरूरत नहीं है. आईपैड और फोल्डेबल कीबोर्ड ले जाने भर से सारे काम हो जाएंगे.

**यहां से खरीदें**

अमेजन इंडिया पर एवरहाइप पोर्टेबल वायरलेस मल्टीडिवाइस लार्ज टच माउसपैड ब्लू टूथ आईओएस एंड्रॉइड विंडोज कंपैटिबल पॉकेट साइज की बोर्ड 3199 रुपए में उपलब्ध है. धूसर रंग के इस डिवाइस को 149 रुपए प्रतिमाह के ईएमआई पर भी खरीदा जा सकता है.

## गेमिंग कंसोल



अगर आपको अपने पार्टनर के साथ वीडियो गेम खेलना पसंद है, तो इस गिफ्ट ऑप्शन पर जरूर सोचें. गेमिंग कंसोल या कस्टमाइजेबल कंट्रोलर्स आपके साथी के लिए सबसे अच्छा उपहार हो सकते हैं. ऑनलाइन कई गेमिंग एक्सेसरीज़ उपलब्ध हैं जो उत्तम दर्जे की दिखती हैं. बेहतर ग्रिप्स और इंटरचेंजेबल थंबस्टिक्स के साथ आती हैं. ये वीडियो गेम शानदार उपहार बना सकते हैं. पीएसएन उपहार कार्ड, एसेसरीज या गेमिंग हेडसेट आपके साथी को प्रभावित कर सकते हैं.

**यहां से खरीदें**

नेक्स्ट टेक डिजीटल पीवीपी प्ले स्टेशन यूं तो 2299 रुपए का है पर इसे 899 रुपए में फ्लिपकार्ट पर खरीदा जा सकता है.

## स्मार्टफ़ोन



यदि आपका साथी स्मार्टफोन खरीदना चाह रहा है, और उन्हें फोटोग्राफी, वीडियो बनाना या सोशल मीडिया बेहद पसंद है, तो बिना समय गंवाए उनके लिए हाल ही लॉन्च हुए रियलमी 12 प्रो और 12 प्रो प्लस मोबाइल में से कोई ले लें. इससे फोटग्राफी करने पर डीएसएलआर जैसे पोर्ट्रेट्स संभव है. इसका 6.7 इंच का डिस्प्ले स्क्रीन है. बेजोड़ बैटरी लाइफ है. इस स्मार्टफोन के साथ साथी से कनेक्टेड रहना मजेदार अनुभव होगा. 256 जीबी स्टोरेज और 12 जीबी रैम वाले इस फोन को ऑनलाइन साइट पर कुछ ऑफर के साथ खरीदा जा सकता है.

**यहां से खरीदें**

37999 रुपए के इस मोबाइल फोन को 33999 रुपए में फ्लिपकार्ट पर खरीदा जा सकता है.

## पर्सनल वर्चुअल एसिस्टेंट



आपके साथी क्यों नहीं अच्छा लगेगा जब उनकी एक पुकार पर कोई हाजिर होगा. उन्हें उनकी पसंद के गाने सुनाएगा, लेटेस्ट न्यूज बताएगा, क्रिकेट के स्कोर्स को अपडेट करता रहेगा, यहां तक कि अमेजन पर ऑर्डर भी प्लेस कर देगा. जी हां, पर्सनल वर्चुअल असिस्टेंट ये सभी काम बखूबी करते हैं. अमेजन की व्हाइस असिस्टेंट अलेक्सा इस मामले में बेहद लोकप्रिय है.

**यहां से खरीदें**

अमेजन डॉट इन पर अलेक्सा को 5499 रुपए में खरीदा जा सकता है. वहीं 267 रुपए प्रतिमाह ईएमआई पर भी प्राप्त किया जा सकता है.

## एयरपॉड और ईयर बड्स



एयरपॉड और ईयर बड्स घंटो संगीत का आनंद उठाने, फिल्में देखने और फोन पर बातें करने का सहूलियत भरा मौका देते हैं. बिना तार के झंझट के ये छोटे से डिवाइस गजब के फ्रीडम का अहसास कराते हैं. बिना तार के ये उपहार आपके प्यार की डोर को और मजबूत कर सकते हैं. बजट और पसंद के अनुसार 700 से 12000 रुपए तक कई विकल्प ऑनलाइन ऑफलाइन मार्केट में उपलब्ध हैं.

**यहां से खरीदें**

एप्पल का 12990 रुपए का एयरपॉड विद चार्जिंग केस ब्लूटूथ हेडसेट विद माइक फ्लिपकार्ट पर 11999 रुपए में उपलब्ध है.

## एडवेंचर गियर



गो प्रो कैमरे उन लोगों के लिए बहुत अच्छे हैं जो अपने जीवन में कुछ रोमांच पसंद करते हैं. एक गोप्रो कैमरा उनकी साहसिक यात्राओं पर उनका आदर्श साथी हो सकता है. साहसिक या नियमित फोटोग्राफी यात्रा को एक यादगार अनुभव बना देगी. इसका छोटा आकार, मजबूती, चौड़े कोण और किसी भी सेटिंग में पॉइंट और शूट करने की क्षमता उनके सबसे बड़े फायदे हैं. तो साथी गर एडवेंचर ट्रैवलिंग में रुचि रखते हैं तो यह उपहार उनकी आंखें चमका सकती है.

**यहां से खरीदें**

गो प्रो हीरो8 ब्लैक स्पोर्ट्स एंड एक्शन कैमरा यूं तो 36500 रुपए का है पर इसे अभी 26990 रुपए में फ्लिपकार्ट से खरीदा जा सकता है.

## मिनी प्रोजेक्टर



महामारी फैलने के बाद से मिनी प्रोजेक्टर दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं. जो कोई भी बड़े पर्दे पर फुटबॉल और क्रिकेट मैचों का आनंद लेता है, वह निश्चित रूप से इसे खरीदने के लिए उत्साहित होगा. आज अधिकांश मिनी प्रोजेक्टर क्रिस्प इमेज क्वालिटी देते हैं जो देखने के अनुभव को बेहतर बनाते हैं. ये कॉम्पैक्ट प्रोजेक्टर दोस्तों और परिवार के साथ मूवी डेट और देर रात के मूवी सत्र के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं.

**यहां से खरीदें**

जेबरॉनिक्स पिक्सप्ले 22 पोर्टेबल मिनी प्रोजेक्टर यूं तो 37999 रुपए का है, पर इसे फ्लिपकार्ट पर अभी 9999 रुपए में खरीदा जा सकता है.

## ब्लूटूथ स्पीकर



बाजार में ब्लूटूथ स्पीकर की एक विस्तृत विविधता मौजूद है. ब्लूटूथ साउंडबार, मिनी स्पीकर, या वाटर प्रूफ स्पीकर जिन्हें कोई भी सचमुच कहीं भी ले जा सकता है. वे वायरलेस, एनर्जी एफिशिएंट हैं और बेहतर साउंड क्वालिटी प्रदान करते हैं. यदि आपका साथी धीमे शास्त्रीय संगीत का बैकग्राउंड पढ़ते या काम करते समय पसंद करते हैं, या खुले एरिया में उत्सवी अंदाज में पसंदीदा संगीत पर थिरकना उनका स्वभाव है, तो उन्हें एक पोर्टेबल स्पीकर बेशक उनकी जरुरत में शामिल है.

**यहां से खरीदें**

फ्लिपकार्ट पर दस वॉट और 12 घंटे बैट्री लाइफ का बोट स्टोन 350 ब्लूटूथ स्पीकर 1399 रुपए में उपलब्ध है.

## मीडिया स्ट्रीमिंग डिवाइस




स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म मनोरंजन के सबसे लोकप्रिय साधनों में से एक बन गए हैं. अमेज़ॅन फायर टीवी स्टिक मनोरंजन का धमाका सा है. टेलीविज़न शो, वेब सीरीज़, फ़िल्में, लाइव क्रिकेट मैच सभी एक ही स्थान पर देखा जा सकता है. मीडिया स्ट्रीमिंग डिवाइस आपको वीडियो स्ट्रीम करने, एप्लिकेशन इंस्टॉल करने, अपने टीवी पर संगीत सुनने की सुविधा देता है. अपने टीवी को स्मार्ट टीवी में बदलने के लिए कोई अमेज़न फायर टीवी स्टिक का उपयोग कर सकता है.

**यहां से खरीदें**

4999 रुपए के अमेजन फायर टीवी स्टिक को अमेजन डॉट इन पर 4499 रुपए में खरीदा जा सकता है. ईएमआई पर 218 रुपए प्रतिमाह पर लिया जा सकता है.

# एप्पल की ऑटोमेटिक ई-कार का दुनिया भर में हो रहा... बेकरारी से इंतजार

**दुनिया का सबसे महंगा स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल की ई-कार का लंबे समय से इंतजार हो रहा है. कोडनेम टाइटन नाम यह प्रोजेक्ट एक बार फिर से चर्चा में है. दरअसल अब इसकी नई रिलीज डेट सामने आई है, जो 2028 है. बता दें कि कंपनी ने ई कार के लिए इस प्रोजेक्ट की शुरुआत वर्ष 2015 से की थी.**

### बिना स्टेयरिंग की कार!

*शुरुआत में तो जो जानकारियां कंपनी की ओर से जारी हुई थी, उसके अनुसार वह एक एक फुली ऑटोमैटिक व्हीकल पर काम कर रही थी, जिसमें स्टेयरिंग व्हील भी नहीं देने की बात सामने आई थी. हाल ही ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट्स से खुलासा हुआ है कि कंपनी अपने नजरिए को और रिएलिस्टिक बनाने जा रही है.*

### तेज हुई टेस्टिंग की रफ्तार

एप्पल ने अपनी सेल्फ-ड्राइविंग कार की टेस्टिंग की रफ्तार तेज कर दी है. एप्पल कार ने दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 तक अमेरिका में 450,000 मील से ज्यादा की ऑटोनॉमस ड्राइविंग की है. रिपोर्ट्स के मुताबिक एप्पल द्वारा कैलिफोर्निया मोटर वाहन विभाग (डीएमवी) को प्रजेंट किए गए डेटा से पता चला है कि कंपनी ने अपनी ऑटोनॉमस कार की पिछले साल से कहीं ज्यादा टेस्टिंग की है.

### टक्कर इसे देगी

बैटरी-पावर और रेंज के मामले में एप्पल की इलेक्ट्रिक कार एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को कड़ी टक्कर दे सकती है और इसकी एक्स शोरूम प्राइस एक लाख डॉलर, यानी एक करोड़ रुपए से कम हो सकती है. कंपनी फिलहाल वाहन के डिजाइन पर काम कर रही है. साथ ही सीट्स और सस्पेंशन जैसे राइडिंग कंफर्ट से संबंधित सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में कई नए पेटेंट भी दायर किए हैं. आईफोन निर्माता कथित तौर पर वीइकल-टू-एवरीथिंग (वी2एक्स) टेक्नॉलॉजी पर भी काम कर रही है, जो कारों को एक-दूसरे के साथ कम्युनिकेट करने और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) से जुड़ने की अनुमति देता है.



### ऑटोनॉमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी

चालक को लोकेशन तक पहुंचाने के लिए ट्रिप के आखिरी एक प्रतिशत की दूरी को सटीक बनाने का दावा किया गया है. ऑटोनॉमस कार खुद को सटीक पार्किंग स्थल पर पार्क कर सकेगा जहां मालिक इसे पार्क करना चाहता है या वह स्थान जहां वह चाहता है कि वह कार को गंतव्य तक पहुंचने के बाद छोड़ दे.

### वॉयस कमांड से होगा काम


एप्पल के पेटेंट से यह इशारा मिलता है कि कार में बैठे लोगों की आवाज (वॉयस कमांड) के जरिए कार को सिग्नल मिलेंगे. कमांड मिलने के बाद, कार का सिस्टम ऑनबोर्ड कैमरों और सेंसर को सटीक जगह का पता लगाने और वहां पहुंचने में सक्षम बनाती है.

# 8 फरवरी को लॉन्च होंगे धांसू फीचर्स वाले ये दो फोन

8 फरवरी को आइटेल भारत में दो नए फोन लॉन्च करेगा. एक का नाम है आईटेल पी 55 और दूसरे का आईटेल पी 55 प्लस. आइटेल पी सीरीज के ये डिवाइस 8 फरवरी को भारत में लॉन्च होने वाले हैं. कंपनी की ओर से भारतीय बाजार में इस फोन के और स्पेसिफिकेशन्स के बारे में अधिकृत जानकारी अभी नहीं दी गई है. हालांकि दोनों फोन अमेजन इंडिया पर लाइव हो गए हैं और अमेजन की लिस्टिंग में इन हैंडसेट के कुछ स्पेशल फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस दिए गए हैं. इसके अनुसार नए स्मार्टफोन्स में आपको 50 मेगापिक्सल तक का कैमरा और 5000 मेगाहर्ट्ज तक की बैटरी के साथ कई तगड़े फीचर मिलेंगे. बता दें कि अफ्रीकन मार्केट में ये दोनों फोन पहले से ही उपलब्ध हैं.

### आइटेल पी 55 प्लस

45 वॉट की फास्ट चार्जिंग के साथ आने वाले इस नए फोन को लेकर कंपनी का दावा है कि यह केवल 30 मिनट में 0 से 70 पर्सेंट तक चार्ज हो जाएगा. इसमें चार्जिंग के लिए यूजर्स को तीन लेवल मिलेंगे. हाइपर लेवल चार्जिंग 10 मिनट में फोन की बैटरी को 25 पर्सेंट कर देगी. स्मार्ट चार्ज ऑप्शन एआई पर बेस्ड है और यह यूजर के फोन यूज करने के पैटर्न को ध्यान रखते हुए फोन की बैटरी को चार्ज करता है. वहीं फोन में लो-टेंप्रेचर चार्जिंग ऑप्शन भी दिया गया है. इस फीचर के कारण बिना ओवरहीट हुए बैटरी चार्ज हो जाती है. एक्सपर्ट्स की माने तो कंपनी इस फोन में 16जीबी तक की रैम (वर्चुअल रैम के साथ) ऑफर कर सकती है. फोन की खासियत इसका कैमरा होगा. फोटोग्राफी के लिए इसमें 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा मिल सकता है. फोन ड्यूल टोन फिनिश वाले लेदर टेक्स्चर वाले डिजाइन के साथ भी आएगा.






### आईटेल पी 55

256 जीबी तक का इंटरनल स्टोरेज वाला यह फोन फोटोग्राफी के लिए ड्यूल कैमरा सेटअप ऑफर के साथ आएगा. दोनों डिवाइस में कंपनी 6.56 इंच का एचडी प्लस एलसीडी पैनल ऑफर कर रही है. यह डिस्प्ले 90 हट्र्ज के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है. प्रोसेसर के तौर पर इसमें कंपनी इस फोन में यूनिसॉक टी 606 दे रही है. फोन्स के फ्रंट में सेल्फी के लिए 8 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है. इनमें 5000 मेगाहर्ट्ज की बैटरी दी गई है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### विश्व कप जीतने के लिए बहुत कुछ सही होना जरूरी है, खासकर नॉकआउट मैचों में, जिनमें कुछ भी संभव है

# भारत विश्व कप में सफलता के शिखर तक पहुंचने में सक्षम है : पूर्व कोच किर्स्टन

**भाषा। केपटाउन**

महेंद्र सिंह धोनी के साथ गैरी किर्स्टन ने 2011 में भारत को विश्व कप दिलाया तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि अगली ट्रॉफी के लिए भारत का इंतजार इतना लंबा हो जायेगा लेकिन इस पूर्व कोच का मानना है कि भारतीय टीम इस इंतजार को खत्म करने में सक्षम है और शायद इसी साल टी20 विश्व कप में. भारतीय टीम के साथ 2008 से 2011 तक मुख्य कोच रहे किर्स्टन ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा कि मुझे नहीं लगता कि विश्व कप जीतना आसान है. कतई नहीं. आस्ट्रेलिया ने जरूर दूसरी टीमों की तुलना में इसमें महारत हासिल कर ली है लेकिन भारत भी विश्व कप में सफलता के शिखर तक पहुंचने में सक्षम है. उन्होंने कहा कि मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं होगी अगर भारतीय टीम जल्दी ही इस कमी को पूरा करती है. यह पूछने पर कि क्या पिछले साल अपनी सरजमीं पर फाइनल में मिली नाकामी के बाद भारत वेस्टइंडीज और अमेरिका में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में पिछले एक दशक से अधिक समय से चला आ रहा इंतजार खत्म कर सकता है, उन्होंने कहा कि निस्संदेह. भारत विश्व कप जीतने में सक्षम है क्योंकि उसके पास ऐसा करने का माद्दा रखने वाले खिलाड़ी हैं. लेकिन विश्व कप जीतने के लिये बहुत कुछ सही होना जरूरी है खासकर नॉकआउट मैचों में जिनमें कुछ भी संभव है.

**क्रिकेट को जीवंत बनाये रखने के लिए प्रासंगिकता जरूरी :** अपने कैरियर में 185 वनडे मैचों में 6798 रन बना चुके किर्स्टन का मानना है कि 50 ओवरों के क्रिकेट को जीवंत बनाये रखने के लिये प्रासंगिकता जरूरी है. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर वनडे मैच में प्रासंगिकता होनी चाहिये. मुझे तीन या चार देशों के वनडे टूर्नामेंट पसंद हैं लेकिन कई बार द्विपक्षीय श्रृंखलायें अप्रासंगिक हो जाती हैं. मैं चाहता हूं कि हर साल वनडे में एक विश्व चैम्पियन मिले. अंक व्यवस्था या जिस तरीके से भी लेकिन प्रतिस्पर्धा जरूरी है.



2008 से 2011 तक भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे किर्स्टन

### मैने भी कुछ मैच देखे जो रोमांचक थे

*पूर्व कोच ने कहा कि हाल ही में भारत में वनडे विश्व कप हुआ जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया. मैने भी कुछ मैच देखे जो रोमांचक थे. इस प्रारूप में मैंने काफी क्रिकेट खेली है और यह शानदार प्रारूप है. 'क्लब बनाम देश' विवाद पर उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट इस मायने में जरूरी है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल पाने वाली प्रतिभाओं को उनके सपने पूरे करने के लिये मंच दे रहा है. किर्स्टन ने कहा कि हर किसी के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल पाना संभव नहीं है. लेकिन फ्रेंचाइजी लीग खेलकर युवा अपने सपने पूरे कर रहे हैं. इससे उन्हें पेशेवर क्रिकेट खेलने का मौका मिल रहा है जो अच्छी बात है.*

### 'दक्षिण अफ्रीका 20' जैसी लीग जरूरी है

'दक्षिण अफ्रीका 20 लीग' का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि देश के क्रिकेट तंत्र के लिये इस तरह की लीग जरूरी है. उन्होंने कहा कि इस देश में क्रिकेट को जीवंत बनाये रखने के लिये 'दक्षिण अफ्रीका 20' जैसी लीग जरूरी है. दुनिया भर में इस तरह की लीग हो रही है जो आर्थिक दृष्टिकोण से भी अहम है. जब युवा इन मैचों में अपने नायकों को खेलते देखते हैं तो उनकी तरह बनना चाहते हैं. इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के कोच ने इस बात का कोई सीधा जवाब नहीं दिया कि मौका मिलने पर क्या वे भारतीय टीम के साथ बतौर कोच दोबारा जुड़ना चाहेंगे.

### शुभमन गिल सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक

उन्होंने गुजरात टाइटंस के भावी कप्तान शुभमन गिल की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि शुभमन सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक है. एक आईपीएल सत्र में 900 से अधिक रन बनाना हर किसी के बस की बात नहीं. वह सीखने को लालायित रहता है और मुझे यकीन है कि उसे कप्तानी में मजा आयेगा. नौ साल पहले यहां कमजोर तबके के बच्चों के लिये कैच ट्रस्ट फाउंडेशन शुरू करने वाले किर्स्टन ने कहा कि इन बच्चों में से अगर कोई प्रतिभाशाली आगे आकर देश के लिये खेल पाता है तो यह हमारा दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को योगदान होगा.

### हम सभी टीम से काफी जुड़े हुए हैं

किर्स्टन ने कहा कि मैं हर साल भारत जाता हूं और मुझे बहुत अच्छा लगता है. आईपीएल में यह मेरा आठवां सत्र होगा और गुजरात टाइटंस के लिये काम करने में बहुत मजा आ रहा है. आशीष नेहरा मेरा दोस्त है और हम सभी टीम से काफी जुड़े हुए हैं. किर्स्टन ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कोचिंग का प्रस्ताव मिलता है तो यह सम्मान की बात होगी. लेकिन अभी कुछ कह नहीं सकता.

### दूसरा टेस्ट: जसप्रीत बुमराह और अश्विन की अगुवाई में गेंदबाजों का रहा शानदार प्रदर्शन

# भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से दी शिकस्त



**भाषा। विशाखापत्तनम**

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की. जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया. इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया. भारतीय टीम ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था. दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे. उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही. इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गये पहले मैच को 28 रन से जीता था.

**15 फरवरी से खेला जायेगा तीसरा मैच :** श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा. रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि आप जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं है. (मैं) चाहता था कि हमारे गेंदबाज जिम्मेदारी ले और उन्होंने ऐसा किया.

इंग्लैड के लिए जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली. उन्होंने इस दौरान अपनी पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ा. भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की. वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट का कारनामा पूरा नहीं कर सके और इस रिकॉर्ड से एक विकेट दूर है. अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली.

### कड़ा प्रहार

- भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया
- इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया

### बुमराह हमारे चैंपियन खिलाड़ी हैः रोहित शर्मा



*बुमराह के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा कि वह हमारे चैम्पियन खिलाड़ी है. लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी. बेन फॉक्स (36) और टॉम हार्टले (36) ने आठवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की.*

### जसप्रीत बुमराह ने की जमकर गेंदबाजी

*मैच में बुमराह ने दो घंटे के शुरुआती सत्र में जमकर गेंदबाजी की. आम तौर पर चार-पांच ओवर के स्पैल डालने वाले बुमराह ने अपने शुरुआती स्पैल में ज्यादा ओवर डाले और फिर गेंदबाजी में वापसी पर बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू किया. रूट हालांकि अपने प्रयास से ज्यादा निराश होंगे क्योंकि उन्होंने क्रीज से आगे निकलकर गेंद की पिच तक पहुंचे बिना ही हवाई शॉट खेला और शॉर्ट थर्ड मैन पर कैच दे बैठे. अश्विन का टेस्ट में यह 499 वां विकेट है. अक्षर ने इससे पहले रेहान अहमद (23) को एलबीडब्ल्यू किया जबकि अश्विन की गेंद में रोहित ने स्लिप में पोप का शानदार कैच लपका.*

### भरोसा था कि हम लक्ष्य का पीछा कर लेंगे:बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मैच के बाद कहा कि आखिरी पारी में खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य का पीछा कर लेंगे. इंग्लैंड के बल्लेबाज अगर क्राउली से सीख लेते तो वह शायद ऐसा कर लेते लेकिन उन्हें अति आक्रामक रूख अपनाना भारी पड़ा. क्राउली ने अपनी पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाया तो वहीं जो रूट (16) और ओली पोप (23) को आक्रामक रूख अख्तियार करने का खामियाजा भुगतना पड़ा. क्राउली के खिलाफ कुलदीप की गेंद पर मैदानी अंपायर ने एलबीडब्ल्यू की अपील को नकार दिया था लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का डीआरएस लेने का फैसला सफल रहा.

### इंग्लैंड ने एक विकेट पर 67 रन से की शुरुआत

इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 67 रन से की. टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाये लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया. लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया. इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था.

# आंध्र का हरफनमौला प्रदर्शन बिहार को 157 रन से हराया

**भाषा। पटना**

आंध्र ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में बिहार के खिलाफ पारी और 157 रन से बड़ी जीत दर्ज कर सात अंक हासिल किये. मैच के आखिरी दिन बिहार ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 111 रन से शुरू की. आंध्र को फिर से बल्लेबाजी करने के लिए टीम को और 170 रन की जरूरत थी लेकिन उसकी पारी केवल 124 रन पर सिमट गयी. बिहार के बल्लेबाजों ने दोनों पारियों में लचर प्रदर्शन किया. पहली पारी में टीम महज 182 रन ही बना पायी थी, जिसके जवाब में आंध्र ने 463 रन बनाकर 281 रन की बढ़त ली थी. आंध्र के लिए 159 रन बनाने वाले नितीश कुमार रेड्डी मैन ऑफ द मैच बने. ग्रुप के अन्य मैच में रायपुर में छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहली पारी में 38 रन की बढ़त के आधार पर केरल को तीन अंक मिले. जीत के लिए 289 रन का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ ने मैच खत्म होने तक एक विकेट पर 79 रन बना लिये थे. पहली पारी में 350 रन बनाने वाले केरल ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 251 रन पर घोषित कर दी. टीम के लिए सचिन बेबी मैच में दूसरी बार शतक बनाने से चूक गये. वह 94 रन पर रन आउट हुए. उन्होंने पहली पारी में 91 रन बनाये थे. उत्तर प्रदेश और असम के बीच आखिरी दिन का खेल संभव नहीं हुआ जिससे दोनों टीमों को एक-एक अंक साझा करना पड़ा. उत्तर प्रदेश ने मैन ऑफ द मैच आर्यन जुयाल के 201 रन के दम पर अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 548 रन पर घोषित की. असम ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 316 रन बनाये.

### फज्र अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैलेंज

# सतीश-आद्या और साई-कृष्णा की जोड़ी बनी विजेता

**भाषा। नयी दिल्ली**

सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता. शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की. के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता. पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा. महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गयी.

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 10 विकेट से हराया

**भाषा। कोलंबो**

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या (67 रन पर तीन विकेट और 107 रन पर पांच विकेट) ने मैच में आठ विकेट चटकाए जिससे श्रीलंका ने सोमवार को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 10 विकेट से जीत दर्ज की. पहली पारी में 198 रन बनाने वाला अफगानिस्तान दूसरी पारी में 296 रन पर सिमट गया जिससे श्रीलंका को 56 रन का लक्ष्य मिला जो उसने दिमुथ करूणारत्ने (नाबाद 32) और निशान मदुशंका (नाबाद 22) की पारियों की बदौलत बिना विकेट खोए आठवें ओवर में ही हासिल कर लिया. एंजेलो मैथ्यूज (141) और दिनेश चांदीमल (107) के शतक से श्रीलंका ने पहली पारी में 439 रन बनाकर 241 रन की बढ़त हासिल की थी. अफगानिस्तान ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 199 रन के साथ मजबूत स्थिति से की थी लेकिन टीम ने लंच तक 252 रन तक सात विकेट गंवा दिए.

**अपने पहले टेस्ट इब्राहिम ने जड़ा शतक :** अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले इब्राहिम जादरान 114 रन बनाकर आउट हुए. दिन की शुरुआत में अफगानिस्तान की टीम श्रीलंका के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे थी.

### एफआईएच प्रो लीग — भारतीय टीम नीदरलैंड, ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी

# सर्वश्रेष्ठ टीमों की शैली से परिचित होंगे भारतीय खिलाड़ी

**भाषा। भुवनेश्वर**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा. उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा.

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची. भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था. भारतीय टीम नीदरलैंड, ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी.

### खास बातें

- 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होगा मैच
- पिछले सत्र में मामूली अंतर से चूक गया था भारत

**इस बार कुछ युवा खिलाड़ी भी टीम में शामिल :** हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था. उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा. भारत के अलावा प्रो लीग के इस चरण में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भाग ले रही है.

### हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं



भारतीय कप्तान ने कहा कि हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने से हमें एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी. इसके साथ ही यह आयोजन पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा. भारत इस सत्र के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा, उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा. मेजबान टीम इसके बाद 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड को चुनौती पेश करेगी.

### कलात्मक तैराकी



ब्राजील की टीम दोहा, कतर में सोमवार को विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में कलात्मक तैराकी के मिश्रित टीम तकनीकी फाइनल में प्रतिस्पर्धा करती हुई.

## ब्रीफ खबरें

### मिड डे मील खाने से सैकड़ों बच्चे बीमार

**बगहा।** बगहा में मिड डे मील खाने से सैकड़ों बच्चों की तबीयत बिगड़ गई है. फिलहाल सभी बच्चों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना के बाद एक बार फिर खाना की सप्लाई करने वाले एनजीओ पर सवाल उठने लगे हैं. यह मामला बगहा एक के राजकीय मध्य विद्यालय परसौनी का है. सूचना मिलते ही अभिभावकों की भीड़ स्कूल परिसर में जुट गई. इसके बाद आनन-फानन में एंबुलेंस से बच्चों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हुई है. बगहा प्रखंड दो के राजकीय मवि नरवल बरवल में यह घटना हुई थी.

### पटना में ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**पटना।** पटना में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई. युवक दुकान जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहा था. इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया. मृतक की पहचान नवरत्नपुर निवासी योगेंद्र ठाकुर के रूप में हुई है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना जिले के दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के सरारी रेलवे गुमटी पास की है. मृतक के भाई रितिक राज ने बताया कि योगेंद्र घर से दुकान खोलने के लिए जा रहा था. गुमटी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. पुलिस के द्वारा सूचना मिलने पर आए तो देखे कि भाई का शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा हुआ था.

### औरंगाबाद में किसान की गोली मारकर हत्या

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में रविवार देर रात में अपराधियों ने 40 वर्षीय किसान की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र स्थित पांडेय कर्मा गांव की है. मृतक का नाम कमलेश पांडेय है. फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है. सोमवार को सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचे परिजनों ने बताया कि कमलेश पांडेय गांव में ही खेतीबारी करते थे. रविवार की रात अपने गांव में विद्यालय के समीप बने शिव मंदिर के चबूतरे पर बैठे थे. इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी.

# पीएम मोदी से मिले सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा

**संवाददाता। पटना/नयी दिल्ली**



संसद भवन में बिहार बीजेपी के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. उनके साथ दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा भी थे. तीनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई. हालांकि इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फ्लोर टेस्ट और मंत्रिमंडल विस्तार से पहले हुई इस मुलाकात को बेहद अहम माना जा रहा है.

सम्राट चौधरी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया राष्ट्र की उन्नति को समर्पित आपकी विचारधारा एवं अखंड भारत के संकल्प ने मां भारती का जो गौरव बढ़ाया है, वह सदैव अक्षुण्ण रहे. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता पीएम मोदी को काफी प्रेम करती है. शाह और राजनाथ से भी मिलेः इससे पहले रविवार को सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी. उसके बाद बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से भी जाकर दोनों मिले थे.

### नीतीश जाएंगे दिल्ली, मिलेंगे शाह और नड्डा से



**पटना।** सीएम नीतीश कुमार पीएम से मिलने 7 फरवरी को दिल्ली जाएंगे. आठ की शाम लौट आएंगे. दो दिन के दौरे में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिलेंगे. बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टी अभी से तैयारी में जुट गई है. महागठबंधन से अलग होने के लिए सीएम नीतीश कुमार एनडीए में शामिल हो गए हैं. एनडीए में शामिल होने के बाद पहली बार सीएम नीतीश कुमार दिल्ली जाएंगे और अमित शाह के साथ-साथ जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे. इस मुलाकात में बिहार की राजनीति और लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन होगा.

### नेशनल पैरेड से लौटे एनसीसी कैडेट को किया सम्मानित

# एनसीसी कैडेटों का कार्य प्रेरणादायी : राज्यपाल

**विशेष संवाददाता। पटना**

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सोमवार को राजभवन में 26 जनवरी को 75वें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में शामिल हुए बिहार-झारखंड के एनसीसी के कैडेटों का सम्मान किया. इस अवसर पर आयोजित रंगारंग समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश और समाज के लिए काम करते हैं तथा आपदा की स्थिति में लोगों को मदद पहुंचाते हैं. उनका कार्य अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है. एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के राष्ट्रीय परेड में भाग लेना गौरव का विषय है और हमारे कैडेट्स ने इस परेड का हिस्सा बनकर बिहार का मान बढ़ाया है. राज्यपाल ने कैडेट्स से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहभागी बनने को कहा. समारोह में बिहार एवं झारखंड की लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये. इस अवसर पर राज्यपाल ने इंटर ग्रुप चैम्पियनशिप ट्रॉफी तथा गवर्नर्स बैनर प्रदान किया तथा सांस्कृतिक दल को पुरस्कृत किया.

### प्रशांत किशोर ने सीएम के साथ-साथ भाजपा पर भी कसा तंज, बोले-

# अमित शाह दरवाजा बंद किये लेकिन कुंडी लगाना भूल गए

**संवाददाता। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर जन सुराज अभियान के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर हमला बोला है. पीके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर भी तंज कसा. सोमवार को बयान जारी करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार पलटूराम हैं ये तो बिहार का पूरा बच्चा-बच्चा जानता है, लेकिन अभी कुछ दिन पहले जो हुआ उससे ये भी पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह भी उतने ही बड़े पलटूराम हैं. बिहार में आज से कुछ महीने पहले अमित शाह ने एक रैली में लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि बिहार का एक-एक आदमी कान खोल कर सुन लें नीतीश कुमार के लिए बीजेपी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं, लेकिन मौजूदा समय में मजाक क्या हो रहा है? मजाक यह हो रहा है कि अमित शाह ने दरवाजा तो ठीक बंद किया पर कुंडी लगाना भूल गए. फिर पलट कर नीतीश कुमार के साथ चले गए. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार राजद से पलट कर बीजेपी के साथ गए हैं तो बीजेपी वाले भी तो उनके साथ गए हैं. यही हाल राजद के नेता तेजस्वी यादव का है. तेजस्वी साल भर पहले नीतीश को पलटूराम बता रहे थे पर जैसे ही नीतीश ने तेजस्वी को उप-मुख्यमंत्री बनाया तो तेजस्वी-नीतीश को विकास का मसीहा बताने लगे. पीके ने कहा कि जब विपक्ष में थे तो शराब में उनको माफियागिरी दिख रही थी पर ठीक जैसे ही उनको उप-मुख्यमंत्री बनाया गया तो नीतीश कुमार में उनको अपना राजनीतिक गुरु दिखने लगा, तो सिर्फ नीतीश कुमार पलटूराम नहीं हैं. नीतीश कुमार सिर्फ पलटूराम के सरदार हैं.

### बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा

## जीतनराम मांझी सुलझे नेता हैं, कोई खेला नहीं होने वाला



**पटना।** बिहार में 28 जनवरी को नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार बनी. इस गठबंधन में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) भी है. हम के चार विधायक हैं. मांझी ने मंत्रिमंडल विस्तार से पहले हम को एक और मंत्री पद देने की मांग की है. इसको लेकर बिहार में सियासत चल रही थी रविवार को यह अफवाह उड़ी की संतोष कुमार सुमन ने इस्तीफा दे दिया. इसी मुद्दे पर बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि लोग कुछ भी कह सकते हैं, कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. मांझी जी लगातार केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार का साथ देते रहे हैं. उन्होंने उम्मीद जतायी कि कहीं से कोई दिक्कत एनडीए में नहीं होनेवाला है. भाजपा सांसद ने कहा कि बिहार में जो नई सरकार बनी है, वह विकास का काम करेगी. विकास का काम करने को लेकर सभी गठबंधन के नेता एकजुट हैं. इसीलिए कोई कुछ कह ले हमें विश्वास है कि मांझी जी जैसे सुलझे नेता कभी भी कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे एनडीए गठबंधन पर आंच आए.

वहीं, मांझी ने कहा कि हम लोग एनडीए के पुराने साथी हैं और हमारी इच्छा है कि एक और विधायक को अगर मंत्री पद मिल जाता तो बिहार में काम करने में ठीक रहता. उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं होता है तो यह हमारे साथ अन्याय होगा. हमारी इच्छा है कि एक और विधायक जो हमारे पार्टी के अनिल कुमार सिंह हैं, उन्हें नीतीश कुमार मंत्री बनाएं.

### सीएम ने बिहार लघु उद्यमी योजना का किया शुभारंभ, बोले-

# 94 लाख परिवारों को मिलेगा 2 लाख

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार लघु उद्यमी योजना का शुभारंभ किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य के 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लखा रुपये सहायता राशि स्वरोजगार के लिए दी जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जाति आधारित गणना करवाई ताकि जाति के साथ-साथ हर किसी की आर्थिक स्थिति का भी पता चल सके. सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि 94 लाख से अधिक गरीब परिवार हैं जिनको आर्थिक मदद की जरूरत है. हमलोग ऐसे सभी परिवार के लाभुकों को 2-2 लाख रुपया सहायता राशि देंगे ताकि वे लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत अपना व्यवसाय शुरू कर सकें. इसकी ट्रेनिंग भी अलग से दी जाएगी. सीएम ने कहा कि आर्थिक रूप से गरीब परिवारों को स्व-रोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु बिहार लघु उद्यमी योजना लागू की गयी है.

योजना के अन्तर्गत राज्य के आर्थिक रूप से गरीब सभी परिवारों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं कि कि इस योजना के अलावा अगर कोई अपना रोजगार करना चाहता है तो उनकी भी पूरी मदद करें. हम आप लोगों से अनुरोध करेंगे कि हर जाति, धर्म के लोगों के बीच इस योजना को प्रचारित-प्रसारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें.

इस योजना के क्रियान्वयन में जितना पैसा लगेगा सरकार खर्च करेगी. हमलोग अगले 5 वर्ष के लिये पहला टर्म शुरू कर रहे हैं. इस योजना के बेहतर ढंग से कार्यान्वयन के लिये आप लोग ठीक से कार्य करें.

### झारखंड में भाजपा को मिला मुंहतोड़ जवाब : राजद

**पटना।** राजद ने झारखंड में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन के नेतृत्व में बनी नई सरकार के विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर लेने पर खुशी जाहिर करते हुए झारखंड की गठबंधन सरकार को बधाई दी है. पार्टी के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने सोमवार को यहां कहा कि चंपई सरकार के गठन के साथ हीं भाजपा द्वारा तरह-तरह के फैलाई जा रही अफवाह निराधार साबित हुई. गगन ने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करनेवालों को भरपूर जवाब मिल गया है.

# माले ने महादलितों पर अत्याचार को लेकर सीएम का फूंका पुतला

**संवाददाता। कैमूर (भभुआ)**



कैमूर में महादलितों के खिलाफ पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ सीपीआई-एमएल (एम) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया. भभुआ शहर में विरोध मार्च निकाल कर शहर के एकता चौक पर सीएम का पुतला फूंककर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. वक्ताओं ने कहा कि दलितों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन सरकार आरोपितों पर कार्रवाई के बदले मामले की लीपापोती में जुटी है.

कॉमरेड के प्रांतीय सचिव अशोक बैठा ने बताया कि पिछले साल 16 नवंबर को किसान अपने धान की फसल को काट रहे थे. पुलिस और स्थानीय दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था.

## कारोबार

### तीन अरब डॉलर जुटाने की योजना

**नयी दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता हुंदै इस साल के अंत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये कम से कम तीन अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बना रही है. सूत्रों के अनुसार हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड 3.3-5.6 अरब डॉलर तक पूंजी जुटाने के लिए अपनी 15-20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकती है. कंपनी अगर आईपीओ के लिए आगे बढ़ती है, तो यह 21,000 करोड़ के आईपीओ को पीछे छोड़कर भारत में सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बन जाएगा.

### स्नैप-ई कैब्स ने जुटाए 25 लाख डॉलर

**कोलकाता।** कैब सेवा के लिए ऑनलाइन इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराने वाले मंच स्नैप-ई कैब्स ने इन्फ्लेक्शन पॉइंट वेंचर्स के नेतृत्व में प्री-सीरीज़ ए दौर में 25 लाख अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं. अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तपोषण से प्रतिभा अधिग्रहण, प्रौद्योगिकी उन्नयन, नई सेवाओं और भौगोलिक विस्तार को बढ़ावा मिलेगा. कोलकाता स्थित स्नैप-ई कैब्स की स्थापना 2022 में मयंक बिंदल और जयदीप मुखर्जी ने की थी. कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच शहरों में 1,500-2,000 ईवी संचालित करना है.

### एयरटेल का शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर, 2023 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 2,442.2 करोड़ रुपये हो गया है. एक साल पहले तीसरी तिमाही में कंपनी ने 1,588.2 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था. शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान एयरटेल की एकीकृत परिचालन आय सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत बढ़कर 37,899.5 करोड़ रुपये हो गई. इससे पहले दिसंबर, 2022 तिमाही में यह आंकड़ा 35,804.4 करोड़ था. समीक्षाधीन तिमाही के दौरान भारतीय कारोबार से एयरटेल की आय में बढ़ोत्तरी हुई है.

### गुटखा प्रोडक्ट की पैकिंग मशीन का जीएसटी विभाग से रजिस्ट्रेशन है जरूरी

# मशीन रजिस्टर्ड नहीं तो लगेगा जुर्माना

**भाषा। नयी दिल्ली**



रेवेन्यू लीकेज के मामले में सरकार सख्त हो गई है. ऐसी खबर मिली है कि कई लोग तंबाकू से खैनी, गुटखा, पान मसाला या ऐसे ही सिमिलर प्रोडक्ट की पैकिंग मशीन से करते हैं लेकिन जीएसटी विभाग के पास मशीन रजिस्टर्ड नहीं कराया है. ऐसे कारोबारियों पर अब भारी जुर्माना होगा. यह फैसला एक अप्रैल से लागू हो रहा है. यह जानकारी केंद्रीय वित्त मंत्रालय में रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा ने दी है. इस साल के अंतरिम बजट के बाद पीटीआई से बात करते हुए राजस्व सचिव ने इस बात की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि तंबाकू विनिर्माण उद्योग में रेवेन्यू लीकेज रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है. विशेष रूप से, वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में कुछ बदलाव किए, जिसमें पंजीकृत नहीं होने वाली प्रत्येक मशीन पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगेगा. इसके अतिरिक्त, मानक का अनुपालन न करने पर कुछ मामलों में जब्ती भी होगी. पिछले साल, जीएसटी काउंसिल की सिफारिश पर, कर अधिकारियों ने तंबाकू निर्माताओं द्वारा मशीनरी को पंजीकृत करने की एक विशेष प्रक्रिया के बारे में एक अधिसूचना जारी की थी. संशोधन में कहा गया है कि नई पैकिंग मशीनों के साथ-साथ मौजूदा पैकिंग मशीनों और इनकी पैकिंग क्षमता का विवरण फॉर्म जीएसटी एसआरएम-1 में प्रदान किया जाना चाहिए. संशोधन में कोई जुर्माना शामिल नहीं था.

संजय मल्होत्रा ने बताया कि जीएसटी परिषद ने बीते दिनों एक बैठक बुलाई थी और उसी में यह निर्णय लिया गया. इसमें कहा गया कि पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के उत्पादों के लिए, उनकी मशीनों का पंजीकरण होना चाहिए ताकि हम उनकी उत्पादन क्षमता पर नजर रख सकें. हालांकि, पंजीकरण में विफल रहने पर कोई दंड नहीं था. इसलिए परिषद ने निर्णय लिया था कि कुछ दंड होना चाहिए. इसीलिए वित्त विधेयक में आप मशीनों का पंजीकरण न कराने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाते हैं.

केंद्रीय वित्त मंत्री और राज्य समकक्षों की अध्यक्षता वाली परिषद ने पिछले साल फरवरी में पान मसाला और गुटखा व्यवसायों में कर चोरी को प्रतिबंधित करने पर राज्य के वित्त मंत्रियों के एक पैनल द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट को मंजूरी दी थी. सिफारिश में, मंत्रियों के समूह (जीओटी) ने कहा कि राजस्व के पहले चरण के संग्रह को आगे बढ़ाने के लिए पान मसाला और चबाने वाले तंबाकू पर मुआवजा उपकर या सेस लगाने की प्रक्रिया को यथामूल्य से एक विशिष्ट दर-आधारित लेवी में बदला जाना चाहिए. जैसे, सरकार ने वित्त विधेयक, 2023 में संशोधन पेश किया, जिसके तहत पान मसाला और तंबाकू के अन्य रूपों पर उनके खुदरा बिक्री मूल्य की उच्चतम दर पर जीएसटी मुआवजा उपकर लागू होगा.

**रहें सावधान**

- तंबाकू विनिर्माण उद्योग में रेवेन्यू लीकेज पर लगेगी रोक
- प्रत्येक मशीन पर 1 लाख तक का जुर्माना लगेगा
- केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में हुए कुछ बदलाव

### एनारॉक वित्त पोषण

## एनारॉक ने 360 वन एसेट मैनेजमेंट से 200 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने आवासीय तथा वाणिज्यिक संपत्तियों की मजबूत उपभोक्ता मांग के बीच अपने कारोबार के विस्तार तथा वृद्धि के लिए 360 वन एसेट मैनेजमेंट से 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं. एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, हमने 360 वन एसेट से 'इक्विटी फंडिंग' के रूप में 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं. इस राशि का इस्तेमाल हमारे व्यवसाय के विस्तार और वृद्धि के लिए किया जाएगा. हम अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन पर भी काफी खर्च करेंगे. उन्होंने कहा कि वन एसेट मैनेजमेंट (जिसे पहले आईआईएफएल एसेट मैनेजमेंट के नाम से जाना जाता था) एनारॉक का पहला इक्विटी निवेशक है. पुरी ने हालांकि 200 करोड़ रुपये की राशि जुटाने के लिए एनारॉक में कितनी इक्विटी हिस्सेदारी कम की गई इसकी कोई जानकारी नहीं दी. पुरी ने कहा कि इक्विटी निवेश से कंपनी को अपने प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, विस्तार में तेजी लाने और नए नवाचार पेश करने में मदद मिलेगी. एनारॉक का लक्ष्य भारतीय रियल एस्टेट सेवा क्षेत्र में अपनी बाजार हिस्सेदारी का विस्तार करना है.

# रिलायंस, एयरटेल में बिकवाली से सेंसेक्स 354 अंक टूटा

**भाषा। मुंबई**



घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक के नुकसान में रहा. एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति में बिकवाली से बाजार नीचे आया. कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,731.42 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,385.93 अंक तक गया और नीचे में 71,602.14 अंक तक आया. पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,771.70 अंक पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, मारुति, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज नुकसान में रहीं. दूसरी तरफ टाटा मोटर्स का शेयर छह प्रतिशत उछल गया. कंपनी के शुक्रवार को जारी तिमाही परिणाम के बाद उसका शेयर चढ़ा है. कंपनी का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में दोगुना उछलकर 7,100 करोड़ रुपये रहा. लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में सन फार्मा, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा. अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.92 डॉलर प्रति बैरल रहा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 70.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. सेंसेक्स शुक्रवार को 440.33 अंक और निफ्टी 156.35 अंक चढ़ा था.

### रिजर्व बैंक ने धारा 35ए के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ये कार्रवाई की है

# पेटीएम का शेयर बीते 5 दिनों में 42.35 प्रतिशत लुढ़क चुका है

**भाषा। नयी दिल्ली**




किसी कंपनी के खिलाफ जब किसी तरह की कार्रवाई होती है तो उसका सीधा असर उसके शेयर पर पड़ता है. इसता ताजा उदाहरण है पेटीएम का शेयर, जिस पर हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने कार्रवाई की है. इस वजह से वन97 कम्युनिकेशंस यानी पेटीएम के शेयर में हाहाकार मचा हुआ है. सोमवार को बाजार खुलते ही इसका असर देखने को मिला. पेटीएम के शेयर 10 फीसदी लुढ़कर कर लोअर सर्किट पर पहुंच गए.

पेटीएम के शेयर में लगातार लोअर सर्किट देखने को मिल रहे हैं. निवेशकों में शेयर बेचने की होड़ लगी हुई है. पेटीएम का शेयर आज लुढ़कर 438.50 रुपये के स्तर पर खुला. पेटीएम के शेयर में यह गिरावट भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट पर फास्टैग में जमा या टॉप अप स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगाने के बाद आई है.

रिजर्व बैंक ने बैंकिंग अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ये कार्रवाई की है. इसके तहत अब पेटीएम बैंक लिमिटेड से किसी भी ग्राहक के खाते, प्रीपेड इंस्ट्रयुमेंट, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी. पेटीएम का शेयर बीते 5 दिनों में 42.35 फीसदी लुढ़क चुका है. यह शेयर पांच दिन पहले 760.65 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था.

वहीं अब यह लुढ़कर 440 रुपये से नीचे पहुंच चुका है. पेटीएम के शेयर में गिरावट रुकने का नाम नहीं ले रही है. सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन कल बुधवार को पेटीएम के शेयर सुस्त रहे थे. ट्रेडिंग के अंत में शेयर की कीमत मामूली गिरावट के साथ 761 रुपये पर थी. ट्रेडिंग के दौरान शेयर 774 रुपये के हाई लेवल पर पहुंचा था. बता दें कि 20 अक्टूबर 2023 को शेयर ने 998.30 रुपये के 52 वीक के हाई को टच किया था.

**निवेशक हैरान**

- पेटीएम का शेयर 438 .50 रुपये के स्तर पर खुला
- पांच दिन पहले 760 .65 रुपये के स्तर पर था

# टेकईगल का 10 एम्स को ड्रोन से दवा आपूर्ति के लिए करार

**भाषा। नयी दिल्ली**



ड्रोन लॉजिस्टिक सेवाएं देने वाली कंपनी टेकईगल ने सोमवार को कहा कि उसने दवाओं की त्वरित आपूर्ति के लिए 10 एम्स अस्पतालों के साथ साझेदारी की है. कंपनी ने बयान में कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) के 10 अस्पतालों के साथ साझेदारी कर देशव्यापी प्रभाव स्थापित किया गया है. इसके तहत टेकईगल इन अस्पतालों को ड्रोन सेवाओं के जरिये दवाओं की त्वरित आपूर्ति करेगी.

हाल ही में टेकईगल ने एम्स राजकोट और एम्स मंगलागिरी के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पांच किलोग्राम तक की चिकित्सकीय सामग्री ड्रोन के जरिये पहुंचाने का सफल परीक्षण किया था. टेकईगल के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम सिंह मीणा ने कहा, हम एक ऐसा भविष्य देखते हैं जहां ड्रोन भारत की स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों को हल करने में अहम भूमिका निभाएंगे. देश के 10 एम्स एवं आईएनआई अस्पतालों को ड्रोन से दवाएं भेजना स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है.

# ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार



**शुभम संदेश डेस्क**

दुनिया के सबसे सम्मानित म्यूजिक अवाड्र्स कहे जाने वाले 66वें ग्रैमी अवॉर्ड 2024 का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो डॉट कॉम एरीना में 5 फरवरी को संपन्न हुआ. ग्रैमी अवॉर्ड 2024 में भारत की झोली में दो अवॉड्र्स आये. भारतीय फ्यूजन बैंड 'शक्ति' को उनके लेटेस्ट म्यूजिक एल्बम 'दिस मोमेंट के लिए 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम' का अवार्ड मिला. 'शक्ति' बैंड ने 45 साल बाद अपना पहला एल्बम रिलीज किया था. इस बैंड में शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉलिन, जाकिर हुसैन, वी सेल्वागणेश और गणेश राजगोपालन जैसे टैलेंटेड कलाकार हैं. इसके अलावा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने भी दो ग्रैमी अवार्ड जीता है.

**भारत ने पहली बार 1968 में जीता था ग्रैमी अवार्ड:** ग्रैमी अवाड्र्स 2022 में भी भारत ने दो अवार्ड अपने नाम किये थे. पी.ए. दीपक, रिक्की केज और स्टीवर्ट कोपलैंड के 'डिवाइन टाइड्स' को 'बेस्ट न्यू एज एल्बम' कैटेगरी में जीत मिली थी. वहीं इंडियन-अमेरिकन सिंगर फालू के एल्बम 'अ कलरफुल वर्ल्ड' को 'बेस्ट चिल्ड्रेन्स एल्बम' कैटेगरी में ग्रैमी अवार्ड मिला था. भारत ने पहली बार 1968 में ग्रैमी अवार्ड जीता था. यह अवार्ड भारत के मशहूर सितार वादक व संगीतकार स्वर्गीय पंडित रवि शंकर को मिला था. पंडित रविशंकर के साथ वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक के कंडक्टर जुबिन मेहता ने भी 5 बार ग्रैमी अवार्ड जीते हैं.



■ भारतीय फ्यूजन बैंड 'शक्ति' को 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एलबम' का अवार्ड

### खास बातें

- आयोजन लॉस एंजिल्स में संपन्न हुआ
- बांसुरी वादक राकेश को भी मिले दो अवार्ड

### पीएम मोदी ग्रैमी अवॉर्ड जीतने से चूके

ग्रैमी अवॉर्ड 2024 में बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का गाना एबंडेंस इन मिलेट्स भी नॉमिनेट हुआ था, जिसे पीएम मोदी ने फाल्गुनी शाह के साथ गाया था. नरेंद्र मोदी ने खुद इस गाने की लिरिक्स में अपना योगदान दिया था. लेकिन वो यह अवॉर्ड जीतने से चूक गये. एबंडेंस इन मिलेट्स गाने को अवॉर्ड नहीं मिला. हालांकि भारतीय मूल के कलाकार व मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस का अवार्ड मिला.

### इनको मिला ग्रैमी अवॉर्ड्स

बेस्ट पॉप सोलो परफॉर्मेंस : माइली साइरस (फ्लावर), बेस्ट एल्बम : एसजेडए (एसओएस), बेस्ट परफॉर्मेंस : कोको जोन्स (आईसीयू), रैप एल्बम : किलर माइक (माइकल), बेस्ट अफ्रीकी म्यूजिक परफॉर्मेंस : टायला (वाटर), पॉप डुओ / ग्रुप परफॉर्मेंस : एसजेडए, फोबे ब्रिजर्स (घोस्ट इन द मशीन), म्यूजिक वीडियो : द बीटल्स, जोनाथन क्लाइड, एम कूपर (आई एम ओनली स्लीपिंग), ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस : जाकिर हुसैन, बेला फेक, एडगर मेयर (पश्तो), अल्टरनेटिव म्यूजिक एल्बम : बॉयजीनियस (द रिकॉर्ड), ग्लोबल म्यूजिक एल्बम : शंकर महादेवन (शक्ति – द मोमेंट), प्रोड्यूसर ऑफ द ईयर, नॉन–क्लासिकल : जैक एंटोनॉफ, प्रोड्यूसर ऑफ द ईयर, क्लासिकल : ऐलेन मार्टोन, बेस्ट इंजीनियर्ड एल्बम, क्लासिकल : रिकार्डो मुटी और सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा, बेस्ट ब्लूग्रास एल्बम : मौली टर्टल और गोल्डन हाईवे (सिटी ऑफ गोल्ड), बेस्ट कंटेम्परेरी इन्स्ट्रमेंटल एल्बम : बेला फेक, जाकिर हुसैन, एडगर मेयर, राकेश चौरसिया (एज वी स्पीक), बेस्ट जैज परफॉर्मेंस एल्बम : बिली चिल्ड्स (द विंड ऑफ चेन्ज), बेस्ट जैज परफॉर्मेंस : समारा जॉय (टाइट), बेस्ट प्रगतिशील आर एंड बी एल्बम : एसजेडए (एसओएस), बेस्ट कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस : जैच ब्रायन, केसी मसग्रेव्स (आई रिमेंबर एवरीथिंग), बेस्ट रॉक परफॉर्मेंस : बॉयजीनियस (नॉट स्ट्रॉन्ग इनफ), बेस्ट मेटल परफॉर्मेंस : मेटेलिका (72 सीजन्स), बेस्ट रॉक सॉन्ग : बॉयजीनियस (नॉट स्ट्रॉन्ग इनफ), बेस्ट रॉक अल्बम : परमोर (दिस इज व्हाई), बेस्ट अल्टरनेटिव म्यूजिक परफॉर्मेंस : परमोर (दिस इज व्हाई), बेस्ट अल्टरनेटिव म्यूजिक एल्बम : बॉयजीनियस (द रिकॉर्ड), बेस्ट म्यूजिकल थिएटर एल्बम : सम लाइक इट हॉट, बेस्ट कॉमेडी एल्बम : डेव चैपल (व्हाट्स इन अ नेम).

## ब्रीफ खबरें

### कार के नाले में गिरने से छह लोगों की मौत

**कानपुर ।** कानपुर देहात में एक कार के अनियंत्रित होकर गहरे नाले में गिरने से दो सगे भाइयों सहित छह लोगों की मौत हो गयी. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजे जगन्नाथपुर गांव के पास हुई, जब एक कार में सवार आठ लोग मध्य प्रदेश के भिंड में एक तिलक समारोह में भाग लेने के बाद जिले के पैतृक गांव मुर्रा डेरापुर लौट रहे थे. कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति ने कहा, तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और गहरे नाले में गिर गई.

### श्रीलंका ने 23 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से मछलियां पकड़ने के आरोप में 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और दो नौकाएं जब्त कर लीं. श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जाफना के उत्तरी डेफ्ट द्वीप से शनिवार को मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी दो नौकाएं जब्त कर ली गयीं. इसमें बताया गया है कि पकड़े गए 23 मछुआरों और उनकी नौकाओं को कांकेसनथुरई बंदरगाह ले जाया गया और उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए मैलादी मत्स्य निरीक्षक को सौंपा जाएगा.

### 10 मार्च से भारतीय सैनिक वापस आएंगे

**माले ।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि द्वीप राष्ट्र से भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च से पहले वापस भेजा जाएगा जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म में तैनात बाकी के भारतीय सैनिकों को 10 मई तक हटा दिया जाएगा. चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने संसद में दिए पहले संबोधन में कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा इस उम्मीद से उनके प्रशासन का समर्थन करता है कि वे देश से विदेशी सेना की मौजूदगी खत्म कर देंगे और समुद्री क्षेत्र को फिर से अपने कब्जे में लेंगे.

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद विपक्षी दलों ने लगाया आरोप, कहा-

# मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का कर रही है दुरूपयोग

**भाषा । नयी दिल्ली**

बेरोजगारी तथा अमीरों एवं गरीबों के बीच बढ़ती खाई को लेकर केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार 'संघवाद' के सिद्धांतों को ताक पर रखकर उन राज्यों के साथ भेदभाव कर रही है, जहां उसकी पार्टी की सरकार नहीं है. उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्षी दलों के सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है.

चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्दु शेखर राय ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में 'विकसित' और 'अमृत' शब्दों का बार-बार उल्लेख किया गया है. उन्होंने कहा कि जो लोग 'हलाहल' पीकर जी रहे हैं, उन्हें यह अमृत शब्द बार-बार सुनकर लगता है कि कहीं वे परलोक में तो नहीं चले गये हैं. उन्होंने कहा कि सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ नौकरी दिए जाने का वादा किया था और उसके अनुसार अभी तक बीस करोड़ नौकरी दी जा चुकी होती. उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने अभिभाषण में इस बात को क्यों नहीं बताया कि अभी तक कितनी नौकरियां दी गयी? उन्होंने कहा, क्या यह (नौकरी देने का वादा) भी एक जुमला था?

राय ने कहा कि संसद से 146 सांसदों को निलंबित कर कानून पारित किए गए. उन्होंने इस घटना की जर्मनी में हिटलर के शासन से तुलना करते हुए कहा कि भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि सरकार के इस रिपोर्ट कार्ड (राष्ट्रपति अभिभाषण) में बड़े बड़े दावे किए गए हैं किंतु जमीन पर कुछ नहीं है. उन्होंने 15 जनवरी को जारी ऑक्सफेम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत में एक प्रतिशत संपन्न लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपदा है.

तृणमूल सदस्य ने कहा कि भारत में महिलाओं की मेहनत पर जो आय होती है वह पुरुषों की आय की तुलना में एक रुपये पर 63 पैसे है. उन्होंने कहा कि भारत में अरबपतियों की संख्या में बढ़ी है.



### परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विधेयक लोकसभा में पेश

**नयी दिल्ली ।** केन्द्रीय कार्मिक मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 लोकसभा में प्रस्तुत किया. लोक परीक्षा विधेयक का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है. इसमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केन्द्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है. गलत तरीके से परीक्षा पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं. विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा. केंद्र सरकार के पास जांच को किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की शक्तियां होंगी. विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है. परीक्षा से जुड़ी सेवायें देने वालों पर करोड़ रुपये तक का जुर्माना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने और चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है. संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है.

### पीएम गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे

**पणजी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 का उद्घाटन करेंगे और 1,350 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखने के अलावा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के स्थायी परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. मोदी विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे. पीएमओ द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा के बेतुल गांव में ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे उद्घाटन करेंगे और भारत ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत करेंगे.

### 5 लोस सीट पर चुनाव लड़ेगी एआईएमआईएम

**ठाणे ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) आगामी लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीट में से पांच पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है. पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी. रविवार को यहां भिवंडी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गफ्फार कादरी ने कहा कि पार्टी राज्य की उत्तरी मुंबई, धुले, नांदेड़, भिवंडी और छत्रपति संभाजीनगर सीट पर अपने उम्मीदवारों को उतारने की योजना बना रही है. उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी नीत पार्टी प्रभावी चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए फिलहाल इन सीट पर सर्वेक्षण कर रही है.

# भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मुंबई से मौलाना अजहरी गिरफ्तार

**भाषा । मुंबई**

जूनागढ़ में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गुजरात एटीएस ने इस्लामिक उपदेशक मौलाना सलमान अजहरी को मुंबई से गिरफ्तार किया. इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया. जहां कोर्ट ने अजहरी को दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया. रिमांड मिलने के बाद गुजरात एटीएस सलमान अजहरी को मुंबई से अपने साथ जूनागढ़ ले गयी. इधर, गिरफ्तारी के विरोध में अजहरी समर्थकों ने जमकर बवाल मचाया. अजहरी की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर समर्थकों ने घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर जमा हो गये. हालांकि अजहरी ने थाने के बाहर जमा अपने समर्थकों से शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की.

### भड़काऊ भाषण देने का है आरोप

दरअसल, जूनागढ़ के सेक्शन बी इलाके में पिछले बुधवार (31 जनवरी) को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. जिसमें अजहरी धर्म और नशामुक्ति को लेकर जागरुक करने वाले थे. लेकिन उन्होंने अपने संबोधन में भड़काऊ शब्दों का उपयोग किया. उनके भाषण का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. जिसके बाद पुलिस ने कार्यक्रम के आयोजकों मोहम्मद यूसुफ मालेक और अजीम हबीब ओडेदरा को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही मौलाना की गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू किया. इसके बाद गुजरात एटीएस की टीम मुंबई पहुंची और मौलाना की हिरासत में लिया.

# हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**भाषा । शिमला**

हिमाचल प्रदेश में फरवरी के महीने में पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिन से जबरदस्त बर्फबारी हो रही है. इस भारी बर्फबारी से राज्य के चार हाईवे के साथ ही 645 सड़कें अवरुद्ध हो गई और 1416 ट्रांसफॉर्मर ठप होने से कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बंद है. बर्फबारी से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं. अब अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार हैं. विंटर सीजन में शुक्रवार से लेकर रविवार रात तक राज्य के लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, शिमला और चंबा जिलों सहित पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है. बर्फबारी की वजह से चार नेशनल हाइवे पर भी आवाजाही प्रभावित है. इसके अलावा प्रदेशभर में 645 सड़कें और 1416 बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप हैं.

# पाकिस्तान में पुलिस थाने पर हमला, 10 पुलिसकर्मी की मौत

- भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने किया था हमला, छह घायल

**भाषा । पेशावर (पाकिस्तान)**

पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में एक पुलिस थाने पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के हमले में कम से कम 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. डेरा इस्माइल खान के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान तहसील के चोडवान पुलिस थाने में हुआ. अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. जिला पुलिस अधिकारी नासिर महमूद ने कहा, भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में हमने अपने 10 जवानों को खो दिया, जबकि छह अन्य घायल हो गए. आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर चारों तरफ से ग्रेनेड और भारी गोलीबारी से हमला किया जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकवादी वहां से भाग गए.

### कश्मीर में शीतलहर जारी शून्य से नीचे रहा तापमान

**श्रीनगर ।** कश्मीर में सोमवार को अधिकतर स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु से नीचे चले जाने के साथ ही घाटी में शीतलहर का प्रभाव बढ़ गया है. मौसम कार्यालय के अनुसार, जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दक्षिण कश्मीर का पहलगाम रविवार रात घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा. यहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 11.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में तापमान पिछली रात शून्य से नीचे सात डिग्री से तीन अंक नीचे लुढ़क कर 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया.

# बजट नये उत्तर प्रदेश में 'रामराज्य' की नींव रखेगा : योगी आदित्यनाथ




**भाषा । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य विधानसभा में पेश किया जाने वाला राज्य का बजट नये उत्तर प्रदेश में 'रामराज्य' की नींव रखेगा. मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के बजट 2024-25 के सदन में प्रस्तुत होने के पूर्व प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से भेंट हुई. सोमवार को सदन में उनके द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला पेपरलेस बजट नये उत्तर प्रदेश में रामराज्य की नींव रखेगा. जय श्री राम!




## कॅरियर-कांउसिलिंग



# पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद । रांची**

लोक प्रशासन को समझने के लिए पहले प्रशासन को समझना जरूरी हैं, क्योंकि प्रशासन के साथ 'लोक' शब्द जुड़कर यह उसे लोक प्रशासन या सार्वजनिक प्रशासन बना देता हैं. यह दो शब्दों 'लोक' व 'प्रशासन' से मिलकर बना होता है जिसमें लोक का अर्थ जनता और प्रशासन का अर्थ शासन करने से है. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एक अनुशासन है, जिसका अर्थ जनसेवा होता है, इसका प्रमुख उद्देश्य सेवा है. किसी भी देश में लोक प्रशासन के उद्देश्य वहां के प्रक्रियाओं, राजनीतिक प्रणालियों तथा राष्ट्रीय संविधान में एक्सप्रेस नियम के प्रिंसिपलों पर आधारित होते हैं. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का संबंध सामान्य तौर पर जनरल और सार्वजनिक नीतियों से होता है. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के अर्थ को समझाने के लिए अलग-अलग स्कॉलर्स ने अपनी अपनी परिभाषाएं दी है जिनमें काफी विविधताएं हैं.

### पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स

- यह कोर्स विभिन्न करियर के विकास के अवसर प्रदान करता है और ज्ञान के विकास को बढ़ावा देता है.
- यह कोर्स उन छात्रों के लिए आवश्यक है जिनके पास अच्छा संचार कौशल (कम्युनिकेशन स्किल्स) हैं, जिनके पास उत्कृष्ट कंप्यूटर कौशल है, जो न्यूनतम विवरणों को देखने में अच्छे हैं और लोक प्रशासन के नियमों और विनियमों से अवगत हैं.
- पाठ्यक्रम सैद्धांतिक और साथ ही विषय के व्यावहारिक पहलू दोनों पर केंद्रित है. इसके सिलेबस में विभिन्न असाइनमेंट, प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप शामिल हैं जो छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं.
- कोर्स पूरा करने के बाद कैंडिडेट्स तुरंत आईएनआर 3–5 लाख तक का एक सुंदर वेतन पैकेज प्राप्त कर सकते हैं.
- कोर्स छात्रों के सामने करियर के विभिन्न अवसरों को खोलता है. छात्र सार्वजनिक क्षेत्र में काम करना चुन सकते हैं. इसके अलावा, छात्रों के लिए एक और विकल्प उच्च शिक्षा हासिल करना है.

### प्रशासन और लोक प्रशासन में अंतर

- लोक प्रशासन में राजनीतिक दिशा होती है. लोक प्रशासन में प्रशासकों को उन आदेशों को पूरा करना होता है जो उन्हें अपने स्वयं के विकल्प के साथ मिलते हैं.
- लोक प्रशासन का उद्देश्य सेवा है जबकि प्रशासन का उद्देश्य लाभ करना होता है. प्रशासन कभी भी एक काम नहीं करता जो लाभ नहीं देता .
- प्रशासन में धन की आय खर्च से अधिक है, क्योंकि आम जनता से इस तरह के धन को निकालने का प्रयास किया जाता है. लोक प्रशासन अधिक विस्तृत (ब्रॉड) है. यह लोगों की विभिन्न प्रकार की जरूरतों से संबंधित है.
- लोक प्रशासन की जिम्मेदारी जनता की है इसे सार्वजनिक, प्रेस और राजनीतिक दल की आलोचना का सामना करना पड़ता है, जबकि प्रशासन के पास सार्वजनिक के प्रति कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं होती.
- लोक प्रशासन में सरकार की ही एकाधिकार (मोनोपॉली) होती है और निजी पार्टियों को इसके साथ मुकाबला करने की अनुमति नहीं देता है. लेकिन प्रशासन में कोई मोनोपॉली नहीं होता. प्रशासन में कई व्यक्ति या संगठन एक ही चीज़ की आपूर्ति (सप्लाई) करने या कमोबेश वैसी ही जरूरतों को पूरा करने के लिए एक–दूसरे के साथ मुकाबला करते हैं.




### लोकप्रशासन की प्रकृति और कार्य क्षेत्र

- लोक प्रशासन को विज्ञान मानने वाले विचारक.
- लोक प्रशासन को विज्ञान न मानने वाले विचारक.
- लोक प्रशासन को कला मानने वाले विचारक.
- लोक प्रशासन को कला व विज्ञान दोनों की श्रेणी में रखने वाले विचारक.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)